

# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्षः 14 | अंकः 341
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

मंगलवार | 26 सितंबर, 2023

## 75 से ज्यादा ड्रोन स्टार्टअप हुए शामिल

- 26 सितंबर तक चलने वाले ड्रोन शो की मेजबानी भारतीय वायुसेना और ड्रोन फेडरेशन ऑफ इंडिया संयुक्त रूप से कर रहे हैं। इसमें ड्रोन के 50 से अधिक लाइव हवाई प्रदर्शन हो रहे हैं। देशभर के 75 से ज्यादा ड्रोन स्टार्टअप और कॉरपोरेट्स इसमें शामिल हुए हैं। भारत ड्रोन शक्ति-2022 का आयोजन नई दिल्ली में हुआ था। इस बार ये आयोजन दिल्ली से सटे गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर हो रहा है।



निर्माण कार्यों में जुटीं सभी एजेंसियों को 14 सूत्रीय गाइडलाइंस पालन करने के निर्देश दिए गए। राजनाथ सिंह ने स्वस्तिक चिन्ह बनाकर सी-295 की चाभी भारतीय वायसेना को सौंपी।

# भारत को मिली 'ड्रोन शक्ति'

भारतीय वायुसेना में शामिल हुआ **सी-295** विमान, रक्षा मंत्री ने स्वास्तिक बनाकर सौंपी चाभी

## रक्षामंत्री ने स्वास्तिक बनाकर सी-295 आईएएफ को सौंपाः हिंडन पर ड्रोन ने बम गिराकर दिखाई शक्ति, आतंकियों के ठिकाने किए नेस्तनाबूद

### 50 से ज्यादा ड्रोन ने किया प्रदर्शन

- भारत ड्रोन शक्ति शो की शुरुआत में एयरबेस पर सिबॉलिक तौर पर 2 संदिग्ध आतंकी दिखाई दिए। पहले एक ड्रोन ने उसकी तस्वीर कैप्चर की। जबकि तुरंत वहां पहुंचे दूसरे ड्रोन ने ऑटोमैटिक वैपन से फायरिंग करते हुए उन्हें खदेड़ दिया। इसके अलावा, शो में 50 तरह के ड्रोन का प्रदर्शन हुआ। इसमें रक्षा, कृषि, अग्निशमन, हेल्थ, सर्वेक्षण सेक्टर से जुड़े ड्रोन भी दिखाए गए।

### ड्रोन ने क्या-क्या दिखाया

- एक पॉइंट पर आग लग गई तो उसे बुझाने के लिए ड्रोन भेजा गया। इसमें ड्रोन ने आग के ऊपर एक शेल गिराया और उससे आग बुझ गई।
- एक ड्रोन 100 किलो तक का सामान उठाकर ले जाता हुआ दिखाया गया। ताकि सेना की मदद हो सके।

जन एक्सप्रेस | गाजियाबाद

गाजियाबाद के हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पर भारत ड्रोन शक्ति 2023 का सोमवार को और आज 26 सितंबर को दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय वायुसेना और ड्रोन फेडरेशन ऑफ इंडिया की तरफ से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी हिंडन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हैं। उनके साथ केंद्रीय राज्य मंत्री सांसद वीके सिंह भी हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सी-295 मेगावाट परिवहन विमान को भारतीय वायु सेना में शामिल किया। वहीं, भारत ड्रोन शक्ति कार्यक्रम को देखने के लविए मेक्सिको और अन्य देशों के सैन्य अधिकारी हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे हैं।



1 **लंबी उड़ान और छोटा रनवे है खासियत?**
480 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से विमान 11 घंटे तक उड़ सकता है। साथ ही खास बात यह है कि रनवे के लिए करीब 450 मीटर एयरस्ट्रिप से ही काम हो जाएगा।

2 **सैन्यकर्मियों और कार्गो की होगी आवाजाही?**
सी-295 एक सामरिक परिवहन विमान है, जिसकी तैयारी सैन्यकर्मियों और कार्गो की आवाजाही के लिए की गई है। यह विमान हर तरह की एयरस्ट्रिप पर उतरने की काबिलियत रखता है।

3 **दस बार सोचेंगे चीन और पाकिस्तान?**
अत्याधुनिक सी-295 विमान के आ जाने से भारतीय वायुसेना की ताकत दोगुनी हो गई है। इससे देश की रक्षा प्रणाली बेहतर बनेगी। चीन और पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देश भी आंख उठाने से पहले सोचेंगे।




### स्पेन मेड है सी-295, इसे आगरा एयरबेस पर तैनात किया जाएगा

- देश का पहला सी-295 टेक्निकल मिलिट्री एयरलिफ्ट प्लेन भी आधिकारिक रूप से भारतीय वायुसेना के बेड़े में शामिल हुआ। ये विमान इसी महीने स्पेन से भारत लाया गया है। सितंबर 2021 में भारत ने एयरबस डिफेंस एंड स्पेस के साथ सी-295 एयरक्राफ्ट के लिए 21 हजार करोड़ रुपए की डील की थी। 16 प्लेन रेडी-टू-फ्लाई कंडीशन में स्पेन से आ रहे हैं। बाकी के 40 प्लेन गुजरात के वडोदरा में टाटा एडवांस कंपनी बनाएगी। सूत्रों ने बताया, सी-295 विमान आगरा एयरबेस पर तैनात होगा। वहीं पर इसका ट्रेनिंग सेंटर भी बनाया जा रहा है। सी-295 एयरक्राफ्ट के लिए आगरा एयरबेस को इसलिए चुना गया है, क्योंकि इसे खासतौर पर पैराट्रूपर्स के लिए बनाया गया है और आगरा में ही वायुसेना का पैराट्रूपर्स ट्रेनिंग स्कूल है।

### आम जनता करेगी एयरफोर्स स्टेशन में प्रवेश

- जो इस शो को देखने आ रहे हैं, उनके लिए खाने-पीने का इंतजाम भी किया गया। इसके लिए उन्हें फूड काउंटर पर शुल्क अदा करना होगा। सुबह साढ़े 10 बजे मुख्य अतिथि के उद्घाटन के बाद आम जनता के लिए यह एक बजे के बाद शुरू हुआ। लंबे समय बाद आम जनता टिकट लेकर हिंडन एयरफोर्स स्टेशन में प्रवेश करेगी। टिकट के लिए पहले ही लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवा लिया है, जिनके पास रजिस्ट्रेशन है, उन्हें ही एंट्री दी जाएगी।

### मगर सी-295 की खूबियां अलग

यूं तो भारतीय सेना के पास मालवाहक विमान के रूप में सबसे बेहतर सी-17 ग्लोबमास्टर एयरक्राफ्ट है। ये विश्व के बड़े मालवाहक विमानों में से एक है। एक बार में ये विमान 200 से ज्यादा लोगों को लेकर उड़ने की क्षमता रखता है। ये कारगिल, लद्दाख और पूर्वी व उत्तरी सीमाओं जैसी कठिन जगहों पर भी आसानी से उतर सकता है। लेकिन सी-295 की खासियत ये है कि इमरजेंसी में शॉर्ट टेकऑफ और लैंडिंग की जा सकती है। सिर्फ 320 मीटर ट्रैक पर ये टेक ऑफ कर सकता है, जबकि लैंडिंग के लिए इसे सिर्फ 670 मीटर रनवे चाहिए। ऐसे में खासकर पहाड़ी क्षेत्रों, जहां रनवे छोटे हैं, वहां ये एयरक्राफ्ट मददगार साबित होगा।

### सी-295 एयरक्राफ्ट की खासियतें

- एयरक्राफ्ट अपने साथ 7,050 किलोग्राम का पेलोड उठा सकता है। एक बार में अपने साथ 71 सैनिक, 44 पैराट्रूपर्स, 24 स्ट्रेचर या 5 कार्गो पैलेट को ले जा सकता है।
- लगातार 11 घंटे तक उड़ान भर सकता है। 2 लोगों के क्रू केबिन में टचस्क्रीन कंट्रोल के साथ स्मार्ट कंट्रोल सिस्टम भी है।
- सी-295एमडब्लू ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट में पीछे रैम्प डोर है, जो सैनिकों या सामान की तेजी से लोडिंग और ड्रॉपिंग के लिए बना है।
- एयरक्राफ्ट में 2 प्रैट एंड व्हिटनी पीडब्लू127 टर्बोप्रूप इंजन लगे हुए हैं। इन सभी प्लेन को स्वदेश निर्मित इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूइट से लैस किया जाएगा।
- ये एयरक्राफ्ट शॉर्ट टेकऑफ और लैंडिंग कर सकते हैं। कंपनी के मुताबिक ये एयरक्राफ्ट 320 मीटर की दूरी में ही टेक-ऑफ कर सकता है। वहीं, लैंडिंग के लिए 670 मीटर की लंबाई काफी है।

## मुख्यमंत्री योगी ने विभागों से रिक्त पदों का विवरण मांगा, बोले
# खाली पद तत्काल भरें, देर न करें

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी विभागों में रिक्त पदों पर यथाशीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव गणों के साथ बैठक कर समीक्षा की और दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासकीय विभागों में मानव संसाधन का अभाव विभागीय कार्यक्षमता और जनहित पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।नियुक्तियों में विलंब से केवल बैकलॉग बढ़ता है, बल्कि युवाओं की अपनी योग्यता के अनुरूप अवसर भी नहीं मिलता। इसलिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक विभाग अपने यहां नियुक्ति की प्रक्रिया को समय से आगे बढाएं। रिक्तियों के संबंध में जिलों से प्राप्त हो रही जानकारी की समीक्षा भी करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभागों में ग्राम व नगर और जिला से लेकर शासन स्तर तक प्रत्येक संवर्ग की गहनता से समीक्षा कर आवश्यक



रिक्तियों की स्थिति स्पष्ट की जाए। नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के माध्यम से सभी विभागों में रिक्तियों और प्रचलित नियुक्ति प्रक्रिया और आवश्यक मानव संसाधन की विस्तृत रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। नियुक्ति प्रक्रिया में सरलता के लिए ई-अधियाचन की व्यवस्था लागू की गई है, उसका उपयोग करें। नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजने से पूर्व आरक्षण नियमावली का सूक्ष्मता से परीक्षण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि बदलते दौर के साथ नगर विकास जैसे विभागों में अनेक नवीन पदों के सृजन की आवश्यकता है तदनुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। राजस्व विभाग में समायोजित किये गए चकबंदी लेखपालों का विधिवत प्रशिक्षण कराएं। पुलिस विभाग में विभिन्न पदों पर जारी चयन की प्रक्रिया आगामी दिसंबर तक पूरी कर लें।

### पदोन्नति के लिए परफॉर्मेंस को आधार बनाएंः सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि समयबद्ध पदोन्नति शासकीय सेवा का हिस्सा है। हर कर्मचारी को नियत समय पर इसका लाभ मिलना ही चाहिए। पदोन्नति के लिए परफॉर्मेंस को आधार बनाएं। इस वर्ष मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और विभागाध्यक्ष अथवा लोक सेवा आयोग स्तर पर की जाने वाली पदोन्नति की कार्यवाही प्रत्येक दशा में 30 सितंबर तक पूरी कर ली जाए।

## ज्ञानवापी में एएसआई सर्वेः छह अक्तूबर तक रिपोर्ट अदालत में होगी पेश

जन एक्सप्रेस | वाराणसी

वाराणसी के बहुचर्चित ज्ञानवापी परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) का सर्वे जारी है। सोमवार को सर्वे का 52वां दिन है। टीम सुबह नौ बजे ज्ञानवापी परिसर में दाखिल हुई। शाम पांच बजे तक सर्वे चलेगा। पुलिस और प्रशासनिक अफसरों के अनुसार दोनों पक्षों और उनके अधिवक्ताओं की मौजूदगी में सर्वे का काम शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है। वजू-स्थल को छोड़कर संपूर्ण परिसर का सर्वे के लिए कोर्ट से निर्धारित अब महज 10 दिन बचे हैं। छह अक्तूबर तक सर्वे रिपोर्ट अदालत में दाखिल करनी है। सर्वे में वाराणसी, पटना, कानपुर, दिल्ली और हैदराबाद की टीमें शामिल हैं। जिला जज की अदालत ने सभी पक्ष और अधिकारियों को इस मामले में बयानबाजी और टिप्पणी नहीं करने का आदेश दिया है। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने बीते आदेश दिया है कि ज्ञानवापी में सर्वे के दौरान हिंदू धर्म और पूजा पद्धति से संबंधित जो भी सामग्रियां मिलें, उन्हें भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा जिलाधिकारी या उनके द्वारा नामित अधिकारी को सुपुर्द किया जाए।

## निषाद पार्टी का आधिकारिक फेसबुक अकाउंट हैक, थाने में मुकदमा दर्ज कराया

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

निषाद पार्टी का आधिकारिक फेसबुक अकाउंट सोमवार को हैकरों ने हैक कर लिया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने गौतमपल्ली थाने में शिकायत की। मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। हैकरों ने अकाउंट हैक करने के बाद उसका नाम भी बदल दिया। साइबर क्राइम टीम मामले की जांच कर रही है।



# हाईकोर्ट : बाहुबली मुख्तार अंसारी को मिली जमानत
## जुर्माने पर भी रोक, पर सजा बरकरार

- यह फैसला न्यायमूर्ति राजवीर सिंह की अदालत ने सोमवार को सुनाया है

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बांदा जेल में बंद पूर्वांचल के बाहुबली मुख्तार अंसारी को गैंगस्टर मामले में बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने गैंगस्टर मामले में मुख्तार अंसारी की जमानत अर्जी मंजूर करने के साथ ही लगाए गए पांच लाख जुर्माने पर भी रोक लगा दी है। हालांकि, कोर्ट ने सजा पर रोक नहीं लगाई है। सजा पर सुनवाई जारी रहेगी। हाईकोर्ट ने बहस पूरी होने के बाद 20 सितंबर को इस मामले में फैसला सुरक्षित कर लिया था। यह फैसला न्यायमूर्ति राजवीर सिंह की अदालत ने सोमवार को सुनाया है। मुख्तार अंसारी ने गाजीपुर एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा सुनाई गई 10 साल की सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी। गाजीपुर की एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने 29 अप्रैल को गैंगस्टर मामले में मुख़्तार को सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट में मुख्तार अंसारी के वकील उपेंद्र उपाध्याय ने डिटेंशन सर्टिफिकेट दाखिल करते हुए बताया था कि मुख्तार अंसारी 12 साल चार महीने से जेल में बंद हैं। हालांकि सजा पर कोई रोक नहीं लगाई गई है, जिसके कारण मुख्तार अंसारी को जमानत मिलने के बावजूद जेल में ही रहना होगा, क्योंकि कई अन्य मामलों में अभी जमानत नही मिली है। गौरतलब है कि इसी मामले में मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी को पहले ही जमानत मिल चुकी है। गाज़ीपुर एमपी एमएलए अदालत ने अफजाल अंसारी को 4 साल की सजा सुनाई थी, जिससे उनकी संसद सदस्यता समाप्त हो गई थी।

### जमानत मिलने के बावजूद जेल से नहीं निकल पाएंगे बाहर

वकील की दलील थी कि मुख्तार ने सजा से ज्यादा समय का कारावास ट्रायल के दौरान भुगत चुके हैं। इस मामले में कोर्ट ने बांदा जेल अधीक्षक से भी रिपोर्ट मांगी थी। बांदा जेल अधीक्षक की ओर से कोर्ट में रिपोर्ट दाखिल की गई थी। सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने जमानत अर्जी का विरोध किया, लेकिन कोर्ट ने मुख़्तार की जमानत मंजूर करते हुए जुर्माने पर भी रोक लगा दी।

## जनेश्वर मिश्र पार्क में गार्डों ने प्रेमी-प्रेमिका को डंडे से पीटा, दर्ज हुआ केस

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

जनेश्वर मिश्र पार्क महिला मित्र के साथ सैर करने आए युवक व युवती के साथ वहां के सुरक्षा गार्ड पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पीड़ित युवक ने रविवार को गोमतीनगर विस्तार थाने में केस भी दर्ज कराया है। अलकनंदा अपार्टमेंट निवासी अनंत कुमार सिंह अपने परिवार संग रहते हैं। उनके मुताबिक शनिवार शाम वह महिला मित्र के साथ जनेश्वर मिश्र पार्क घूमने गए थे। पार्क में बैठ कर दोनों लोग बात कर रहे थे। शाम करीब 6.30 बजे दो सिक्योरिटी गार्ड वहां पहुंचे और बिना किसी बात के अनंत कुमार की महिला मित्र के पैर पर डंडा मार दिया। इस बात पर अनंत कुमार ने विरोध किया तो गार्डों ने मिलकर अनंत कुमार की पिटाई कर दी। इतना ही नहीं आरोपी गार्डों ने उन लोगों को धमकी भी दी। अनंत कुमार और उनकी महिला मित्र किसी तरह अपनी जान बचाकर पार्क से बाहर निकले। अनंत कुमार का आरोप है कि डंडा लगने से उनके पैर की हड्डी में दर्द होने लगा। घटना की सूचना अनंत कुमार ने पुलिस को दी। इस मामले में रविवार को पीड़ित अनंत कुमार ने पार्क के दो अज्ञात गार्डों के खिलाफ गोमतीनगर विस्तार थाने में केस दर्ज कराया है।

# प्रदेश में आवाजाही होगी सुगम, सड़क और पुल निर्माण सरकार की प्राथमिकता पर

- तीन रेलवे ओवरब्रिज और सात दीर्घ सेतु समेत कुल दस चालू निर्माण कार्यों के लिए करीब 124 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई
- सरकार द्वारा पहले ही लक्ष्यों का निर्धारण किया जा चुका है अब विस्तृत कार्ययोजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है

जन एक्सप्रेस | डॉ. वैभव शर्मा

**लखनऊ।** प्रदेश में आवाजाही में लोगों की सुविधा के लिए गांव से लेकर महानगरों तक बेहतर सड़क, पुल, ओवर ब्रिज और संपर्क मार्ग बनाने के लिए योगी सरकार एक्शन मोड में आई है। इसके लिए सरकार ने करोड़ों की धनराशि स्वीकृत की है। लोक निर्माण विभाग द्वारा आरआईडीएफ योजना के तहत तीन रेलवे ओवरब्रिज और सात दीर्घ सेतु समेत कुल दस चालू निर्माण कार्यों के लिए करीब 124 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है। सरकार द्वारा पहले ही लक्ष्यों का निर्धारण किया जा चुका है अब विस्तृत कार्ययोजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। लोक निर्माण विभाग ने प्रदेश भर में विभिन्न योजनाओं को गति देने के लिए वित्तीय आवंटन को स्वीकृति दे दी है। इसी कड़ी में लोक निर्माण विभाग द्वारा तीन स्थानों पर आरआईडीएफ योजना के तहत 3 रेलवे ओवरब्रिज और 7 दीर्घ सेतु समेत कुल 10 चालू निर्माण कार्यों के लिए 124.57 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त की गई है।



### निर्माण कार्यों में लाई जाएगी तेजी

वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतर्गत 2 निर्माणाधीन बाईपास-रिंग रोड और फ्लाईओवर निर्माण की परियोजनाओं के लिए 44.86 करोड़ रुपये के धनावंटन को स्वीकृत करते हुए इसकी कार्रवाई को आगे बढ़ा दिया है। इसके अतिरिक्त, प्रदेश के अलग-अलग जिलों में ग्रामीण संपर्क मार्गों के नवनिर्माण के मद में कुल 22 सड़कों के लिए 7.36 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त करते हुए परियोजनाओं के अंतर्गत जारी निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाएगी।

# नसेड़ी पुत्र ने की मां की हत्या, पिता घायल और प्रेमी की हत्या से शहर में फैली दहशत

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

सदर कोतवाली क्षेत्र मे बीती रात दो हत्याओं से जिले में सनसनी फैल गयी। जहॉ नशे के लती बेटे ने मॉ पर बांके से वार करके मौत के घाट उतार दिया वहीं बीच-बचाव कर रहे पिता को गम्भीर रूप से घायल कर दिया। जब कि राधा नगर थाना क्षेत्र मे बेटी के प्रेमी को पिता व भाई ने कुल्हाडी से काटकर शव को गॉव के बाहर फेक दिया। सूचना पर मौके पर पहॅुची पुलिस ने जहॉ शवो को कब्जे मे लेकर पोस्ट मार्टम हेतु भेज दिया। वही सभी आरोपियो को भी गिरफ्तार करने मे कामयाब रही।

जानकारी के अनुसार नशा छुड़ाने की कोशिश पर खूंखार हुआ इकलौता बेटा, मां को बांके से काटाकर पिता पर भी ताबड़तोड़ वार किया। जिससे पिता गम्भीर रुप से घायल हो गया। बताया जाता है कि सदर कोतवाली क्षेत्र के तुराब अली के पुरवा का जहां बीती देर रात नसेड़ी बेटे ने अपनी सोती हुई मां को बांके से काट डाला और बीच बचाव में आए पिता पर भी हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार तुराब अली के पुरवा में ननकू पासवान अपनी जमुना देवी और बेटा महेश के साथ रहते थे। महेश मानसिक रूप से विक्षिप्त है और नशे का आदी है। अक्सर अपने माता-पिता से विवाद करता था।




पडोसियो ने बताया कि पिता ननकू पासवान महेश को सोमवार को आगरा नशा मुक्ति केंद्र ले जाने वाले थे। जिसको लेकर आपस में कहासुनी हुई थी। रात को खाना खाने के बाद जब दोनों सो गए तो महेश ने बांके से अपनी मां को काट डाला जिसकी आवाज से पिता उठा बीच-बचाव करने पहुंच गया। तभी महेश ने ननकू के ऊपर भी हमला बोल दिया। पिता के शोर मचाने से आस-पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और ननकू को लेकर जिला अस्पताल भागे करीब दो घंटे बाद पड़ोसियों ने पुलिस को हत्या की सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और घर से जंगल की ओर भागे महेश को गिरफ्तार कर लिया। वही प्रेम प्रसंग के चलते युवक को कुल्हाड़ी से काट डाला। बताया जाता है कि बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के जहानपुर निवासी नीतेंद्र पासवान 25 राधानगर थाना क्षेत्र के रमवां गांव में अपने मामा भईयालाल के यहां रहता था और पास के विमला देवी इंटर कॉलेज में केयर टेकर का काम करता था। नीतेंद्र का गांव की रिश्तेदार की लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था। रविवार को युवक अपनी प्रेमिका को मोबाइल देने गया था। तभी घर वालों ने ऐसा करते हुए उन दोनों को देख लिया। शाम को जब नीतेंद्र विद्यालय से वापस घर आ रहा था। तभी लड़की के पिता और भाई ने कुल्हाड़ी से उसकी हत्या कर गांव किनारे शव फेंक दिया था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और दिनों आरोपियों सहित युवती को भी पकड़ लिया है। एक साथ दो हत्याओ के होने से क्षेत्र दहशत का माहौल है।

# 1 अक्टूबर को दिल्ली में अन्तर्जनपदीय शिक्षक करेंगे रैली

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

अंतर्जनपदीय शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक संगठन के विस्तार एवं पदाधिकारी के मनोनयन के साथ सरस्वती इंटर कॉलेज अतर्रा में हुई। जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी के विस्तार के बाद अटेवा द्वारा चलाए जा रहे एनएमओपीएस आंदोलन के अंतर्गत 1 अक्टूबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली विशाल रैली का समर्थन किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पांडेय ने अध्यक्षता करते हुए सभी शिक्षक साथियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि इस महारैली में अपनी शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करते हुए अपने बुढ़ापे के सहारे पुरानी पेंशन के लिए दिल्ली अवश्य पहुंचे। जिससे सरकार पर दबाव बनाया जा सके। प्रदेश महामंत्री संजीव कुमार यादव इटावा, अखिलेश मिश्रा झांसी को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया और बांदा जिलाध्यक्ष पद पर मनोज कुमार दीक्षित को मनोनीत किया गया। साथ ही प्रदेश पदाधिकारियों को विभिन्न मंडलों का प्रभारी बनाया गया। जिससे संगठन को नए सिरे से विस्तार किया जा सके। प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष पांडेय ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सभी कर्मचारियों को एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना होगा। प्रदेश उपाध्यक्ष राधेश्याम तूफानी ने कहा कि जब तक हमारी मांग सरकार नहीं मान लेती तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। प्रदेश महामंत्री संजीव यादव ने कहा कि हमारा संगठन हमेशा से शिक्षक हितों में संघर्ष कर रहा है। पूरे प्रदेश वरिष्ठता बहाली को लेकर कई वर्षों से संघर्ष कर रहा है। जब तक हमारी मांग पूरी नहीं हो जाती तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। पुरानी पेंशन के लिए सभी शिक्षक कर्मचारी 1 अक्टूबर को दिल्ली पहुंचकर रैली को सफल बनाएं।

इस मौके पर सुनील द्विवेदी, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, हीरा त्रिपाठी, किशोर बाजपेई, मतगंजन प्रसाद पांडेय, मनोज पांडेय, नवनीत निगम, मनोज सोनी, जिलाध्यक्ष चित्रकूट प्रभाकर शुक्ला, देवेंद्र श्रीवास्तव, चुन्नीलाल, सुंदरलाल, बृजमोहन, मोतीलाल सिंह, बुद्ध विलास पांडेय, महेंद्र सिंह पटेल, जिला संयोजक पेंशन मंच ज्योति नारायण सिंह, शैलेंद्र सिंह, आशीष, संदीप, अखिलेश कुमार, रविकांत गर्ग आदि मौजूद रहे।

# एम्स की मांग को लेकर प्रयागराज से निकली पद यात्रा का हुआ स्वागत

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर




प्रयागराज जनपद में एम्स बनवाये जाने की मांग को लेकर निकाली जा रही पद यात्रा सातवें दिन जनपद के थरियांव कस्बा पहुंची। जहां अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष समेत सरला देवी डिग्री कालेज थरियांव के प्रबंधक ने संयुक्त रूप से पद यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया। उन्हें जलपान कराकर दिल्ली के लिए रवाना किया। पद यात्री दिल्ली पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करके प्रयागराज जनपद में एम्स बनवाये जाने की मांग करेंगे। प्रयागराज जनपद के हंडिया निवासी रामचंद्र यादव की नेतृत्व में एम्स बनवाये जाने की मांग को लेकर सात दिनों पूर्व पद यात्रा की शुरूआत किया गया था। वहां से निकली पद यात्रा कौशांबी जनपद से होते हुए जनपद पहुंची। थरियांव कस्बे पहुंचने पर यात्रा की जानकारी अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष चैधरी राजेश यादव व सरला देवी डिग्री कालेज थरियांव के प्रबंधक राम औतार को हुई तो अपने साथियों संग हाईवे पहुंचे। जहां यात्रा को रोक कर उनमें शामिल लोगों का स्वागत किया। तत्पश्चात् उन्हें जलपान कराया। चैधरी राजेश यादव ने कहा कि यदि प्रयागराज जनपद में एम्स बन गया तो स्वास्थ्य सुविधाएं सुगम हो जायेंगी। इसका लाभ जनपद के लोगों को भी मिलेगा। उन्होने कहा कि यह मांग अत्यंत सराहनीय है। पद यात्रा की अगुवाई कर रहे रामचंद्र यादव ने बताया कि यात्रा दिल्ली पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेगी। उन्हें ज्ञापन सौंपकर प्रयागराज जनपद में एम्स बनवाये जाने की मांग किया जायेगा और यात्रा दिल्ली के लिए कूच कर गई। इस मौके पर नगर अध्यक्ष भूप सिंह, नरसिंह यादव, राजू यादव, डा डीके यादव, सतेन्द्र सिंह यादव भी मौजूद रहे।

## सरकारी नौकरी के नाम पर ठगी, गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । खागा, फतेहपुर

कोतवाली क्षेत्र के तहसील समीप स्थित एक रेस्टोरेंट में रविवार शाम एक प्राइवेट कंपनी आरडीएम ने आस-पास के गांवों से कुछ ग्रामीणों को यह कहकर बुलाया कि सरकारी नौकरी दिलाई जाएगी। जिसकी लालच में गांव के भोले-भाले लोग मीटिंग में शामिल हुए। मीटिंग में आए कंपनी के सहयोगियों ने ग्रामीणों को पहले अपने प्रोडक्ट की जानकारी दिया। जानकारी देने के बाद सभी से तीन सौ रूपए की वसूली शुरू किया। वसूली के दौरान नथनपुर की दो महिलाएं वहां पहुंच गई और उन्होंने बताया कि इन लोगों ने सरकार नौकरी के नाम पर गुमराह कर हमसे छह हजार रुपए लिए हैं। मीटिंग में दोनों महिलाओं के पैसा मांगते ही हंगामा शुरू हो गया। मामले में कोतवाली प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने बताया कि जानकारी मिली थी। मौके पर फोर्स भेजकर ठगी करने वालों को पकड़कर पूंछताछ किया जा रहा है।

# सड़क बनी तालाब, बतखें कर रहीं अठखेलियां, सत्याग्रह की तैयारी तेज

जन एक्सप्रेस । खागा, फतेहपुर



तहसील क्षेत्र मे दसको से विजईपुर-गाजीपुर रोड ध्वस्त पड़ी है। जिसके चलते आये दिन राहगीर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं और लगातार राजनेताओं द्वारा सड़क निर्माण का आश्वासन का झुनझुना पकड़ाया जा रहा है। वहीं बुंदेलखंड राष्ट्र समिति ने सतयाग्रह की कमान संभाल लिया है और कई बार धरना प्रदर्शन करके सड़क निर्माण के लिए जिम्मेदारो से मांग किया लेकिन परिणाम ढाक के तीन पात ही रहे। वहीं एक बार फिर आगामी दो अक्टूबर से नरैनी चौराहे पर सत्याग्रह करने की तैयारियॉ किया जा रहा है। सोमवार को पत्रकारों से बात करते हुये बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय ने बताया कि गाजीपुर, सरकी, बावरा, लक्षिरामपुर, जागेश्वर धाम चैराहा, झब्बापुर, बुधरामऊ, बेसड़ी, बेरूई, अंदमऊ, बेसड़ी, प्रेम मऊ कटरा, असोथर, झाल, जरौली, सरकंडी, मनावा, घासीपुर पुरवा, बड़वा, नरैनी, रायपुर भसरौल, मोगरिहापुर, लोदौरा, बरौली, जगतपुर, बहेरा, बरैची, सेलरहा, सीठियानी, विजयीपुर आदि गांव तीन दसको से अन्तिम पायदान पर खड़े है। ये गांव बदहाल मार्ग के कारण आए दिन दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र बन गया है। इस राज्य मार्ग के निर्माण हेतु महात्मा गांधी की जयंती से अनिश्चित कालीन सत्याग्रह गाजीपुर-विजयीपुर मार्ग निर्माण हेतु नारैनी चैराहे मे किया जायेगा। सडक संघर्ष समिति के संयोजक धर्मेंद्र दीक्षित नें बताया कि सड़क में भरे पानी में बतख आठखेलियां कर रही है और सड़क नही तालाब का एहसास करा रही है। कई बार शासन-प्रशासन को पत्राचार व ज्ञापन आदि देकर सड़क निर्माण की मांग किया जा चुका है लेकिन आश्वासन के आलावा आज तक सड़कों के बड़े-बड़े गड्ढे तक नही भरे गये। जिससे यमुना नदी के तटवर्ती ग्राम मे निवास करने वाले लोगों के लिए आजाद भारत मात्र दिवास्वप्न बनकर रह गया है और आज भी बदहाली का जीवन यापन करने पर मजबूर है। जिसके चलते सत्याग्रह का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। जिसके लिए आज समिति ने सत्याग्रह पोस्टर आदि की तैयारी कर लिया है और आगामी 2 अक्टूबर से अनिश्चित काल के लिए धरना-प्रर्दशन किया जायेगा। जिसमे क्षेत्र के पीडित बडी सख्या मे लोग उपस्थित ाहकर आन्दोलन को धार देगे। इस मौके पर गंगा समग्र के संयोजक राम प्रसाद विस्वकर्मा, राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी के अध्यक्ष शिवम मिश्रा प्रियम, मिशन मोदी के अध्यक्ष अवधेश मिश्र, हिन्दू एकता संघ के अध्यक्ष जनार्दन त्रिपाठी, नास्त्रोंदमस त्रिपाठी, अनिल त्रिपाठी, शैलेश विश्वकर्मा, सदाशिव विश्वकर्मा, आर्यन माथुर, अमन दीक्षित आदि रहे।

# चिंतन शिविर के जरिए पात्रों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने पर दिया जोर

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा चयनित आकांक्षात्मक विकासखंड रामनगर के ब्लॉक डेवलपमेंट बनाने के लिए चिन्तन शिविर का आयोजन ब्लाक रामनगर में सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, को ऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख रामनगर गंगाधर मिश्र की उपस्थिति में विकासखंड रामनगर में सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण कर आयोजन प्रारंभ किया गया।

सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा जो सर्वांगीण विकास की रूपरेखा लाल किले से बनाई गई, उसमें उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास जब तक देश की हर व्यक्ति को मुख्य धारा में नहीं जोड़ दिया जाएगा तब तक नहीं हो पाएगा। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में नीति आयोग द्वारा बनाया गया व बनाकर उन जिलों को लिया गया जो पिछड़े थे। जिसमें जनपद के रामनगर का विभिन्न विभागों द्वारा कार्य योजना बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि ब्लॉक को विकसित करने के लिए जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी की टीम द्वारा कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मंडल के बांदा के दो व चित्रकूट के एक विकासखंड को लिया है। इसमें पांच विभाग द्वारा कार्य योजना बनाई जाएगी। उन्होंने शिक्षा पर प्रस्ताव भी रखे। उन्होंने कहा कि हर न्याय पंचायत में एक हाई स्कूल बनाया जाए। उन्होंने कहा कि जो भी न्याय पंचायत छुटे है, उसमें उसे चिन्हित कर कार्य योजना बनाया जाए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भव योजना द्वारा आशा, एएनएम व प्रधान सक्रिय होकर जिनका नहीं बना है, उसको सूचित करें। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक रखेंगे, जो भारत सरकार की योजनाएं बताएंगे। उन्होंने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा जो मानक छूट रहा है, उसको हम लोग संज्ञान में लेकर कार्य करें तभी विकास हो सकता है। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि नीति आयोग द्वारा चयनित विकासखंड रामनगर को आकांक्षात्मक ब्लॉक में चुना गया है। उन्होंने कहा की आकांक्षी विकासखंड पर अधिकारी स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सामाजिक व मूलभूत सुविधाएं पर सुधार किए जाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा इसके लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा सहयोग दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निश्चित ही हम कार्य करेंगे तो विकास कर सकेंगे।


इस मौके पर उप जिलाधिकारी मऊ राकेश कुमार पाठक, जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा, सांसद प्रतिनिधि शक्ति सिंह, खंड विकास अधिकारी मऊ दिनेश मिश्रा, खंड विकास अधिकारी रामनगर शैलेंद्र कुमार, जिला पंचायत सदस्य अर्जुन शुक्ला, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, खंड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह, पीरामल फाउंडेशन से विमल कुमार आदि मौजूद रहे।

## सज रही जुआ की फड़ें, लूट, छिनौती, चोरी की बढ़ी घटनायें

**जन एक्सप्रेस/खागा/फतेहपुर।** कोतवाली क्षेत्र मे विभिन्न स्थानो मे जुआ की फड़ें सज रही हैं और कोतवाली पुलिस जानकर भी अनजान हैं। भगवान भास्कर के ढलते ही नगर के कई स्थानों में जुआ की फड़ें सजना शुरु हो जाती हैं। जिनमे लाखों के दांव लगने शुरु हो जाते हैं। जुआ की फड़ों में हार जीत का दौर चल पड़ता है। इसी के साथ ही हारे हुये जुआरी नगर सहित क्षेत्र मे चोरी, लूट, छिनौती करके अगले दांव के लिए तैयारी करने मे लग जाते है। जानकारी के अनुसार नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी जुआ की बड़ी-बड़ी फड़ें सज रही हैं। जहॉ नगर के विजय नगर, मानू का पुरवा, बल्दी का पुरवा सहित टेसाही बुजुर्ग, टेसाही खुर्द व अनेक स्थानों में लाखों के दांव जुआ के खिलाड़ी प्रतिदिन लगा रहे हैं। वहीं कोतवाली पुलिस जानकर भी अनजान बन रही है। नाम न छापने की शर्त पर एक फड़ के संचालक ने बताया कि मोटी रकम देकर फड़ों का संचालन हो रहा है। हमको किसी से डर नही है और कहावत कहते हुये कहा कि सैया भये कोतवाल तो डर काहेका। जिसके चलते क्षेत्र में चोरी, लूट, छिनौती जैसी घटनायें लगातार बढ़ रही हैं और आम जन असुरक्षित महसूस कर रहा है। हाल ही में तहसील की महिला कर्मचारी के साथ सुबह 10 बजे छिनौती की घटना हो गयी।

# 15 दिन के अन्दर समाप्त हो जाने चाहिए राजापुर मार्ग के गड्ढे: डीएम

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों एवं गड्ढा मुक्त के सम्बन्ध में बैठक जिला कलेक्टरेट सभागार में हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने एनएच बांदा से कहा कि खोह से नो एंट्री तक रोड खराब है, पूरी रोड 15 दिन में सही कराएं। उन्होंने एनएच बांदा से कहा कि कार्यशैली में सुधार करें, ठेकेदार के भरोसे न रहें, स्वयं जाकर के देखें। उन्होंने मंदाकिनी नदी से बेड़ी पुलिया तक हो रहे नाला निर्माण में कहा कि आप लोग लोकल लोगों से समन्वय बनाकर कुछ जगहों पर रैंप व इंटरलॉकिंग बनवाएं। उन्होंने कहा कि इसकी देखरेख के लिए अभियंता प्रांतीय खंड व उप जिलाधिकारी के निर्देशन में एक टीम बनाई जाए जो निरीक्षण करेगी। नेशनल हाईवे प्रयागराज के सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि पहाड़ी की स्थिति खराब है। राजापुर में गढ्ढे है, उसको भी 15 दिन के अंदर कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजापुर का नाला निर्माण का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराएं।

उन्होंने कहा कि यमुना पुल से लेकर ट्रैफिक चैराहा तक सभी गड्ढा मुक्त होना चाहिए। लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड से मुख्य सड़क व गांव की सड़कों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बेडी पुलिया से लेकर सूरजकुंड की जो सड़क है, उसे ठीक कराएं। ददरी माफी व बहिलपुरवा देवांगन रोड पुरी ध्वस्त है, इसे ठीक कराएं। उन्होंने कहा कि मऊ से ग्राम पंचायत ताडी तक का मार्ग खराब है, उसे सही कराएं। सरैया से बोड़ी पोखरी तक का रोड खराब है उसे ठीक कराएं। साथ ही चैड़ीकरण के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजें। उन्होंने कहा कि बगरढ से जो ग्राम पंचायत के लिए रोड जाती है, उसको भी ठीक कराएं। उन्होंने पीएमजेएसवाई के एई विनोद कटिहार के बैठक में उपस्थित न होने पर एक दिन का वेतन रोकने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि एक भी गड्ढे दिखाई नहीं देना चाहिए। उन्होंने मंडी परिषद, जिला पंचायत, नगर पालिका की सडकों को उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिन्हित कर उसे ठीक कराएं।

इस मौके पर अधिशासी अभियंता प्रातिय खंड सत्येंद्र नाथ, अधिशासी अभियंता सीडी कृष्ण कुमार, एन एच प्रयागराज विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत-धर्मदासपुर, विकास खण्ड-जगतपुर, जनपद-रायबरेली

पत्रांक : ग्रा०पं०/2023-24

दिनांक : 25.09.2023

### टेण्डर नोटिस

राज्यवित/चौदहवां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत की वर्ष 2023-24 की कार्ययोजना में स्वीकृत निम्नांकित कार्य सम्पादित कराने हेतु निम्नांकित सामग्री आपूर्ति करने हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं से सीलबन्द टेण्डर आमंत्रित किये जाते हैं जो दिनांक **26.09.2023 से 28.09.2023 के** सायं 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त किये जायेंगे तथा दिनांक **28.09.2023 के सायं 4:00 बजे** अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा टेण्डरदाता अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष खोले जायेंगे किसी भी टेण्डर को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधोहस्ताक्षरी को अधिकार होगा। इच्छुक आपूर्तिकर्ता/टेण्डरदाता को टेण्डर डालने हेतु धरोहर धनराशि नकद/चेक के रूप में ग्राम पंचायत में जमा करनी होगी जिसकी रसीद टेण्डर के साथ जमा करनी होगी टेण्डर फार्म नोटिस निर्गत होने की तिथि से टेण्डर प्राप्त करने की तिथि के एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से 100/-रू0 नकद जमा कर अपरान्ह 2:00 बजे से 3:00 बजे के मध्य प्राप्त किये जा सकेंगे।

| क्र.सं. | सामग्री का विवरण | मात्रा | आपूर्ति हेतु अवधि | धरोहर धनराशि | आपूर्ति स्थल/कार्य का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | इण्टरलॉकिंग सी.सी. पेवर ब्लॉक 80 MM THICK-30 | 397 वर्ग मीटर 12704 नग | 15 दिन | 1% | इण्टर लॉकिंग निर्माण जगदीश के दरवाजे से खडण्जा तक |

प्रतिबंध/निर्देश :-

1. सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करनी होगी अर्थात कोटेशन में कोट की गयी दर एफ0ओ0आर0 होगी अर्थात लदायी, उतराई, चट्टा लगवाई एवं भाड़ा आदि चार्ज उसमें सम्मिलित होंगे।
2. बिल का भुगतान नियमानुसार आयकर की कटौती करके किया जायेगा।
3. सामग्री की आपूर्ति कार्य प्रभारी को कार्यस्थल पर प्राप्त करानी होगी।

(ममता लोधी)
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-धर्मदासपुर, जगतपुर, रायबरेली

(नित्यानन्द राय)
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत-धर्मदासपुर, जगतपुर, रायबरेली

# भाजपाइयों ने मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट




भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर सर्किट हाउस सभागार में संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया। साथ ही जनपद के 124 शक्तिकेन्द्रों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर पुष्पांजली कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर हुआ।

जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि पं दीनदयाल ने सभी वर्गों, जातियों को विकसित करने के लिए अन्त्योदय का चिंतन दिया। उज्जवला, जनधन, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान, पीएम आवास योजनाओं से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के जीवन में आया परिवर्तन पं दीनदयाल को भाजपा के डबल इंजन सरकारों की सच्ची श्रद्धांजली है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों, पिछड़ों, किसानो, की समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित करेंगी।

पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का चिंतन पं दीनदयाल ने अपने विचारों में किया है। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि अभावों में जीकर पंडित दीनदयाल ने राष्ट्र व समाज का ही चिंतन किया।

पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र ने कहा कि पं दीनदयाल का विचार सदैव हमें प्रेरणा देता रहेगा। पुरवा तरौंहा शक्तिकेन्द्र में आयोजित पुष्पांजली कार्यक्रम जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि पं दीनदयाल ने भारत को प्रथम स्वदेशी राजनीतिक विचार दिया। भाजपा ने अन्त्योदय से राष्ट्रोदय की प्रक्रिया से पं दीनदयाल को संकल्पांजलि अर्पित की है।

इस मौके पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आनंद त्रिपाठी, पहाडी ब्लॉक प्रमुख सुशील द्विवेदी, मानिकपुर अरविन्द मिश्रा, नगर पालिकाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, श्रम प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय सह संयोजक तीरथ तिवारी, ब्रजेश पाण्डेय, महेन्द्र कोटार्य, राजेश जायसवाल, राघवेन्द्र सिंह, अश्विनी अवस्थी, प्रेमलाल बाल्मिकी, राजेश्वरी द्विवेदी, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, अर्पित जयसवाल, दिव्या त्रिपाठी, हीरो मिश्रा, विनीता द्विवेदी, सरस्वती सोनी, रिजवाना परवीन, सुरेश अनुरागी, संजय पाण्डेय, आशीष पाण्डेय, रवि गुप्ता, शैलेन्द्र सोनी, आदित्य सुखेन्द्र, श्रवण तिवारी, सुमित मिश्रा, आभेष मिश्रा, रामसागर चतुर्वेदी, विनीत पयासी, बृजेन्द्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 16-20 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 33.6 (+0.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 24.8 (+1.6)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 80 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 62 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.9 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# पार्षद पति की गुंडई के खिलाफ सिख बिरादरी ने खोला मोर्चा

**✻ पीड़ित दवा व्यापारी अमोल दीप भाटिया की मां ने सपा विधायक के साथ पुलिस कमिश्नर से की मुलाकात**

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर






बीते दिन शनिवार को थाना रायपुरवा क्षेत्र में पार्षद पति वा उसके गुर्गों के द्वारा दवा व्यापारी के साथ की गई मारपीट के मामले में अब सिख बिरादरी ने भी मोर्चा खोल दिया है। साथ ही साथ इस मामले में विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी समाजवादी पार्टी के विधायकों ने भी पीड़ीत परिवार संग मिलकर जिला प्रशासन के अधिकारियों से मुलाकात करने का सिलसिला आरंभ कर दिया है। ज्ञातव्य हो कि 24 सितंबर की रात्रि लगभग 12:30 बजे थाना रायपुरवा क्षेत्र स्थित अफीम कोठी चौराहे के समीप वॉर्ड 95 की पार्षद सौम्या के पति अंकित शुक्ला की गाड़ी एक दवा व्यापारी अमोल दीप से भिड़ने पर कहासुनी के दौरान मामले ने गम्भीर तूल पकड़ लिया और दवा व्यापारी को पार्षद पति ने अपने साथियों संग मिलकर इतना बुरी तरह से मारा-पीटा कि उसकी हालत गम्भीर हो गई आरोप है कि इस दौरान दवा व्यापारी की पत्नी को भी मारा-पीटा गया। पार्षद पति के खिलाफ जब पीड़ीत थाना रायपुरवा में शिकायत दर्ज कराने पहुंचा तो रायपुरवा कोतवाल ने मुकदमा तत्काल दर्ज नहीं किया। पुलिस के उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद पीड़ित का मुकदमा दर्ज हुआ। वर्तमान समय में दवा व्यापारी की हालत बहुत गंभीर है और उसे दिल्ली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**सपा विधायक संग पीड़ित की मां ने कमिश्नर से की मुलाकात**

शहर के पुलिस कमिश्नर से बीते दिन सोमवार को मुलाकात करने सपा विधायक मोहम्मद हसन रूमी के साथ पीड़ीत अमोल दीप भाटिया की मां उनके कार्यालय पहुंची इस दौरान सैकड़ो की संख्या में सिक्ख बिरादरी के लोग भी मौजूद थे। पीड़ीत की मां ने पुलिस कमिश्नर आर के स्वर्णकार से न्याय की गुहार लगाई तो उन्होंने पूर्ण रूप से उन्हें आश्वासन दिया कि कानून उनके साथ है आरोपियों को कतई बक्सा नहीं जाएगा।

**सिख बिरादरी ने गुमटी गुरुद्वारे पर किया प्रदर्शन**

दवा व्यापारी अमोल दीप भाटिया के साथ घटित हुई घटना और रायपुरवा कोतवाल की लापरवाही ने इस मामले को तूल दे दिया है। सोमवार को सिक्ख बिरादरी के लगभग आधा सैकड़ा से अधिक नेताओ ने हाथों में पीड़ित अमोल दीप भाटिया के पोस्टर लेकर के सरकार को कोसते हुए धरना प्रदर्शन किया और मांग की कि आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

## अलसी की वैज्ञानिक विधि से खेती करने की दी जानकारी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित दिलीप नगर कृषि विज्ञान केंद्र के प्रसार वैज्ञानिक डॉ.राजेश राय ने सोमवार को अलसी की वैज्ञानिक विधि से करें खेती होगा अधिक लाभ विषय पर जानकारी दी। उन्होंने अलसी की खेती को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे तेल के साथ-साथ रेशा भी निकलता है। उन्होंने बताया कि अलसी की बुवाई का समय बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए अक्टूबर का प्रथम पखवारा तथा शेष उत्तर प्रदेश में अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े में बुवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बुवाई के लिए विश्वविद्यालय द्वारा अलसी की विकसित प्रजातियां जैसे गरिमा, शुभरा, श्वेता, नीलम, पद्मिनी, शेखर,गौरव, शिखा,रश्मि, पार्वती, रुचि अन्य है। उन्होंने इसके प्रयोग से होने वाले लाभों के बारे में बताते हुए कहा कि ओमेगा-3 कोलेस्ट्रॉल को घटाने के साथ अर्थराइटिस की समस्या को दूर करता है। वही इसमें पाए जाने वाला रेशा मधुमेह को कम करता है अलसी में लिग्निन भी पाया जाता है जो कैंसर को नियंत्रित करने में लाभकारी है।विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनन्द कुमार सिंह ने बताया कि अलसी के तेल से ओमेगा 3 कैप्सूल दवाइयों के रूप में प्रयोग किया जाता है।




## छात्रों को न्यूरॉन की प्रणाली के माध्यम से मानव मस्तिष्क के विकास की दी जानकारी

जन एक्सप्रेस । प्रदीप शर्मा

**कानपुर नगर।** गोविंद नगर स्थित डी.बी.एस.कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग में सोमवार को विकास जीव विज्ञान के क्षेत्र में प्रोफेसर जोनाकी सेन ने छात्रों को न्यूरॉन की प्रणाली के माध्यम से मानव मस्तिष्क के विकास की महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इस मस्तिष्कीय कार्यप्रणाली को मनोविकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस लेक्चर में प्रोफेसर सेन ने विभिन्न विकास जीव विज्ञान से संबंधित विषयों पर चर्चा की। उन्होंने अपने व्याख्यान में विकास जीव विज्ञान के माध्यम से जीवो के विकास में होने वाली महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. अनिल कुमार मिश्रा ने किया। जंतु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्षा प्रो. इंद्राणी दुबे ने इस लेक्चर का आयोजन किया जिसका मुख्य उद्देश्य विकास जीव विज्ञान के क्षेत्र में ज्ञान और बोध को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर जंतु विज्ञान विभाग के शिक्षकों और विद्यार्थियो ने भाग लिया।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की 107 वीं जयंती बहुत धूमधाम से मनाई



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

भारतीय जनता पार्टी दिव्यांग प्रकोष्ठ कानपुर महानगर के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की 107 वीं जयंती बहुत धूमधाम से गणेश नगर रावतपुर में मनाई गई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक भारतीय राजनीतिज्ञ, एकात्मक मानववाद विचारधारा के समर्थक और भारतीय जनता पार्टी के अग्रदूत राजनीतिक दल भारतीय जनसंघ के नेता थे। भारतीय जनता पार्टी दिव्यांग प्रकोष्ठ कानपुर महानगर द्वारा 21 वरिष्ठजनों एवं दिव्यांगजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन हृदयेश सिंह जिला संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुखरूप से अरुण मिश्रा, जगमोहन दीक्षित, देशपति, रामानुज, रामसेवक पाल, रामचंद्र तिवारी, विनय श्रीवास्तव, राधे श्याम गोस्वामी, ओमप्रकाश पाठक, मदनपाल , विनय शुक्ला , अमित सिंह, अंशुमां सिंह, पिंकी वर्मा, सीमा कुमारी, उपस्थित थे।

## दो मोटर साइकिलों में आमने-सामने हुई भिड़ंत, दो घायल

जन एक्सप्रेस । चौबेपुर





चौबेपुर थाना क्षेत्र के रौतापुर बंबा के पास तेज रफ्तार दो मोटर साइकिलों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राहगीरों ने उठकर उपचार के लिए चौबेपुर सीएससी में भर्ती कराया है। सोमवार की शाम चौबेपुर थाना क्षेत्र के रौतापुर बंबा के पास मोटर साइकिल सवार ईशु गौतम पुत्र रामनारायण निवासी चंपतपुर चौबेपुर व धीरज पुत्र धर्मपाल निवासी कैंझरी की तेज रफ्तार मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर आमने-सामने से टकरा गई। जिसमें दोनों के मोटर साइकिल बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई, साथ ही साथ दोनों युवकों को गंभीर चोटें आई है। राहगीरों ने 112 नंबर पर पुलिस को घटना की जानकारी दी मौके पर पहुंची पुलिस में दोनों घायलों को घटना स्थल से उठाकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौबेपुर में भर्ती कराया है।

## सास ने बहू पर लगाए प्रताड़ना के आरोप




जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। अपनी बहु से प्रताड़ित होकर कानपुर प्रेस क्लब में एक महिला ने न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित महिला किरन जायसवाल ने बताया कि उनकी बहु ने पूरे परिवार को परेशान कर रखा है। वर्ष 2019 में उनके बड़े बेटे का विवाह प्रेम संबंध के चलते हुआ था शादी के बाद से ही बहु वेदिका गुप्ता ने लड़ाई झगड़ा व हंगामा शुरू कर दिया था और एक फ्लैट की डिमांड करने लगी। पीड़िता ने आरोप लगाते हुए बताया कि फ्लैट न दिलाने पर बहु वेदिका घर से सात तोला सोना ,आधा किलो चांदी ,लैपटॉप आदि सामान ले गयी थी ।जब विरोध किया तो दहेजप्रथा समेत अन्य धाराओं में झूठा मुकदमा लगा दिया।

## डीएवी कॉलेज में कर्मचारियों ने किया धरना प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शहर के डीएवी कालेज मे कर्मचारियों द्वारा प्राचार्य एवं प्रबंध समिति पर गंभीर आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन किया गया। जानकारी के मुताबिक कर्मचारीयों के साथ हो रहे उत्पीड़न को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है, जहां पर कर्मचारियों ने कई मांगे रखी हैं । बीते दिनों कर्मचारियों द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया था जिसमें प्राचार्य का पुतला दहन भी किया गया था पर अभी तक कर्मचारियों के मुताबिक उनकी मांगों को नहीं सुना गया है इसलिए वह अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे है। महामंत्री हरगोविंद सिंह यादव ने बताया कि यहां पर कर्मचारियों की समस्याओ को लगातार अनदेखा किया जा रहा है। जैसे छुट्टी की समस्या,चौकीदारी की समस्या,वेतन की समस्या आदि समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। कर्मचारियों को समित भवन के लिए पांच लाख रूपए अनुदान में दिया गया था, उसके लिए लड़ाई लड़ेंगे , बताया कि कालेज प्राचार्य, जिलाधिकारी व शासन प्रशासन को लिखित में ज्ञापन दिया था, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं की गयी । धरना प्रदर्शन के दौरान विद्यालय परिसर में प्राचार्य अनुपस्थित रहे वहीं जब पत्रकारों ने मामले के संदर्भ में डीएवी कॉलेज की प्रबंधक से जानकारी लेना चाहा तो उन्होंने पत्रकारों से मिलने से मना कर दिया।

## भाजपाइयों ने प्रदेश अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष का किया जोरदार स्वागत

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर कस्बे से गुजरते वक्त कांचौसी निवासी सांसद देवेंद्र सिंह भोले के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल और नव नियुक्त जिलाध्यक्ष दिनेश कुशवाह का क्षेत्रीय भाजपाइयों द्वारा जोरदार स्वागत किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल व नव नियुक्त जिलाध्यक्ष कानपुर ग्रामीण दिनेश कुशवाह अन्य पदाधिकारियों के साथ सोमवार दोपहर एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कंचौसी कानपुर देहात जा रहे थे। उनके क्षेत्र में आगमन की जानकारी मिलते ही कई क्षेत्रीय भाजपा नेता अरौल पहुंच गए और प्रदेश अध्यक्ष के काफिले के हाईवे से उतरते ही कार्यकर्ताओं द्वारा काफिले में शामिल पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया गया। इसके उपरांत सभी पदाधिकारी जिला महामंत्री राजेंद्र कटियार के आवास पर कुछ देर रुकने के बाद गंतव्य के लिए रवाना हो गए।इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष रामशरण कटियार पूर्व जिला उपाध्यक्ष जेपी कटियार , विक्रम मिश्रा , सभासद अशोक चंद तिवारी , मनोज दिवाकर, स्वप्नेश तिवारी , हितेश भदौरिया आदि लोग मौजूद रहे।

## महिंद्रा एंड महिंद्रा के चेयरमैन आनंद महिंद्रा समेत 13 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा






**कानपुर नगर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में रहने वाले राजेश मिश्रा नाम के शख्स ने अपने बेटे की हादसे में मौत होने के बाद महिंद्रा कंपनी के चेयरमैन आनंद महिंद्रा सहित 13 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि उन्होंने अपने बेटे को जो स्कॉर्पियो गाड़ी गिफ्ट की गई थी, उसमें एयबैग नहीं लगाए गए थे। इसलिए हादसे में उनके बेटे की मौत हो गई। पीड़ित ने बताया कि थाने और चौकी में कंपनी की इस लापरवाही को लेकर सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद कोर्ट की मदद से रायपुरवा थाने में एफआईआर दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि घटना के बाद वह एजेंसी जाकर लोगों को इस बारे में अवगत कराया और बताया कि सीट बेल्ट लगाने के बावजूद कार के एयरबैग नहीं खुले जिस कारण उनके बेटे की मौत हो गई। राजेश मिश्रा ने आरोप लगाया कि बातचीत के दौरान एजेंसी के मैनजर व स्टाफ ने उनसे अभद्रता की। राजेश ने आरोप लगाया कि उन्होंने कार की टेक्निकल जांच कराई, जिसमें उन्हें कार में एयरबैग न होने की जानकारी मिली। राजेश ने मामले की शिकायत रायपुरवा थाने में की लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं की गई जिसके बाद राजेश ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश के बाद रायपुरवा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया।

**पिता ने इकलौता बेटे को गिफ्ट की थी कार**

कानपुर के जूही इलाके में रहने वाले राजेश मिश्रा ने बताया कि 2 दिसंबर 2020 को जरीब चौकी स्थित तिरुपति ऑटो से एक ब्लैक स्कॉर्पियो 17.39 लाख रुपए में खरीदी थी। कंपनी की ओर से गाड़ी की खूबियों और सुरक्षा के बारे में बखूबी बताया गया था। इतना ही नहीं, कई सोशल मीडिया पर आनंद महिंद्रा द्वारा दिखाए गए ऐड देखकर इकलौते बेटे डॉ. अपूर्व मिश्रा को कार गिफ्ट की थी। 14 जनवरी 2022 को अपूर्व दोस्तों के साथ लखनऊ से कानपुर लौट रहे थे। कोहरे के चलते गाड़ी डिवाइडर से टकराकर पलट गई। राजेश मिश्रा ने बताया कि बेटे ने सीट बेल्ट लगा रखा था। शरीर पर कोई गहरा चोट का निशान भी नहीं था, लेकिन एयरबैग नहीं खुलने की वजह से बेटे अपूर्व की मौके पर ही मौत हो गई।

**इन धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा**

आईपीसी के सेक्शन 420 (धोखाधड़ी), 287 (मशीनरी से जुड़ी लापरवाही), 304-A (लापरवाही के चलते मौत), 120-B (आपराधिक षड्यंत्र) के साथ-साथ धारा 504 और 506 के तहत मामला दर्ज हुआ है।

**इन लोगों के खिलाफ दर्द हुआ मुकदमा**

रायपुरवा थाने में महिंद्रा कंपनी के मालिक आनंद गोपाल महिंद्रा, तिरुपति आटो के मैनेजर, मुंबई स्थित महिंद्रा कंपनी के निदेशक चंद्र प्रकाश गुरनानी, विक्रम सिंह मेहता, राजेश गणेश जेजुरिकर, अनीश दिलीप शाह, थोथला नारायणनासामी, हैग्रेव खेतान, मुथैया मुरगप्पन मुथैया, विशाखा नीरुभाई देसाई, निसबाह गोदरेज, सिखासंजय शर्मा और विजय कुमार शर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## प्रेमिका की हत्या कर घर में गाड़ने वाले आरोपी प्रेमी को किया गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के उटठा गांव में बीते 9 सितंबर को प्रेमी द्वारा प्रेमिका अंजली की निर्मम हत्या कर घर में ही गड्ढा खोदकर गाड दिया था और पास में परचून की दुकान से पास चार बोरी नमक भी इस पर लगाकर गद्दे और चारपाई से ढक दिया था और पूरा परिवार यहां से फरार हो गया था। हत्या आरोपित घनश्याम शुक्ला को पुलिस ने कल्याणपुर से गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर आला कत्ल में प्रयोग फावड़ा, खुरपी और दुपट्टे को बरामद कर हत्या आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है वहीं पुलिस को बताया कि अक्सर प्रेमिका विवाद किया करती थी नसीब का आदी होने की वजह से गुस्से में आकर दुपट्टे से गला घोंट दिया और घर में ही गड्ढा खोदकर दफना दिया ऊपर से नमक की बोरियां भी डाल दी इसके बाद भी तीन बार देखने आया कि अभी बदबू आ रही है कि नहीं थानाध्यक्ष शिव मोहन सिंह ने बताया कि शादी के कोई रिकॉर्ड नहीं मिले हैं लेकिन पति-पत्नी की तरह से रहते थे।

## शिवराजपुर थाना क्षेत्र के बहरमापुर गांव में दो पक्षों में चले लाठी डंडे

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर तहसील के शिवराजपुर थाना अंतर्गत बहरमापुर गांव निवासी हिमांशु और दीपक, ज्ञानेंद्र, धर्मेंद्र आदि के मध्य रविवार को किसी बात पर विवाद हो गया। अगले दिन मामले की रंजिश में दोनों पक्षों में भीषण टकराव हो गया और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो के कई लोग एक दूसरे पर लाठी डंडा से हमला करते दिखाई दिए। जन एक्सप्रेस अखबार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। हालांकि मारपीट के दौरान दीपक की माता लक्ष्मी और हिमांशु बुरी तरह घायल होने की जानकारी सामने आई। दोनों पक्षों ने तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। शिवराजपुर थाना अध्यक्ष ने बताया दोनों ओर से प्रार्थना पत्र मिले हैं जांच कर कार्रवाई की जाएगी घायलों का इलाज कराया जा रहा है।

## तेज रफ्तार बाइक सवार ने छात्रा की साइकिल में मारी टक्कर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

**✻ डॉक्टरों ने प्राथमिक उचार करने के बाद उसे हैलट रिफर कर दिया**

साढ़ थाना क्षेत्र के सेमरा गाँव मे तेज रफ्तार बाइक सवार ने छात्रा की साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिस कारण उसके पैर फैक्चर हो गया और हालत गंभीर बताई जा रही है। मामला सोमवार सुबह करीब नौ बजे सुबह का है जब ग्यारह वर्षीय छात्रा शिवांशी पुत्री लाल सिंह देवषड़ गांव निवासिनी पढ़ने के लिए स्कूल सी पी सी के कुन्दौली के लिए निकली तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार युवक जान मोहम्मद ने छात्रा की साइकिल में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से साइकिल सवार छात्रा उछल कर दूर गिरी जिससे छात्रा का पैर फैक्चर होने के साथ साथ उसके शरीर मे अन्य जगह गंभीर चोटें आ गई। लेकिन मौके से बाइक चालक फरार होने की कोशिश की लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों ने उसे दौड़ा कर पकड़ लिया ।लेकिन पुलिस के पास लिखित में प्रार्थना पत्र न होने की वजह से उसे छोड़ दिया और प्रमाण के तौर पर बाइक की नंबर प्लेट की फोटो खींच ली गई जिससे अगर छात्रा के परिवारी जन आगे की कार्यवाही करवाना चाहे तो आसानी से कार्यवाही हो सके ।फिर छात्रा को एम्बुलेंस के जरिये बिधनू अस्पताल ले जाया गया जहा से डॉक्टरों ने प्राथमिक उचार करने के बाद उसे हैलट रिफर कर दिया। मामले में साढ़ थाना प्रभारी सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। बर्रा थाना के एमआईजी बर्रा 5 की रहने वाली विवाहित ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर पंखे के कुंड के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एमआइजी बर्रा 5 की रहने वाली रोशनी उम्र 35 वर्ष पत्नी सेवक कुमार बीते दिन सोमवार की शाम को पंखे के कुंड से साड़ी से फांसी लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली। पति जब रोज की तरह काम करके घर वापस लौटा तो उसने अपनी पत्नी को फांसी के फंदे से झूलते हुए पाया। पति सेवक कुमार गोमती नंबर 5 में एक हलवाई की दुकान में काम करता है। परिवार में एक बेटा रौनक है। पति द्वारा दी गई सूचना के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और पत्नी के शव को फांसी के फंदे से उतर पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# चिकित्सक हत्याकांड पर कांग्रेस हुई मुखर, सौंपा ज्ञापन

**योगी सरकार में है गुंडे माफियाओं का राज: अभिषेक सिंह राणा**

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर

चिकित्सक डॉ. घनश्याम तिवारी हत्याकांड को लेकर कांग्रेस मुखर हो गई। प्रदेश महासचिव एवं जोनल प्रभारी विवेकानंद पाठक, प्रदेश सचिव एवं जनपद प्रभारी मो अनीस खा की मौजूदगी में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक कांग्रेसियों ने जिला कार्यालय से निकलकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। डीएम ऑफिस के सामने घंटों बैठकर कांग्रेसियों ने 'रघुपति राघव राजा राम' का पाठ किया, तत्पश्चात जिलाधिकारी जसजीत कौर के प्रतिनिधि के रूप पर पहुंचे प्रशासन एडीएम प्रशासन पंकज सिंह के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन लेने के लिए पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट व एसडीएम सदर को कांग्रेसियों ने ज्ञापन देने से इनकार कर दिया और डीएम के आने की जिद पर अड़े रहे, तत्पश्चात डीएम के प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे प्रशासन एडीएम पंकज सिंह को कांग्रेसियों ने



ज्ञापन देकर त्वरित कार्रवाई मांग की। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि घटना में सम्मिलित हत्यारोपी की तत्काल गिरफ्तारी कर फास्ट कोर्ट में मुकदमा चला कर त्वरित कार्रवाई की जाए। पीड़ित परिवार की सुरक्षा हेतु सशस्त्र लाइसेंस स्वीकृत किया जाए। क्रय की गई जमीन पर पीड़ित परिवार को तत्काल कब्जा कराया जाए। मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी, पीड़ित परिवार को एक करोड़ की आर्थिक मदद व हत्यारों पर बुलडोजर की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इन्हीं मांगों को लेकर महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश महासचिव जोनल प्रभारी विवेकानंद पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जंगल राज कायम है प्रदेश की योगी सरकार में लॉ एंड आर्डर ध्वस्त हो चुका है।

हत्यारे खुलेआम घूम रहे हैं प्रदेश की जनता अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है, कानून का राज कायम करने में प्रदेश की योगी सरकार पूरी तरह से नाकाम है, दिनदहाड़े लूट हत्या बलात्कार जैसी घटनाएं होना आम बात हो गई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि योगी सरकार गुंडे और माफियाओं का राज है, जिस तरह चिकित्सक डा घनश्याम तिवारी के निर्मम हत्या की गई इससे साफ जाहिर है कि योगी सरकार में सिर्फ गुंडे माफियाओं का राज कायम है। वहीं उन्होंने कहा कि चिकित्सक डा,घनश्याम तिवारी के परिवार वालों के साथ कांग्रेस कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है उन्हें न्याय दिलाने कांग्रेस खड़ी है। उन्होंने जिला प्रशासन को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि पीड़ित परिवार को एक हफ्ते के भीतर न्याय मिलना चाहिए अन्यथा कांग्रेस इसके लिए एक बड़े आंदोलन की राह अपनाएगी।

## सांसद स्मृति इरानी के प्रयास से महाराजगंज-इन्हौना मार्ग का होगा सुदृढ़ीकरण

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** अधिशासी अभियंता निर्माण खंड लोक निर्माण विभाग रमेश चंद ने बताया कि केंद्रीय मंत्री व सांसद अमेठी स्मृति जुबिन ईरानी एवं राज्यमंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश मयंकेश्वर शरण सिंह के प्रभावी प्रयासों से महाराजगंज इन्होंने मार्ग किमी 17.200 से 27.400 तक सुदृढ़ीकरण कार्य अति शीघ्र शुरू होगा। जिसके लिए रुपए 2719.51 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन होने के कारण प्रायः क्षतिग्रस्त हो जाता था। जिससे क्षेत्र वासियों को आवागमन में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग पर सेमरौता रतवलिया मझार, सिंहपुर, भवानीपुर, डांगी बरवलिया, इन्हौना आदि आबादी पड़ती है।

बताते चलें कि इस मार्ग पर सिद्धपीठ मां अहोरवा भवानी का पौराणिक मंदिर भी स्थित है। जहां भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन वर्ष भर लगा रहता है। इस मार्ग के सुदृढ़ीकरण हो जाने से क्षेत्र का चौमुखी विकास एवं आवागमन हेतु लोगों को सुगम मार्ग उपलब्ध हो जाएगा।

# मानक विहीन पच्चीस अल्ट्रासाउंड डायग्नोस्टिक सेंटरों के लाइसेंस निरस्त

जन एक्सप्रेस | अमेठी

जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति द्वारा पीसीपीएनडीटी एक्ट का अनुपालन न करने वाले 25 अल्ट्रासाउंड डायग्नोस्टिक केंद्रों के लाइसेंस निरस्त किए गए।

बताते चलें कि पूर्व में इन केंद्रों की जांच संबंधित उपजिलाधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई। जिसमें जांच के दौरान एक्ट का अनुपालन नहीं पाए जाने पर संबंधित केंद्र संचालक एवं प्रबंधक को नोटिस देकर जवाब मांगा गया। इसके बाद केंद्रों के संचालक एवं प्रबंधकों के साथ बैठक की गई।

जिसमें संबंधित संचालकों एवं प्रबंधको द्वारा पीसीपीएनडीटी एक्ट का पूर्णतया अनुपालन ना सुनिश्चित किए जाने पर उनके लाइसेंस समिति




द्वारा विचारोपरांत निरस्त किए गए। जिन केंद्रों के लाइसेंस निरस्त किए गए उनमें संध्या अल्ट्रासाउंड सेंटर वार्ड नंबर 16 वलीपुर खुर्द निकट रेलवे क्रॉसिंग गौरीगंज,न्यू लाइफ केयर डायग्नोस्टिक सेंटर निकट सीएससी जामों, तेजस अल्ट्रासाउंड सेंटर असैदापुर गौरीगंज, निखिल अल्ट्रासाउंड सेंटर मुंशीगंज, अमेठी अल्ट्रासाउंड सेंटर ककवा रोड अमेठी,लाइफ केयर डायग्नोस्टिक सेंटर मुंशीगंज, रामगंज डायग्नोस्टिक सेंटर रायपुर रामगंज, अथर्व डायग्नोस्टिक सेंटर अंतू रोड निकट आरआरपीजी डिग्री कॉलेज अमेठी समृद्धि अल्ट्रासाउंड सेंटर रानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज भादर के सामने, केयर इमेजिंग सेंटर वार्ड नंबर 8 मुसाफिरखाना,अल्ट्रासाउंड केंद्र जगदीशपुर, डॉ असलम अल्ट्रासाउंड सेंटर निकट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर रागिनी डायग्नोस्टिक सेंटर उतेलवा रोड नंबर 4 जगदीशपुर, अपेक्स डायग्नोस्टिक सेंटर निकट सीएचसी मुसाफिरखाना, सेवा अल्ट्रासाउंड सेंटर जलालपुर, तिवारी रोड जगदीशपुर, मेसर्स नवजीवन डायग्नोस्टिक सेंटर मुसाफिरखाना, सना डायग्नोस्टिक सेंटर जायस, अरमा हॉस्पिटल निकट पेट्रोल पंप इन्हौना तिलोई, अपोलो डायग्नोस्टिक सेंटर निकट सीएचसी फुरसतगंज, उजाला अल्ट्रासाउंड सेंटर रायबरेली रोड इन्हौना पब्लिक डायग्नोस्टिक सेंटर निकट पीएचसी जायस,न्यू श्रीराम अल्ट्रासाउंड सेंटर मेन चौराहा इन्हौना, सन डायग्नोस्टिक सेंटर राज भवन रोड तिलाई बाजार तिलोई,लक्ष्मण प्रसाद हॉस्पिटल फुंदनपुर बाजार शुकुल अपेक्स डायग्नोस्टिक सेंटर रोड नंबर 1 बीएचईएल जगदीशपुर के नाम शामिल हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने एक्ट का पालन न करने वाले ऐसे सभी केंद्रों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह,सहित अन्य अधिकारी एवं समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# चर्चित डॉक्टर हत्याकांड में अवैध भूखंड पर चला बुलडोजर

**मुख्य आरोपी अजय नारायण पर 50 हजार का इनाम घोषित**

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर

चर्चित डॉ. घनश्याम तिवारी मर्डर केस में राजनैतिक दबाव के बाद जिला प्रशासन कार्रवाई करने उतरा है। पयागीपुर स्थित भाजयुमो जिलाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह के अवैध भूखंड पर बने ऑफिस पर बुलडोजर चला है। अभी आगे भी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाना शेष है।

वहीं पुलिस के आला अधिकारियों ने चिकित्सक हत्याकांड के मुख्य आरोपी भाजयुमो जिलाध्यक्ष के चचेरे





भाई अजय नारायण सिंह पर 50 हजार का इनाम घोषित किया है।

उधर मृतक डॉ. घनश्याम तिवारी की पत्नी निशा तिवारी ने एसपी को एक शिकायती पत्र दिया है।

उनका आरोप है कि घटना से आहत होकर वे विक्षिप्त हो गई थी। पुलिस ने सादे पेपर पर साइन लेकर स्वतः केस दर्ज कर लिया। निशा तिवारी ने आज दी तहरीर में मुख्य आरोपी अजय नारायण सिंह पुत्र जगदीश नारायण सिंह के साथ-साथ उसके पिता, भाजयुमो जिलाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष व राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य रह चुके गिरीश नारायण सिंह उर्फ बब्बन सिंह, विजय नारायण सिंह और अज्ञात लोगों का उल्लेख किया है। पत्नी का आरोप है कि उनके पति का अपहरण करके पैर को ड्रिल मशीन ने उनकी छेद और पीट-पीटकर हत्या की गई है। बता दें कि शनिवार की देर शाम शहर के शास्त्री नगर इलाके में डॉक्टर की रंगदारी नहीं देने पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष व राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य रहे गिरीश नारायण सिंह के भतीजे अजय नारायण सिंह ने पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। डॉक्टर की पत्नी निशा तिवारी की तहरीर पर अजय व दो अज्ञात के विरुद्ध कोतवाली नगर में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। तीन लोगों को पुलिस ने हिरासत में भी लिया लेकिन मुख्य आरोपी सत्ता पोषित अजय पुलिस को ढूंढे नहीं मिला।

उधर रविवार शाम पोस्टमार्टम के बाद शव पैतृक गांव पहुंचा तो परिवार वालों ने शव के अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया। आज सुबह जाकर परिवार ने प्रशासन के सामने 6 मांगे रखी। परिवार की सुरक्षा और शस्त्र लाइसेंस दिया जाए। जमीन पर हमें तत्काल कब्जा दिलाया जाए। योग्यता के अनुसार रोजगार और एक करोड़ का मुआवजा दिया जाए। अपराधियों की

**आखिरकार भूमाफियाओं का सरपरस्त नगर कोतवाल निलंबित**

तत्काल गिरफ्तारी और आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर की कार्रवाई की जाए। इन मांगों की संस्तुति भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा, लंभुआ से भाजपा विधायक सीताराम वर्मा, सदर विधायक राजबाबू उपाध्याय और पूर्व लंभुआ विधायक देवमणि द्विवेदी ने की। जिस पर डीएम जसजीत कौर ने सहमति व्यक्त किया। तब कही जाकर अंतिम संस्कार हो सका। स्वयं पूर्व विधायक देवमणि द्विवेदी ने डॉ. के शव को कांधा दिया। बड़ी संख्या में लोग अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

# चिकित्सकों के समूह से डीएम ने कहा कार्यवाही दिखेगी

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के संयोजन में नीमा प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ के पदाधिकारी व सदस्यगण जिला अधिकारी को सोमवार की सुबह 11:00 बजे ज्ञापन देने पहुंचे थे। ज्ञापन को लेते हुए जिलाधिकारी जगजीत कौर ने कहा कि चिकित्सक की हत्या करने वालों की विरुद्ध कार्यवाही दिखेगी। 23 सितंबर को चिकित्सक डॉक्टर घनश्याम तिवारी का शहर के अंदर निर्मम बर्बरता पूर्वक हत्या कर दी गई थी जिस तरह से घटना को अंजाम दिया गया वह मानवता को शर्मसार करने जैसा है। अपेक्षा करते हैं कि जल्द से जल्द दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी इसके साथ ही साथ पीड़ित परिवार को सहायता और सुरक्षा सुनिश्चित की जाए चिकित्सकों में सुरक्षा की भावना और कार्य करने की स्वतंत्रता के लिए उपयुक्त वातावरण बन सके। इस दिशा में सरकार से अपेक्षा की गई है क्रांति चिकित्सा सेवा संघ के अध्यक्ष डॉ मिश्रा ने ज्ञापन के माध्यम से कहां है।



## डीएम बोलीं-अब तक 4 करोड़ की जमीन कराई गई मुक्त

डीएम जसजीत कौर ने मीडिया को जानकारी दी है कि डॉ. घनश्याम तिवारी मर्डर केस में प्रशासन द्वारा अग्रिम कार्रवाई स्टार्ट कर दी गई है। मुख्य आरोपी और उनके परिवार द्वारा जो अवैध कब्जे सरकारी जमीन पर किए गए थे उनके चिन्हांकन की कार्रवाई शुरू हुई है। नगर पालिका क्षेत्र में तीन जगह अवैध कब्जे थे जिनको चिंहित करके ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। जमीन जो कब्जा मुक्त हुई है उसकी कीमत 4 करोड़ रुपए है। एसडीएम और सीओ उस क्षेत्र में चिन्हांकन की कार्रवाई कर रहे हैं। जिस जमीन को लेकर मृतक के परिवार को कब्जा नहीं मिला था उसे टीम भेजकर कब्जा दिला दिया गया है।

## बीजेपी के लोगों के फंसने पर गुम हो जाती है बुलडोजर की चाबी: अखिलेश यादव

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बोले अबरार विधायक फक्कड़ी स्वभाव के थे। लेकिन वे जनता के हितों के लिए हमेशा बने रहे। उन्हें चुनाव नहीं लड़ने के बाद भी वे पूरी ईमानदारी से वे जीवन भर पार्टी और हमारे साथ खड़े रहे। जब सुल्तानपुर में हम आए हैं तो पता चला कि एक चिकित्सा की हत्या हो गई। दर्दनाक तरीके से हत्या की गई है। शरीर को किसी चीज से छेदा गया है, कोई कहता है कि कोई इस्तेमाल की गई चीज है। मार मार के हत्या कर दी और ई रिक्शा पर लादकर घर भेज दिया गया। पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। एसपी सुल्तानपुर का कहना है कि 24 घंटे के भीतर गिरफ्तारी होगी। हम कार्रवाई की मांग करते हैं। आदमी स्टेरिंग है, जब कभी बीजेपी के लोग फंसने लगते हैं तो बुलडोजर कल लाइसेंस गायब हो जाता है। बीजेपी के हाथ में बुलडोजर की स्टेरिंग है। बीजेपी के लोगों के फंसने पर लाइसेंस गायब हो जाता है। चाबी नहीं मिलती है और चलने वाले नहीं मिलते हैं। संजय गांधी हॉस्पिटल की सही जानकारी आनी चाहिए। यदि डॉक्टर की गलत डिग्री की वजह से जान गई है। उसके लिए कानून है। चिकित्सक को ध्यान रखने की जरूरत है कि उसकी दवा से किसी की जान ना जाए। कांग्रेस कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी यह सवाल पूछ कर आप झगड़ा लगाना चाहते हो। इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष बैठते हैं। उसके बाद यह फैसला लिया जाता है।

# रमेश बिधूड़ी की संसद सदस्यता रद्द किए जाने की माँग



जन एक्सप्रेस | सुलतानपुर

मोस्ट कल्याण संस्थान के जिला संयोजक राकेश कुमार निषाद के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से बीते सप्ताह सदन में रमेश बिधूड़ी द्वारा की गई दुष्ट टिप्पणी के खिलाफ राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि अभी तक हम भारत के लोग इस यकीन पर गर्व करते आ रहे हैं कि देश भारत की अनेकता में एकता और हिन्द देश के निवासी सभी जन एक हैं की लोकतन्त्र व राष्ट्रीयता की भावना से ओत-प्रोत हैं। किन्तु लोकसभा में रमेश बिधूड़ी के दुष्ट वक्तव्य ने ब्रह्मांड के सबसे बड़े लोकतंत्र को शर्मसार किया है ऐसे विकृत चित्त लोग सुनहरे लोकतन्त्र पर काले धब्बे हैं। ज्ञापन में राष्ट्रपति से माँग की गई है कि दो समूहों में दुश्मनी को बढ़ावा देने वाले रमेश बिधूड़ी जैसे लोकतन्त्र के हत्यारे को सदन से तत्काल बर्खास्त किया जाय और भविष्य में सदन में पहुँचने की सम्भावना को शून्य किया जाय। उधर मोस्ट कल्याण संस्थान के निदेशक शिक्षक श्यामलाल निषाद 'गुरुजी' ने ट्वीट कर कहा कि आज तक हम क्लास में यही पढ़ाते आ रहे हैं कि देश भारत में अनेकता में एकता है, हम विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के साक्षी हैं किंतु लोकसभा में रमेश बिधूड़ी के दुष्ट वक्तव्य ने देश के गौरव लोकतन्त्र को कलंकित करने का कार्य किया है, ऐसे दुर्भावनापूर्ण मानसिकता से ग्रसित लोगों का सरकार द्वारा तत्काल मानसिक इलाज कराया जाना चाहिए।

## फास्ट फॉरवर्ड

### विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन




**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व जनपद न्यायाधीश, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में व अपर जिला जजध्सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमाशंकर कहार के मार्गदर्शन में सोमवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन ब्लाक बछरावां के सभागार में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विसुनपुर के ग्राम प्रधान व प्रधान संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा द्वारा की गयी तथा इस कार्यक्रम का संचालन पराविधिक स्वयं सेवक बृजपाल द्वारा किया गया। उक्त शिविर को सम्बोधित करते हुए थानाध्यक्ष बृजेश कुमार राय के द्वारा महिलाओं के विधिक अधिकार, महिलाओं का यौन उत्पीड़न व ड्रग्स स्मोकिंग आदि के साथ-साथ महिला हेल्प लाइन नम्बर के बारे में विस्तारपूर्वक विधिक जानकारी दी गई। इस अवसर उक्त जागरुकता शिविर में ए0डी0ओ डिम्पल रावत, पराविधिक स्वयं सेवक बृजपाल, करुणा सिंह, दीक्षा, जालिपा प्रसाद, दुशेन्द्र कुमार, सरिता देवी व रामकुमार उपस्थित रहे।

### व्यापारियों ने जिलाधिकारी से की शिष्टाचार भेंट



**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश उपाध्यक्ष बसन्त सिंह बग्गा के नेतृत्व में व्यापारियों के एक प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाधिकारी सुश्री हर्षिता माथुर से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान व्यापारियों ने जिलाधिकारी को व्यापारिक समस्याओं से भी अवगत कराया।

जिलाधिकारी ने विश्वास दिलाया कि व्यापारियों को व्यापार करने में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होने पायेगी और किसी भी कीमत में व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं होने दिया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश संगठन मन्त्री मुकेश रस्तोगी, मनोज गुप्ता, मो0 शाकिब कुरैशी, आशु श्रीवास्तव, जितेन्द्र मौर्या, सत्यांशु दुबे, अनुज त्रिवेदी, पवन अग्रहरि, मुन्ना पाण्डेय, पिन्टू सिंह, प्रिन्सू वैश्य आदि तमाम पदाधिकारी रहे।

### कुरान व पैगम्बरे इस्लाम के बिना हिदायत मुमकिन नहीं- मौलाना अली यार अलवी

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली** (इम्तियाज अहमद खान)। मरकजे अहले सुन्नत दारूल उलूम हबीबिया गुलशने रजा जगपाल ताल, रायबरेली की तरफ से जश्ने आमदे रसूल सल्लाहो अलैहि वसल्लम का 12 दिवसीय कायर्क्रम का आठवां कायर्क्रम उत्तर दरवाजा में आयोजित हुआ। जिसकी सरपरस्ती आले रसूल हजरत अल्लामा मौलाना सैयद मो0 अहमद अशरफी जायसी साहब, संरक्षता हाफिज अनीस अहमद कुरैशी प्रबंधक मदरसा व संचालन हाफिज सुहैल अख्तर रजा खान ने किया। कायर्क्रम की शुरुआत हाफिज शाहरूख साहब ने कुरआन पाक की तिलावत से किया। शायरे इस्लाम जनाब हाफिज इजहार, हाफिज गुलफाम, मोलवी फहीम, हाफिज सुल्तान रजा ने बारगाहे रिसालत में नात पाक पेश किया। खुसूसी खिताब करते हुये हजरत अल्लामा मौलाना अली यार अलवी साहब ने मीलादे मुस्तफा के बारे में विस्तारपूवर्क बताया, उन्होंने कहाकि नबी करीम ने जिस तरह जिन्दगी गुजारी है हमें भी उसी तरह जिन्दगी गुजारना चाहिए तभी मीलादे मुस्तफा मनाने का हक अदा होगा। उन्होने कहा कि कुरान व पैगम्बरे इस्लाम के बिना हिदायत मुमकिन नहीं है और मीलादे मुस्तफा मनाना बाइसे सवाब है। इसके बाद सलात व सलाम हुआ और फिर मौलाना तसव्वर अली मिस्बाही साहब की दुआ पर जलसे का समापन हुआ। इस मौके पर हाफिज सुहैल अख्तर खान, मुफ्ती फैयाज अहमद, मौलाना तसव्वर अली मिस्बाही, हाफिज मो0 मुश्ताक, कारी मो कमर रजा, हाफिज वली मोहम्मद, हाफिज शाबानुद्दीन, हाफिज इमरान, मास्टर एजाज, अख्तर हुसैन, इकबाल अहमद, मो0 शोएब, हाजी कमरूल हसन, नबी हसन, मो0 अहमद, शमीम अहमद, जावेद भाई, शफीक, के साथ-साथ मोहल्ले के लोग कसीर तादाद में मौजूद रहे।

### प्राथमिक स्वास्थ केंद्र हरदासपुर में मनाया गया विश्व फार्मासिस्ट दिवस


**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** सोमवार को वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे के मौके पर प्राथमिक स्वास्थ केंद्र, हरदसपुर रायबरेली में फार्मासिस्ट राजकुमार को अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया एवं बड़े धूम धाम से वर्ड फार्मासिस्ट डे मनाया गया। डॉ0 वंदना रावत (च्भ्ब्, हरदासपुर, रायबरेली) ने कहा कि एक फार्मासिस्ट समाज में कई जरूरी कार्य करता है जिसमें मरीजों को सही सलाह देना उनका सही इलाज करना और उनके लिए दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना शामिल है। फार्मासिस्ट्स के इसी योगदान के प्रति सम्मान जाहिर करने के हर साल 25 सितंबर को वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे मनाया जाता है। फार्मासिस्ट राजकुमार ने कहा की इस दिन प्रत्येक व्यक्ति को उचित स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में फार्मासिस्ट्स द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में लोगों को जागरूक किया जाता है। इस खास दिन स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपना अहम योगदान देने के लिए फार्मासिस्ट्स को सम्मानित किया जाता है। इस दिन को मनाने का सबसे अच्छा तरीका फार्मासिस्ट्स के प्रयास को पहचानना और वे हमारे लिए जो भी कर रहे हैं, उसके लिए उन्हें धन्यवाद देना है। कार्यक्रम में हरदसपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा प्रभारी डा. विराट मिश्रा, डा. वंदना रावत, प्रशिक्षणी गुलाम अहमद सिद्दीकी, फार्मासिस्ट राजकुमार, लैब टेक्नीशियन दिव्यांशु वर्मा, स्टाफ नर्स पूनम, छड। सुधीर सिंह तथा अन्य फार्मासिस्ट साथी आमिर, अनुज, लवकुश आदि लोग उपस्थित रहे।

### बिल्डिंग मैटेरियल एसोसिएशन प्रतिनिधिमण्डल ने जिलाध्यक्ष संदीप शुक्ल के नेतृत्व में जिलाधिकारी से की शिष्टाचार भेंट

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** बिल्डिंग मैटेरियल एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष संदीप शुक्ल के नेतृत्व में नवनियुक्त जिलाधिकारी श्रीमती हर्षिता माथुर से शिष्टाचार भेंट की एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। जिलाधिकारी श्रीमती हर्षिता माथुर ने आश्वासन दिया कि कभी भी व्यापारियों का अहित नहीं होने देंगी एवं व्यापारियों के मान सम्मान का हमेशा ध्यान रखा जाएगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री सर्वेश प्रताप सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सरनाम सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सुरेश चांदनी, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु मौर्य, जिला उपाध्यक्ष नवीन रजवानी, जिला संगठन मंत्री मयंक चांदनी, जिला संगठन मंत्री उमेश पटेल, जिला संगठन मंत्री देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव, मयंक मौर्य, शैलेंद्र मौर्य, मोहम्मद मंजूर आदि उपस्थित रहे।

### इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन रायबरेली के पदाधिकारियों ने की जिलाधिकारी से भेंट

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** सोमवार को इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन रायबरेली चैप्टर के चेयरमैन अर्पित सिंघल की अनुपस्थिति में एक्टिंग चेयरमैन पीयूष सिकरिया, सेक्रेटरी सिद्धार्थ जैन, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल एवं उद्योगपतियों ने जिलाधिकारी हर्षिता माथुर का भव्य अभिनंदन स्वागत किया। संजय बंसल ने कहा कि पूर्व में भी इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन को जिलाधिकारी का सहयोग मिलता रहा है और आपने पूर्व में जैसा कासगंज और गोरखपुर में कार्य किया ऐसी ही अपेक्षा हम आपसे रखते है और हम आपसे भी यही अपेक्षा करते है की आपका सहयोग और सानिध्य हमारी संस्था को मिलता रहे।श्री विशम्बर जीवनानी जी ने कहा की अब आप भी हमारे परिवार का हिस्सा है और हम सभी चाहेंगे की आप हमारे परिवार का मुखिया बनकर हमारी सभी समस्याओं का निवारण करेंगी।इस मौके पर इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन की तरफ से अनुज चंदवानी, अविरल नेगी, मोहित गुप्ता, रवि अग्रवाल, कुश सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।



# लखनऊ एक्सप्रेस


| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |



# वर्षों से अतिक्रमण का शिकार कोताहा झील पर नहीं पड़ रही प्रशासन की नजर

* वृक्षारोपण हेतु संरक्षित भूमि भी हो गई गायब

जन एक्सप्रेस । विश्वामित्र पांडेय/आशीष कुमार सिंह





**लखनऊ।** राजधानी में राजधानी में किए जा रहे सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे को लेकर प्रशासन की शक्ति इसी बात से जान पड़ती है कि सरोजिनी नगर तहसील के अंतर्गत आने वाली कोताहा झील प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा बेच डाली गई। लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि इस झील के पुनरुद्धार हेतु प्रशासन की नजर आज तक नहीं पहुंच पाई।
जनपद लखनऊ के सरोजिनी नगर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत तेज कृष्ण खेड़ा के गाटा संख्या 445 क रकबा लगभग 129 बीघा जोकि तालाब खाते में दर्ज है, लेकिन राजस्व अधिकारियों की नजर आज भी इस तालाब को सुरक्षित करने पर नहीं पड़ी। तालाब की जमीन को बहुतायत मात्रा में बिल्डरों द्वारा प्लाटिंग करके बेचा जा चुका है।
वहीं ईट गांव के गाटा संख्या 484 व 1080 पर भी अवैध कब्जा कर बहुतायत मात्रा में घर बनाए जा चुके हैं। फिलहाल तहसील प्रशासन भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी जमीनों की कालाबाजारी आज भी जारी है लेकिन प्रशासन की नरमी के कारण फर्जी तरीके से प्रापर्टी डीलर जमीनों का काला कारोबार कर रहे हैं।
दूसरी तरफ ग्राम पंचायत पुरैना के मजरा सराय मुहीब में वृक्षारोपण हेतु लगभग 5 बीघा सरक्षित भूमि की बलि प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा चढ़ा दी गई है। जोकि तहसील प्रशासन की सुस्ती का जीता जागता प्रमाण माना जा सकता है।

### बड़ा सवाल!

- कोताहा तालाब के अस्तित्व पर छाए संकट का कौन है जिम्मेदार?
- लेखपाल द्वारा क्यों नहीं की गई तालाब पर हुए अतिक्रमण की शिकायत?
- आखिर कोताहा तालाब को खाली कराने के लिए कब चलेगा बाबा का बुलडोजर?

### पूर्व में भी हुए हैं जांच के आदेश

जानकारों की माने तो पूर्व में भी सक्षम अधिकारियों द्वारा तेज कृष्ण खेड़ा में कोताहा झील पर किए गए अतिक्रमण की जांच के आदेश किए गए हैं, लेकिन वह सारे आदेश सरकारी फाइलों के बंडल में कहीं दबकर रह गए। हालांकि लोगों का मानना है कि जब सरकार अपनी जमीन को संरक्षित करने में सफल नहीं हो पा रही है, तो आम आदमी को अपनी संपत्ति किसी दूसरे द्वारा कब्जाए जाने की शिकायत करने के बाद उसका निस्तारण न हो पाना जायज है।

### मुख्यमंत्री के आदेशों का भी नहीं हो रहा असर

फिलहाल प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में अपने अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा है कि अधिकारी अपनी कार्य शैली में या तो सुधार करें या फिर कुर्सी छोड़ने के लिए तैयार रहें। हालाकि मुख्यमंत्री के फरमान के बावजूद कुछ अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को लेकर सजग नहीं हो रहे। ऐसे में राजधानी में हो रही जमीनों की कालाबाजारी पर अंकुश लग पाना नामुमकिन सा माना जा रहा हैं।

### रजिस्ट्रार कार्यालय पर भी धड़ल्ले से हो रही फर्जी रजिस्ट्री

सूत्रों की माने तो तहसील से लेकर रजिस्ट्रार ऑफिस तक जमीन की कालाबाजारी का असर देखने को मिल रहा है। सूत्रों का मानना है कि रजिस्ट्रार ऑफिस में भी ग्राहकों व किसानों की आंखों में धूल झोंक कर प्रॉपर्टी का गोरखधंधा तेजी से फल –फूल रहा है।

# अमर बलिदानियों की स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

* शहीदों के बताएं मार्ग का अनुसरण करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि: उदय खत्री
* स्वाधीनता संग्राम के तीन महान क्रांतिवीरों जतिन नाथ दास,मादाम भीखाई जी कामा एवं प्रीतीलता वादेदार के चित्र पर किया गया माल्यार्पण

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



स्वाधीनता संग्राम के तीन महान क्रांतिवीरों जतिन नाथ दास, मादाम भीखाई जी कामा एवं प्रीतीलता वादेदार की पावन स्मृति में आज सायकाल मेहंदी बिल्डिंग गौतम बुद्ध मार्ग पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रामकृष्ण खत्री जी के आवास पर उनके बेटे उदय खत्री ने पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया।अमर शहीदों की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में उदय खत्री ने कहा कि हमें आजादी बड़े बलिदानों के बाद मिली है,अपने क्रांतिकारियों को याद करना और उनके पदचिन्हों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।इस अवसर पर स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी की बेटी कल्पना पाण्डेय दीपा, उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के चेयरमैन अज़ीज़ सिद्दीकी, महामंत्री अब्दुल वहीद, जितेन्द्र कुमार खन्ना, आलोक सिन्हा, आदर्श सिन्हा, ललित कुमार सहित कई गणमान्य अतिथियों ने अमर शहीदों को पुष्प अर्पित किए और नमन किया।

# चालक की मौत पर शव रखकर प्रदर्शन



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ में हुए एक जानलेवा हमले में घायल हुए कार चालक तौहीद की इलाज के दौरान रविवार देर रात मौत हो गई। इस मामले में अब तक नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज परिजनों ने आम्रपाली चौराहे पर शव को रखकर सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। उन लोगों ने मुआवजे की भी मांग की। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को उचित कार्रवाई का भरोसा देकर शांत कराया और फिर प्रदर्शन खत्म हुआ। इसी प्रदर्शन के दौरान एक समय ऐसा आया जब भीड़ आक्रोशित हो गई। आक्रोशित भीड़ ने बीट के सिपाही सूरज सिंह पर हमला कर दिया। उसके साथ धक्का-मुक्की हुई और वर्दी फाड़ने की कोशिश की गई। पुलिस के अन्य अधिकारियों ने उसे जैसे-तैसे लोगों की भीड़ से बचाया। गाजीपुर के लवकुशनगर इलाके में प्राइवेट कार चालक तौहीद 20 अपने परिवार संग रहता था। उसके पिता शकील के मुताबिक चार सितंबर की रात करीब 9 बजे तौहीद काम से वापस लौटा और गाड़ी खड़ी कर दी। इस बीच तौहीद के दो जानने वाले गाजीपुर गांव निवासी शुभम वर्मा और आनंद उनके घर पहुंचे और बहाने से तौहीद को अपने साथ बुलाकर ले गया। करीब एक घंटे के बाद परिजनों के पास महानगर पुलिस का फोन आया और सूचना दी कि तौहीद बुरी तरह घायल अवस्था में फातिमा अस्पताल के पास पड़ा है और उसको इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था। प्रदर्शन की सूचना पाकर मौके पर गाजीपुर व इंदिरानगर पुलिस भी पहुंच गई। इंस्पेक्टर गाजीपुर सुनील कुमार सिंह ने परिजनों को उचित कार्रवाई करने का भरोसा देते हुए उनको शांत कराया और फिर प्रदर्शन खत्म किया गया। परिजनों का यह भी आरोप है कि पुलिस ने नामजद एक आरोपी को पकड़ कर उसको छोड़ भी दिया। इस पूरे मामले में डीसीपी नॉर्थ कासिम आब्दी का कहना है कि जांच के दौरान पुलिस को इस बात का पता चला है कि चार सितंबर को तौहीद महानगर इलाके में ट्रेन की चपेट में आ गया था। इस बारे में ट्रेन के चालक ने सूचना भी दी थी। पुलिस ने ट्रेन चालक से बातचीत की है। फिलहाल परिजनों के आरोप के आधार पर जांच की जा रही है।

# अज्ञात ठग ने महिला से रुपए व जेवरात लेकर हुए फरार, महिला ने की शिकायत



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

तीन अज्ञात ठगो ने नगर पंचायत इटौंजा की राम जानकी व उनकी पुत्री अनुष्का को बहला फुसला कर तथा तंत्र मंत्र का झांसा देकर उनके लाखों रुपए के जेवर उतरवा कर चलते बने। बता दें कि भुक्त भोगी राम जानकी व उनकी पुत्री अनुष्का अपने पुत्र आनंद गुप्ता को इंटीग्रल यूनिवर्सिटी कुर्सी को देखने जा रही थी जहां उनके पुत्र के पथरी का इलाज चल रहा था आशीष गुप्ता की दुकान इटौंजा के पास तीन ठग मां बेटी को मिले उन्होंने मां बेटी से पूछा की अस्पताल में दवा मिलती है इस प्रकार उनको बहला फुसलाकर एकांत स्थान को ले गए इन ठगो ने मां बेटी को पहले बहलाया फुसलाया और तंत्र-मंत्र की विद्या बताई महिला को अपने विश्वास में लेकर कहा मैं तुम्हारे पुत्र के प्राण रक्षा कर सकता हूं यह महिलाएं उनकी बातों के झांसे में आकर अपने सारे गहने सोने की अंगूठी बाला मंगलसूत्र तथा पांच हजार रुपए नगद उनको सौंप दिए। इन ठगो ने महिलाओं को एक पोटली थमा दी और उनसे कहा कुछ दूर जाकर इस पोटली को खोलना जब वे कुछ दूर पहुंची तो उन्होंने पोटली को खोला तो देखा उसमें पत्थर की गिट्टियां उनके हाथ लगी यह देखकर वह हक्का-बक्का रह गई और तुरंत स्थानीय इटौंजा थाने पहुंची पुलिस आनन फानन में घटना स्थल पर पहुंचकर ठगो की तलाश की पर ठग पुलिस के हत्थे नहीं चढ़े। ठग अज्ञात व्यक्ति मौके से फरार हो गए।

# 'सत्र शुरू होने के पहले होगी गन्ना मूल्य वृद्धि, आवारा पशुओं पर होगा नियंत्रण'

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा है कि गन्ने के नए सत्र की शुरुआत से पहले गन्ना मूल्य वृद्धि और भुगतान, दोनों महत्वपूर्ण निर्णय किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि शुगर मिल मालिकों को चेतावनी दी गयी है कि किसानों का गन्ना भुगतान शत-प्रतिशत सुनिश्चित करें अन्यथा ऐसी शुगर मिलों के रकबे में कटौती की जायेगी। मुख्यमंत्री सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से अपने सरकारी आवास पर मुलाकात कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने किसानों को फ्री बिजली दिए जाने के मुद्दे पर कहा कि ग्रामीण और निजी नलकूप के फीडर अलग कर दो माह के अन्दर किसानों के बिजली बिल शून्य किए जायेंगे। इसी तरह किसानों की मांग पर कहा कि गांव-गांव में चौपाल लगाकर राजस्व त्रुटियों को सही कराया जाएगा। आवारा पशु के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं, गंगा एक्सप्रेस-वे पर सर्विस रोड का निर्माण कराया जाएगा। वहीं कृषि विभाग की ओर से नकली खाद बीज दवा को रोकने हेतु अभियान भी चलाया जाएगा। सीएम से मिले प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर राजेश सिंह चौहान, चेयरमैन बाबा राजेन्द्र सिंह मलिक, राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेन्द्र मलिक, प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम सिंह, दिगम्बर सिंह प्रदेश अध्यक्ष युवा, मांगेराम त्यागी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अनिल तालान महासचिव, राजवीर सिंह, राज कुमार तोमर, पवन हुण, रामबरन वर्मा थे। इससे पहले भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की ओर से ईको गार्डेन में पंचायत के लिए प्रदेश भर से किसान एकत्र हुए। पंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर राजेश सिंह चौहान ने कहा कि हम किसी से डरने वाले नहीं हैं। कुछ किसान संगठन किसानों का सौदा करके गरिमा को गिरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर सरकार आज किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं करती तो हम लखनऊ से जाने वाले नही हैं। राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेन्द्र मलिक ने कहा कि गन्ना भुगतान न होने के कारण प्रदेश के कुछ जिलों में काफी समस्या है। हालांकि प्रदेश सरकार की ओर से भुगतान में तेजी लाई गयी है और बहुत सारी शुगर मिलों ने भुगतान किया है। किसानों को कम से कम 450 रुपये प्रति कुंतल गन्ने का रेट दिया जाए। सरकार की घोषणा के मुताबिक किसानों के निजी नलकूपों के बिजली बिल भी शून्य किए जाएं, जिससे किसानों को राहत मिल सके। प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम सिंह ने कहा कि आवारा पशुओं से पूरा प्रदेश परेशान है। सरकार इस समस्या का समाधान निकाले।

# किसान यूनियन राजू गुट ने बीकेटी एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी



**बीकेटी, लखनऊ।** बख्शी का तालाब लखनऊ तहसील बीकेटी के परिसर में भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुप्ता संगठन के तत्वाधान में सैकड़ो किसानों ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। बता दें कि इस अवसर पर राजू गुप्ता ने बताया कि पैकरामऊ की शमशान भूमि पर दबंगों ने अवैध तरीके से जमीन को हथियार रखा हैं हनुमंतपुर गांव में 73 लोगों वन विभाग द्वारा नोटिस दी गई जिसमें उल्लेख किया है कि उनके मकान वन विभाग के जमीन पर बने हुए हैं इन्होंने मांग की है कि इनको कब्ज दिया जाएं, दसौली गांव में सरकारी जमीन पर कुछ प्रभावशाली लोगों ने कब्जा जमा रखा है इसी क्रम में रजौली ग्राम शिवपुरी में गाटा संख्या 1578, 1518,1546, तथा अन्य घाटा संख्या पर राजस्व अभिलेखों में परती दर्ज है कुछ दबंगों ने इस जमीन पर कब्जा जमा रखा है इसी क्रम में शिवपुरी गाटा संख्या 1568, 1575, तथा अन्य गाटा संख्या पर साहू नमक व्यक्ति ने अवैध रूप से कब्जा किए हैं। वहीं भारतीय किसान यूनियन ने 32 सूत्रीय मांगों को लेकर अपना ज्ञापन मांग पत्र उपजिलाधिकारी बीकेटी सतीश चन्द्र त्रिपाठी को सौंपा है।

# यूबीएस स्कूल के प्रबंधक ने गणेश की प्रतिमा किया विसर्जन



जन एक्सप्रेस/बीकेटी, लखनऊ। लखनऊ जिले के बख़्शी का तालाब कठवारा गांव निवासी एडवोकेट एवं यूबीएस स्कूल अध्यक्ष पंकज सिंह ने गणेश प्रतिमा गोमती नदी में विसर्जन किया। बता दे कि वरिष्ठ एडवोकेट पंकज सिंह ने कठवारा गांव अपने घर से गणेश प्रतिमा लेकर ढोल लगाड़े व बाजें गाजे के साथ गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते हुए मंझी पल के पास गोमती नदी में गणेश प्रतिमा विसर्जन की। वहीं इस गणेश विसर्जन में यूबीएस स्कूल की टीचर एवं ग्रामीण मौजूद रहें। इस मौके पर खाटू श्याम मंदिर संस्थापक यशपाल सिंह, एडवोकेट पंकज सिंह, पवन सिंह, अंशुमान बाजपेई, यूबीएस स्कूल की टीचर व ग्रामीण मौजूद रहें।


## महत्वपूर्ण सूचना

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा प्रयोगात्मक आधार पर रेलगाड़ी सं. 19615/19616 (पूर्व सं. 19709/19710) उदयपुर सिटी–कामाख्या साप्ताहिक एक्सप्रेस को किशनगढ़ स्टेशन पर निम्नलिखित सूची में दर्शायी गई तिथि से अगले आदेश तक ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। ठहराव की समय–सारणी निम्नानुसार होगा:–

| गाड़ी सं. 19615 उदयपुर सिटी–कामाख्या एक्स. तत्काल प्रभाव से | | स्टेशन | गाड़ी सं. 19616 कामाख्या –उदयपुर सिटी एक्स. दिनांक 28.09.2023 से | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| 20:50 | 21:00 | अजमेर | 18:10 | 18:20 |
| 21:27 | 21:29 | किशनगढ़ | 17:22 | 17:24 |
| 23:00 | 23:10 | जयपुर | 15:55 | 16:10 |

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय–सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

2985/2023

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे आपकी सुविधा - हमारा ध्येय www.nr.indianrailways.gov.in आज़ादी का अमृत महोत्सव

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# शिक्षा निदेशालय पहुंचे शिक्षक, घंटों चले प्रदर्शन के बाद निदेशक से हुई वार्ता

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में जिले के अंदर परस्पर तबादले के लिए सोमवार को फिर प्रदेश भर के शिक्षक बेसिक शिक्षा निदेशालय पहुंचे। धरने पर बैठे शिक्षकों ने कहा कि सभी आवश्यक औपचारिकता पूरी करने के बाद भी उनका तबादला नहीं किया जा रहा है। इससे शिक्षक काफी परेशान हैं। दोपहर बाद शिक्षकों की बेसिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव से सकारात्मक वार्ता हुई है। धरने पर बैठे शिक्षकों ने कहा कि जिले के अंदर परस्पर तबादले का शासनादेश जनवरी 2023 में जारी हुआ। इसके अनुसार इस प्रक्रिया को गर्मी की छुट्टियों में पूरा कर लेना था लेकिन विभाग नहीं कर सका। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता से यह प्रक्रिया पिछड़ती गई। सात माह बाद इसकी सारी औपचारिकता पूरी की गई तो अब कहा जा रहा है कि जाड़े की छुट्टियों में इसे पूरा किया जाएगा। तबादला न होने से कोई शिक्षक 100 किलोमीटर तो कोई इससे अधिक की दूरी प्रतिदिन तय कर रहा है।

# गाजीपुर थाने की पुलिस की मदद से धारा 307 के आरोपी पकड़ से दूर, नहीं रहे घायल युवक मो. तौहीद

* लाश रखकर परिजनों ने मोहल्ले वालों की मदद से आम्रपाली चौराहे पर किया प्रदर्शन, पुलिस पर लगाया लीपापोती का आरोप

जन एक्सप्रेस । लखनऊ





पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता को यह आश्वसन दिया था कि इससे कानून-व्यवस्था में व्यापक सुधार होगा और पुलिस का जनपक्षधर चेहरा सामने आएगा लेकिन व्यवहार में हो रहा है ठीक इसका उल्टा। अपराधियो से मिलीभगत के लिए कुख्यात हो चुकी लखनऊ पुलिस के ऊपर सोमवार को आम्रपाली चौराहा, इंदिरा नगर में एक युवक की लाश रखकर उसके परिजनों ने पुलिस के ऊपर गंभीर आरोप जड़ दिया। लवकुश नगर, इंदिरा नगर के निवासी 20 वर्षीय मो. तौहीद को उसके मित्र घर से 04 सितम्बर को बुलाकर ले गए और उसके ऊपर प्राणघातक हमला करके भाग गए जिसकी सूचना उसके पिता को महानगर थाने की पुलिस ने रात में लगभग 12 बजे के आसपास दिया। पुलिस ने ही घायलावस्था में उसे केजीएमयू के ट्रामा सेंटर दिया। जैसा कि हर मामले में होता है कि पुलिस जल्दी एफआईआर ही नही लिखती है और जिन मामलों आरोपियों से पैसा मिल जाता है उसमें तो उल्टा पीड़ित पक्ष को ही घमकाए जाने लगता है। इलाज के दौरान घायल युवक मो. तौहीद को होश आ जाता है और वह यह बताता है कि उसके दो मित्र शुभम और आनंद उसे रात में घर से बुलाकर ले गए थे, उन्होंने ही उसे मारा है। उसने यह भी बताया था कि पहले उसके साथ मारपीट हुई और उसने मुकाबला किया और बाद में कुछ और अज्ञात लोग आ गए जिसके नाते वह मुकाबला नहीं कर पाया और घायल हो गया। इसके बाद मो. तौहीद फिर अचेत हो गया और वह आईसीयू में चला गया , जहां उसकी सोमवार को मृत्यु हो गई। मो. तौहीद के पिता मो. शकील के प्रार्थनापत्र पर बहुत मुश्किल से इस मामले की 20 सितंबर को गाजीपुर थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट ~ 0409 / 20- 09-2023 , अंतर्गत धारा 307 पंजीकृत हुई। आज हमले में घायल मो. तौहीद इस संसार से विदा हो गया लेकिन अभी तक हमलावर कानूनी कार्रवाई से दूर है और पुलिस इस हत्याकांड को दुर्घटना का रूप देने के लिए लगातार प्रयासरत है। पुलिस के इस कार्यप्रणाली से परेशान मो. तौहीद के परिजनों ,जिसमें उसकी गर्भवती पत्नी भी शामिल थी , आज इंदिरा नगर के आम्रपाली चौराहे पर उसका शव रखकर प्रदर्शन किया। परिजनों ने गाजीपुर थाने के अंतर्गत सेक्टर 19 चौकी प्रभारी के रामधीरज और सिपाही सूरज पर आरोपियों से मिलीभगत करने का आरोप लगाया।

यह कोई पहला मौका नहीं है कि पुलिस पर पैसा लेकर आरोपियों को बचाने का आरोप लगा है बल्कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू होने के बाद लखनऊ पुलिस बेलगाम हो गई है। पुलिस द्वारा जजनता के किए जा रहे शोषण , उत्पीड़न और दमन को लेकर सत्तारूढ़ दल के सांसद और विधायकों ने शातिराना चुप्पी साध रखी है इसलिए पुलिस बिलकुल मनमानी पर उतर आई है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# सनातन के विरोध की सच्चाई

**इस देश को हजारों वर्ष तक एक रखा, उसे तोड़ने और देश को गुलाम बनाने के लिए पुन कुछ शक्तियों द्वारा प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में एक रिट याचिका की सुनवाई करते हुए मद्रास हाई कोर्ट ने अभी हाल में ही कहा –सनातन धर्म शाश्वत कर्तव्यों का एक समूह है, इसे कई स्रोतों से एकत्र किया गया है। सर्वोच्च न्यायालय हिंदुत्व को कोई मजहब ना मानते हुए देश की संस्कृति और राष्ट्रीयता का पर्याय मान चुका है। इस धर्म को मिटाने के लिए आक्रांताओं ने पता नहीं कितने प्रयास किए।**

*सनातन अथवा हिंदू धर्म के विरोध का सिलसिला एक प्रयोग है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे एवं राज्य सरकार के मंत्री उदय निधि के बाद डीएमके के ए राजा और प्रियंक खड़गे के बाद बिहार राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष जगतानंद सिंह भी इस मैदान में कूद चुके हैं। कार्ति चिदंबरम, मल्लिकार्जुन खड़गे, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और मंत्री जी. परमेश्वर टीका टिप्पणी से पीछे नहीं रहे। इन सब का उद्देश्य तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री पोनगुडी ने व्यक्त कर दिया की विपक्ष के गठबंधन बनाने का मकसद ही सनातन का विरोध करना है। यह निर्विवाद सच्चाई है कि हिंदू धर्म शास्त्रों में ऐसी कोई सूची नहीं है, जिसमें ऐसा कहा गया हो कि फला फला जातियां अछूत हैं। डॉ. आम्बेडकर ने लिखा है कि वेदों में छुआछूत का कोई उल्लेख नहीं है। हिंदू धर्म शास्त्रों में वर्ण व्यवस्था का जरूर उल्लेख है लेकिन वर्ण भेद का नहीं। हिंदू शास्त्रों में जो शूद्र शब्द का उल्लेख है इसका अर्थ शिल्पी या कुशल कलाकार होता है। इन्हीं परंपरागत व्यवसाय वालों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने जन्मदिन और विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष में दिल्ली में मिले। उनकी समस्या जानी। इस अवसर पर 300000 रुपये तक का गारंटी का लोन देने का ऐलान किया। निश्चित रूप से इससे उनके और उनके परिवार के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा। सच्चे अर्थों में प्राचीन जाति व्यवस्था की तुलना आधुनिक आर्थिक गिल्डो से की जा सकती है। आज के दौर में सनातन का प्रतिनिधित्व करने वाली विश्व हिंदू परिषद 1969 के उडुपी सम्मेलन में यह घोषित कर चुकी है-हिंदवासोदरा~ सर्वे'यानी सभी हिंदू भाई-भाई हैं। निसंदेह उदय निधि जैसे लोग जब सनातन का विरोध करते हैं तो इसमें उसी धारा का प्रवाह होता है जो डीएमके का मुख्य उद्देश्य रहा है- सनातन और हिंदू धर्म को गाली देकर सत्ता में बने रहने की राजनीति? इसके पहले रामा स्वामी पेरियार के कारनामों से देशवासी परिचित होंगे, जिन्होंने आर्य बनाम द्रविड़ की थ्योरी विकसित करते हुए अलग द्रविड़स्तान की मांग की थी। बीते कई सालों से यह मुद्दा ठंडा पड़ा हुआ था। यद्यपि इस दौर में भी जाति और संप्रदाय की राजनीति करने वालों की कमी नहीं रही लेकिन बड़ा सवाल टाइमिंग का है। गौर करने की बात यह है कि आखिर इसी समय सनातन का मुद्दा क्यों उठाया गया। जबकि कभी विवेकानंद ने इसी सनातन की पताका पूरे विश्व में फहराई थी। गांधी जी भी अपने को सनातनी और हिंदू कहने में गर्व महसूस करते थे। महान इतिहासकार अर्नाल्ड टायनबी ने लिखा है-हिंदू धर्म 'जियो और जीने दो' का धर्म है। इंग्लैंड के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक हिंदू होने पर गौरव महसूस करते हैं और खुलकर जय श्री राम बोलते हैं। आज पूरी दुनिया में कहीं न कहीं हिंदू धर्म के प्रति उसकी सहिष्णुता और वैज्ञानिकता के चलते आकर्षण बढ़ता जा रहा है। ऐसी स्थिति में यह बात समझ के परे है कि हमारे देश में ही सनातन का ऐसा विरोध क्यों? दिखता तो यह है कि जो लोग सनातन में भेदभाव और असमानता की शिकायत कर रहे हैं, वह कुल मिलाकर जातिवाद की शिकायत कर रहे हैं, पर वही लोग जातिवाद को बढ़ावा देने के लिए खास तौर पर पिछड़ी जातियों को अपने पक्ष में करने के लिए यह सभी उपक्रम कर रहे हैं। इनको लगता है कि ऐसा करके वह चुनाव में भाजपा को चुनौती दे सकते हैं। जाति जनगणना की मांग भी इसी का एक बड़ा पहलू है। पर इन्हें पता नहीं की गंगा और कावेरी में अब बहुत पानी बह चुका है और समय की धारा को पीछे नहीं किया जा सकता। सनातन तो चिर नूतन है, क्योंकि वह सतत परिवर्तनशील है। महात्मा गांधी का कहना था कि हिंदू धर्म ही दुनिया में मात्रा ऐसा धर्म है जिसमें सुधार के लिए सतत प्रक्रिया चलती रही। महात्मा बुद्ध, महावीर, आचार्य शंकर, रामानंद, कबीर, वल्लभाचार्य और स्वामी दयानंद सरस्वती सभी हिंदू धर्म को अंदर से मांजते रहे।*

## एक्सप्रेस आलेख

**बहरहाल, यह समझना बहुत जरूरी है कि आखिर पर्यावरण स्वास्थ्य है क्या? किसी क्षेत्र विशेष के रासायनिक, भौतिक और सांस्कृतिक वातावरण को उसके पर्यावरणीय स्वास्थ्य के रूप में जाना जाता है और किसी क्षेत्र का पर्यावरणीय स्वास्थ्य वहां की वायु की खराब गुणवत्ता, पर्यावरण में विविधता का नुकसान, रासायनिक असमानताएं तथा ऐसे सभी कारक, जो किसी क्षेत्र के पर्यावरणीय स्वास्थ्य को बिगाड़ते हैं, से प्रभावित होता है। किसी क्षेत्र के पर्यावरणीय स्वास्थ्य को मापने में पर्यावरणीय स्वास्थ्य संकेतक, प्रदूषण का स्तर, पारिस्थितिकी में विविधता, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, स्वच्छता की शर्तें, कृषि उत्पादकता इत्यादि प्रमुख भूमिका निभाते हैं।**

# पर्यावरणीय स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना सबकी जिम्मेदारी



योगेश कुमार गोयल

**बढ़ते प्रदूषण और प्रकृति से खिलवाड़ के कारण ग्रीनहाउस प्रभाव, जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण इत्यादि के कारण हमारे भोजन, पानी और वायु की गुणवत्ता पर सीधा प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण लोगों को सांस लेने में तकलीफ, त्वचा संबंधी रोग सहित कई तरह की गंभीर बीमारियां भी हो रही हैं।**

पर्यावरणीय स्वास्थ्य का मानव स्वास्थ्य से गहरा संबंध है। हमारा पर्यावरण जितना स्वस्थ होगा, हमारा स्वास्थ्य भी उतना ही अच्छा होगा। इसका सीधा सा अर्थ है कि हम अपने स्वास्थ्य के लिए काफी हद तक पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी हैं और इसलिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी है। उत्तम स्वास्थ्य के साथ प्रकृति और पर्यावरण हमें भोजन, कपड़े इत्यादि जीवित रहने के लिए भी हर चीज प्रदान करते हैं, इसलिए न केवल स्वस्थ रहने के लिए बल्कि धरती पर जीवन का अस्तित्व बचाए रखने के लिए प्रकृति और पर्यावरण का ध्यान रखा जाना बेहद जरूरी है लेकिन गहन चिंता का विषय यही है कि अब प्रकृति के साथ मानव जाति द्वारा किए जा रहे खिलवाड़ के कारण ही वैश्विक पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है, जिसका खामियाजा अब दुनिया के लगभग तमाम देश भुगत भी रहे हैं। विकास के नाम पर प्रकृति के साथ किए जा रहे भयानक खिलवाड़ के ही कारण धरती लगातार गर्म हो रही है। चक्रवाती तूफानों का बढ़ता सिलसिला, बाढ़, सूखा, जंगलों में लगने वाली भीषण आग तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं में तेजी, ये सब पर्यावरण का स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण जलवायु में हो रहे बदलावों का ही परिणाम हैं। वैश्विक तापमान में निरंतर हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का बिगड़ता मिजाज समस्त मानव जाति के लिए गंभीर चिंता बनता जा रहा है। भारत के ही संदर्भ में देखें तो अब सर्दियां कम हो रही हैं और गर्म दिन बढ़ रहे हैं, बारिश के मौसम में भी कहीं सूखे जैसी स्थिति बनी रहती है तो कहीं चारों तरफ तबाही ही तबाही नजर आती है। इस वर्ष भी हिमाचल, उत्तराखण्ड, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश से लेकर देश के अनेक हिस्सों में जल तबाही का भयानक नजारा देखा जाता रहा है। पर्यावरण को हो रहे गंभीर नुकसान की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने, पर्यावरण की स्थिति के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने तथा लोगों को इसे और बदतर होने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 26 सितम्बर को एक विशेष थीम के साथ 'विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिवस 'वैश्विक पर्यावरणीय सार्वजनिक स्वास्थ्य~ हर दिन हर किसी के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए खड़ा होना' थीम के साथ मनाया जा रहा है जबकि 2022 की थीम थी 'सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन के लिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करना', जिसका अर्थ था पर्यावरणीय स्वास्थ्य तंत्र को इस प्रकार मजबूत बनाया जाए ताकि लंबे समय तक पर्यावरण और मानव की लंबी उम्र तथा अच्छी सेहत के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। इस दिन पर्यावरण के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाई जाती है। प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना अब पहले के मुकाबले ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। दरअसल पर्यावरणीय परिस्थितियों को बिगड़ने से रोकने के लिए कुछ भी नहीं करके हम न केवल पर्यावरण को बल्कि स्वयं को भी खतरे में डाल रहे हैं क्योंकि हमारा स्वास्थ्य हमारे पर्यावरण से जुड़ा है और पर्यावरण को हो रहे निरंतर नुकसान से मानव जीवन को भी नुकसान झेलना पड़ता है। बढ़ते प्रदूषण और प्रकृति से खिलवाड़ के कारण ग्रीनहाउस प्रभाव, जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण इत्यादि के कारण हमारे भोजन, पानी और वायु की गुणवत्ता पर सीधा प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण लोगों को सांस लेने में तकलीफ, त्वचा संबंधी रोग सहित कई तरह की गंभीर बीमारियां भी हो रही हैं। पर्यावरण का स्वास्थ्य खराब होने से हमारा स्वास्थ्य भी खराब हो रहा है, जिसका सीधा असर हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है। ऐसी ही समस्याओं के मद्देनजर लोगों में पर्यावरणीय स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए 'इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एनवायरनमेंटल हैल्थ' (आईएफईएच) द्वारा 26 सितम्बर 2011 को विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस की शुरूआत की गई थी। इसकी शुरुआत 2011 में डेनपास, बाली (इंडोनेशिया) में हुए पर्यावरण स्वास्थ्य शिखर सम्मलेन और आईएफईएच की बैठक के दौरान हुई थी और इस दिन को दुनियाभर में चिन्हित करने का मुख्य उद्देश्य लोगों की भलाई और स्वास्थ्य की तरफ उनका ध्यान आकर्षित करना था। आईएफईएच वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान के आदान-प्रदान पर केन्द्रित है और इसका बड़ा हिस्सा वैज्ञानिक एवं तकनीकी के लिए कार्य करता है। पूर्ण रूप से पर्यावरण और स्वास्थ्य कार्यों को लेकर समर्पित आईएफईएच पर्यावरण स्वास्थ्य विज्ञान और प्रशासन से संबंधित विषयों पर चर्चा करता है और पर्यावरणीय स्वास्थ्य पर सूचना का आदान-प्रदान करता है। पर्यावरण सुरक्षा कार्यबल के समर्थन के साथ आईएफईएच स्वास्थ्य और हरित पुनर्प्राप्ति में सहयोग करता है। यह उन राष्ट्रीय संस्थानों के लिए एक महासंघ है, जो पर्यावरण स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों पर कार्य करते हैं। 2018 में इस फेडरेशन ने 40 देशों को पूर्ण सदस्यों के तौर पर जगह दी थी। आईएफईएच के अध्यक्ष सुजान पैक्सो के अनुसार दुनिया को यह समझने की आवश्यकता है कि पर्यावरण, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के बीच एक गहन संबंध है। बहरहाल, यह समझना बहुत जरूरी है कि आखिर पर्यावरण स्वास्थ्य है क्या? किसी क्षेत्र विशेष के रासायनिक, भौतिक और सांस्कृतिक वातावरण को उसके पर्यावरणीय स्वास्थ्य के रूप में जाना जाता है और किसी क्षेत्र का पर्यावरणीय स्वास्थ्य वहां की वायु की खराब गुणवत्ता, पर्यावरण में विविधता का नुकसान, रासायनिक असमानताएं तथा ऐसे सभी कारक, जो किसी क्षेत्र के पर्यावरणीय स्वास्थ्य को बिगाड़ते हैं, से प्रभावित होता है। किसी क्षेत्र के पर्यावरणीय स्वास्थ्य को मापने में पर्यावरणीय स्वास्थ्य संकेतक, प्रदूषण का स्तर, पारिस्थितिकी में विविधता, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, स्वच्छता की शर्तें, कृषि उत्पादकता इत्यादि प्रमुख भूमिका निभाते हैं।



**पर्यावरणीय स्वास्थ्य की देखभाल के महत्व को दर्शाता विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस वास्तव में न केवल पारिस्थितिक स्वास्थ्य की सुरक्षा की वकालत करता है बल्कि मानव स्वास्थ्य पर पर्यावरणीय स्वास्थ्य के पड़ने वाले प्रभाव और संबंध को समझने की जरूरत पर भी जोर देता है।**

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | द्वादशी 25:44 तक |
| नक्षत्र: | श्रावण 09:33 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | मंगलवार |
| योग: | सुकर्माणा, 11:41 |
| सूर्योदय: | 06:14 |
| सूर्यास्त: | 18:09 |
| चंद्रमा: | मकर राशि में |
| राहुकाल: | 15:10-16:39 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1944 |
| मास: | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्त: | 11:48-12:35 |

## जन एक्सप्रेस

### क़दम नहीं हटाया !

*मान मनौव्वल चल रहा।*
*क़दम नहीं हटाया।।*
*करनी राजनीति है।*
*ऐसा जाल बिछाया।।*
*थमती ना पर दिख रही।*
*अंदर की तकरार।।*
*बेमतलब बेवजह।*
*खड़ी है दीवार।।*
*मिल रहा ना भाव।*
*इसलिए ठहराव।।*
*है पूरी पर कोशिश।*
*दे दें थोड़ा घाव।।*
*चलता ही रहेगा।*
*ऐसा ये नज़राना।।*
*हाईकमान अवगत।*
*क्यों इससे घबराना।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*खुद की तलाश में में। क्या कभी आपने अपने आप को खुद में पहचानने, खोजने की कोशिश की है, उस सच की तलाश की है, जो आपके अंदर सदियों से समाया हुआ है, आपके अंदर, तिल तिल कर जिंदा है आप के मनोभावों के साथ बाहर आना चाहता हो, आपने अंदर के मासूम बच्चे को जीने की कोशिश की है। आप कभी यूं ही बेवजह मुस्कुराये, खिलखिलाये है, रोज एक नया मुखौटा लेकर एक नए-नए पलों को जीते चले जा रहे हैं, जिंदगी के सच का सामना नहीं कर सकते हैं, वही सच जो आपको वर्तमान का आईना भी दिखाता है, आप भागते हैं कड़वी सच्चाईयों से, और निकल पड़ते हैं, नए चेहरे की तलाश में जो आने वाले कालचक्र में आपको नया मुखौटा देगा।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*धीरज रखने वाला आदमी आत्मविश्वास की नाव पर सवार होकर, मुसीबत की नदी को सफ़लता पूर्वक पार कर जाता है।*

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# स्टडी: चीज खाने से कम हो सकता है डिमेंशिया का जोखिम, मानसिक स्वास्थ्य में भी होता है सुधार



**चीज** खाना स्वास्थ्य के लिए कई तरीकों से फायदेमंद होता है। यह वजन घटाने के साथ-साथ हार्ट से जुड़ी समस्याओं के जोखिम को भी कम करने में मददगार होती है। यही नहीं इसे खाना मेंटल हेल्थ के लिए भी फायदेमंद साबित हो सकता है।

**क्या कहती है स्टडी?:** जापान की इस स्टडी में टोक्यो के 65 वर्ष से उपर के 1500 लोगों को शामिल किया गया। स्टडी के मुताबिक नियमित रूप से चीज खाने वाले लोगों की मेंटल हेल्थ बेहतर रहती है। शोधकर्ताओं के मुताबिक डिमेंशिया के जोखिम को कम करने या फिर कॉग्नेटिव हेल्थ को बेहतर रखने के लिए आप चीज को अपनी नियमित डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। शोध में शामिल होने वाले लोगों के ब्रेन के साथ ही कॉग्निटिव फंक्शन्स भी बढ़े थे। उनका दिमाग पहले से ज्यादा सक्रिय और तेज था। जापानी शोधकर्तओं ने यह भी दावा किया है कि चीज खाना आपको ब्रेन से जुड़ी अन्य डिसऑर्डर से भी बचाता है।

**मिलते हैं अन्य फायदे**

अगर आप वजन घटाना चाहते हैं तो चीज खा सकते हैं। लेकिन इसे जरूरत से ज्यादा खाने से वजन बढ़ भी सकता है। चीज खाने से कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ अच्छी रहती है, जिससे दिल की बीमारियां होने का जोखिम कम होता है। इसे खाने से हड्डियां मजबूत रहती हैं। यह पोषक तत्वों से भरपूर होती है, जिससे शरीर में न्यूट्रीएंट्स की कमी नहीं होती है। सीमित मात्रा में चीज खाकर ब्लड प्रेशर को भी कंट्रोल रखा जा सकता है।

**डिमेंशिया से बचने के तरीके:** डिमेंशिया से बचने के लिए नियमित तौर पर एक्सरसाइज और प्राणायाम करें। इसके लिए हेल्दी डाइट लें और खाने से चीनी की मात्रा कम कर दें। डिमेंशिया से बचने के लिए अकेले रहने से बचें साथ ही लोगों से इंटरेक्ट हों। इसके लिए तनाव कम करें और भरपूर नींद लें। इसके लिए वजन कम करें साथ ही धूम्रपान करने और शराब पीने से भी बचें।

## एक्सप्रेस विशेष

# नई चेतना का भारत

**प्रधानमंत्री ने कहा कि नए संसद भवन में हम नए भविष्य का श्री गणेश करने जा रहे हैं। विकसित भारत का संकल्प दोहराकर फिर एक बार संकल्पबद्ध होकर और उसको पूर्ण करने के इरादे से नए भवन की तरफ प्रस्थान कर रहे हैं। संविधान सदन में ही अंग्रेजी हुकूमत ने सत्ता हस्तांतरण किया था। राष्ट्रगान और तिरंगे को भी यहीं अपनाया गया। यहीं पर चार हजार से ज्यादा कानून पास हुए।**



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**आत्मनिर्भर भारत बनने का लक्ष्य पूरा करना होगा। छोटे कैनवास पर बड़ा चित्र नहीं बना सकते। अमृतकाल के पच्चीस वर्षों में भारत को बड़े कैनवास पर काम करना होगा। तभी भव्य भारत का चित्र अंकित हो सकेगा।**

**नई** संसद का निर्माण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इच्छाशक्ति से सम्भव हुआ। अन्यथा विपक्षी पार्टियों ने इसे बाधित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उस समय परिस्थितियां अत्यंत प्रतिकूल थीं। कोरोना आपदा का समय था। वैसे संसद के नए भवन का निर्माण यूपीए सरकार के समय होना अपेक्षित था। लेकिन उस सरकार ने इसमें कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। जब नरेन्द्र मोदी ने सेंट्रल विस्टा के निर्माण का निर्णय लिया, तब यूपीए के वही लोग हमलावर हो गए। कोरोना संकट की दुहाई दी। इसके मूल में विचार यह था कि नई संसद के निर्माण का श्रेय नरेन्द्र मोदी को नहीं मिलना चाहिए। लेकिन मोदी दृढ़ निश्चय कर चुके थे। दिल्ली की केजरीवाल सरकार मजदूरों को बाहर निकालने का काम कर रही थी। सेंट्रल विस्टा निर्माण में मोदी सरकार ने तीस हजार श्रमिकों को उस समय आजीविका प्रदान की। प्रधानमंत्री मोदी ने नई संसद में कहा भी की वह समय समय पर उन श्रमिकों इंजीनियरों से मिलने आते थे। उन सभी के नाम नई संसद की डिजिटल बुक में अंकित हैं। श्रमिकों को ऐसा सम्मान पहले कभी नहीं मिला था। पुरानी संसद के केंद्रीय कक्ष में मोदी ने इस भवन को संविधान सदन के नाम का प्रस्ताव किया। इस प्रकार उन्होंने संविधान निर्माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का स्मरण किया। स्वतंत्रता के बाद की सभी सरकारों के योगदान की चर्चा की। दलगत आधार पर किसी की निंदा नहीं की। लेकिन बिना किसी लिए बहुत कुछ कह भी दिया। मोदी के ऐसे कथन वस्तुतः देश के स्वाभिमान से ही सम्बन्धित थे। गुलामी के प्रतीकों की मुक्ति से भारतीय चेतना का जागरण हुआ है। आज भारत गुटनिरपेक्ष आंदोलन का सदस्य मात्र नहीं है। बल्कि विश्व को नेतृत्व देने वाला देश बन रहा है। भारत विश्व मित्र के रूप में प्रतिष्ठित हो रहा है। भारत एक नई चेतना के साथ जाग उठा है। भारत एक नई ऊर्जा से भर गया है। यही चेतना और ऊर्जा करोड़ों लोगों के सपनों को संकल्प में बदल सकती है। उन संकल्पों को हकीकत में बदल सकती है। नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को गणेश चतुर्थी की बधाई दी। उन्होंने कहा कि नए संसद भवन में हम नए भविष्य का श्रीगणेश करने जा रहे हैं। यह बदलते भारत का ही विचार है। भारत अपनी विरासत और संस्कृति पर गर्व करना सीख गया है। पहले सेक्युलर राजनीति के कारण अपनी विरासत को अभिव्यक्त करने में संकोच होता था। इसलिए भारत की कोई विशिष्ट पहचान नहीं बन सकी थी। हजार वर्ष की गुलामी ने राष्ट्र चेतना को विस्मृत किया था। अब इसी चेतना का जागरण हो रहा है। नए भारत की नई तसवीर निखर कर दुनिया के सामने आ रही है। इसी चेतना से सौ वर्ष बाद श्री राम मन्दिर का निर्माण सम्भव हुआ। काशी, उज्जैन आदि को गरिमा के अनुरूप भव्य रूप दिया गया। जी- 20 शिखर सम्मेलन में नालंदा की आकृति प्रदर्शित करना नरेन्द्र मोदी का ही राष्ट्रीय चेतना का विजन था। उन्होंने विदेशी मेहमानों को बताया कि पंद्रह सौ वर्ष पूर्व भारत में समृद्ध विश्वविद्यालय थे। इसको देख कर विदेशी अतिथि आश्चर्य चकित हुए थे। विकसित भारत का संकल्प साकार हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इसी संसद में मुस्लिम बेटियों को न्याय की जो प्रतीक्षा थी, शाहबानो केस के कारण गाड़ी कुछ उलटी पटरी पर चल गई थी। इसी सदन ने हमारी उस गलती को ठीक किया। तीन तलाक की कुप्रथा से मुस्लिम महिलाओं को मुक्ति दिलाई गई। आज भारत दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गया है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के संकल्प को प्राप्त करने के लिए भारत आगे बढ़ रहा है। दुनिया भारत के आत्मनिर्भर मॉडल की चर्चा करने लगी है। इस सदन में अनुच्छेद-370 से मुक्ति पाने और अलगाववाद एवं आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया। प्रधानमंत्री ने पुराने संसद भवन को संविधान सदन के नाम से बुलाने का प्रस्ताव रखा। सेंट्रल हॉल में मौजूद सांसदों ने मेज थपथपाकर इसकी सहमति दी। मोदी ने कहा- पुराने सदन की गरिमा कभी कम नहीं होनी चाहिए। संविधान सदन से हमारी प्रेरणा बनी रहेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए संसद भवन में हम नए भविष्य का श्री गणेश करने जा रहे हैं। विकसित भारत का संकल्प दोहराकर फिर एक बार संकल्पबद्ध होकर और उसको पूर्ण करने के इरादे से नए भवन की तरफ प्रस्थान कर रहे हैं। संविधान सदन में ही अंग्रेजी हुकूमत ने सत्ता हस्तांतरण किया था। राष्ट्रगान और तिरंगे को भी यहीं अपनाया गया। यहीं पर चार हजार से ज्यादा कानून पास हुए। छोटे-छोटे मुद्दों में उलझने का समय नहीं है। आत्मनिर्भर भारत बनने का लक्ष्य पूरा करना होगा। छोटे कैनवास पर बड़ा चित्र नहीं बना सकते। अमृतकाल के पच्चीस वर्षों में भारत को बड़े कैनवास पर काम करना होगा। तभी भव्य भारत का चित्र अंकित हो सकेगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की मौत, परिजनों को हत्या की आशंका

*** घर के आंगन में पड़ा मिला व्यक्ति का शव**

जन एक्सप्रेस । अनुज गुप्ता



**भीरा-खीरी।** थाना क्षेत्र भीरा इलाके में बीती रात अचानक व्यक्ति की मौत से सनसनी फैल गई परिजन लगातार हत्या का आरोप लग रहे मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है घटना भीरा थाना क्षेत्र के गांव पड़रिया तिलकापुर की है जहां बीती रात पौथेपुरवा गांव के निवासी मनोज सिंह पुत्र मदन सिंह उम्र 44 वर्ष का शव उसके ही घर के आंगन में मृत पाया गया जिससे इलाके में सनसनी फैल गई वहीं मृतक की पत्नी और मां लगातार आरोप लगा रही है कि मनोज की हत्या कर दी गई है उन्होंने बताया कि बीते रविवार को पास के गांव राजपुर की बाजार में सब्जी लेने गया था जहां से वह सब्जी लेकर घर वापस आया और उसके बाद वह घर में सब्जी बनाने की बात कह कर पुनः फिर कहीं चले गए देर शाम को वह फिर वापस आए और बिना खाना खाये ही घर के बाहर आंगन में लगे बिस्तर पर लेट गए रात में करीब दो बजे उसकी पत्नी मुन्नी देवी ने उन्हें जगाने का प्रयास किया तो वह मरनासन्न की स्थिति में मिले ऐसे में उसने परिजनों को सूचना दी और धीरे-धीरे वहां पर परिजन सहित गांव के लोग भी इकट्ठे हो गए और मौके पर उनका शव मृत अवस्था में पड़ा था पर उन्होंने इस संबंध में पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

> इस तरीके की घटना संज्ञान में आई है मौके पर शव बरामद किया गया है जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है रिपोर्ट आने के बाद अवश्य कार्यवाही की जाएगी।
> –निराला तिवारी, थानाध्यक्ष भीरा

**तीन मासूम बच्चों व पत्नी को बिलखता छोड़ गया मनोज**

मनोज अपने पीछे तीन बच्चों में दो लड़के व एक लड़की और पत्नी को बिलखता छोड़ गया बता दे करीब 10 वर्ष पूर्व उसका विवाह हुआ था उसके परिवार में कुल पांच भाई हैं जो तीन जम्मू कश्मीर में मजदूरी करते हैं वही एक भाई मुरादाबाद में मजदूरी करता है मनोज भी बाहर मजदूरी पेशे की नौकरी करता था अभी कुछ दिन पहले ही वह अपने घर आया था।

## फास्ट फॉरवर्ड



### मोबाइल लूट की घटना का पुलिस ने किया खुलासा

जन एक्सप्रेस/सीतापुर। थाना कोतवाली नगर व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा लूट की घटना में शामिल कुल 2 अभियुक्तगण मुकेश अवस्थी पुत्र राजेन्द्र प्रसाद अवस्थी निवासी बेगमबाग थाना को0 सदर जनपद खीरी तथा विकास राठौर पुत्र लल्ला राठौर निवासी शान्तीनगर थाना को0 सदर जनपद खीरी को कनवाखेड़ा मोड़ की तरफ बने अर्द्धनिर्मित फ्लाईओवर कट के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अभियुक्तगण मुकेश अवस्थी व विकास राठौर उपरोक्त के पास से लूटा गया एक वीवो मोबाइल व घटना में प्रयुक्त एक कीपैड मोबाइल व मोटरसाइकिल बरामद हुए है। अभियुक्तो मुकेश व विकास द्वारा दिनांक 24.07.23 को लाल बाग चौराहे के पास गजानंद कॉम्प्लेक्स के सामने से पैदल जा रही एक लड़की से छीन लिया था, अभियुक्तगण यह शातिर प्रवृत्ति के अपराधी है जो फोन पर बात करते हुए राह चलते लोगों के फोन छीन लेते हैं तथा उस फोन को सस्ते दामों में जनता के कम पढ़े लिखे लोगो को बेच देते है। बरामद अन्य कीपैड मोबाइल घटना करने में प्रयोग करते है। गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर एवम् अभ्यस्त अपराधी है जिनके विरुद्ध पूर्व में भी कई अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्तगण उपरोक्त द्वारा अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाकर प्राप्त साक्ष्यों, तथ्यों के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जनपद में अपराधियों के विरुद्ध निरन्तर प्रभावी कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।



### नवांगतुक एसडीएम का हुआ परिचय कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस/अख्तर अली/निघासन खीरी। सोमवार को निघासन के वकीलों ने गोला से ट्रांसफर होकर आए नए एसडीएम का अधिवक्ता सभागार में परिचय कार्यक्रम किया गया।सोमवार को नए एसडीम अश्वनी कुमार सिंह का परिचय कार्यक्रम में संघ के मंत्री हरिनंदन लाल ने सभी वकीलों का परिचय कराया वरिष्ठ वकील रामफल जयसवाल ने स्वागत गीत गया व वकील रमेश शर्मा वीरेंद्र प्रकाश रुहेला डीके सिंह वीरेंद्र भदौरिया और सुबोध कुमार पाण्डे ने निघासन तहसील और वकीलों के बारे में एस डी एम की अवगत कराया वकीलों को संबोधित करते हुए एसडीएम से कहा बार और बेंच एक ही सिक्के के दो पहलू है जिसके बिना न्यायिक कार्य संभव नही है।एक दूसरे का सहयोग किया जाएगा।किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा समान व्यवहार होगा।अगर कोई मतभेद होता है तो आपस में उसका हल कर लिया जाएगा एक दूसरे के सहयोग से अच्छे परिणाम होगे।संघ के अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता ने एसडीएम का सहयोग करने की बात कही साथ ही साथ अन्य मुद्दों के बारे में अवगत कराया।इस दौरान उपाध्यक्ष राकेश शुक्ला कार्यकारिणी सदस्य मायाराम चौधरी सहित ब्रह्मप्रकाश श्रीवास्तव,उमाकान्त जायसवाल आशीष कश्यप पंकज जयसवाल, जगमोहनलाल,डीके सिंह रामकृष्ण चतुर्वेदी,चंद्रकेश,मो अमीन,रवि गुप्ता,लवकुमार तिवारी,प्रदीप कश्यप,रवि प्रकाश श्रीवास्तव,मो लतीफ,दिनेश कुमार वर्मा,आनन्द लोधी सर्वेश यादव सोनेलाल,बशीर अहमद मौजूद रहे।

# छुट्टा जानवरों से ग्रामीण की मौत

*** प्रशासन को सपा नेता संजीव मुन्ना ने दी धरने पर बैठने की चेतावनी**

जन एक्सप्रेस । रिजवान खान



**पलिया कलां खीरी।** पलिया की ग्राम पंचायत पटहियन मामला हैं जहां अभी तक छुट्टा जानवर किसाने की फसलों को रौंद कर बर्बाद किया करते थे वही आज छुट्टा जानवर ग्रामीणों की हत्या करने में नहीं चूक रहे हैं पुरा मामला ग्राम पंचायत पटहियन के मझरा पूरन पुरवा का है जहां धर्मराज गुप्ता खाना खाकर घर के बाहर टहल रहा था जहां अचानक छुट्टा जानवरों का समूह आकर उस पर हमला करने लगा जिससे धर्मराज गुप्ता की मौत हो गई, छुट्टा जानवरों का कहर यहीं तक नहीं रुक जानवरों ने धर्मराज गुप्ता पुत्र परवन गुप्ता को पेरो से रौंदकर हत्या कर दी, इस घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक पुत्र व सपा नेता संजीव कुमार मुन्ना ने कहा शासन व प्रशासन की गैर जिम्मेदार रवैया के चलते छुट्टा जानवरों का आतंक बढ़ता जा रहा है अभी तक जानवर किसाने की फसलों को ही उजड़ते थे परंतु अब तो ग्रामीणों की हत्या पर उतर आए हैं, सपा नेता संजीव कुमार मुन्ना ने प्रशासन से छुट्टा जानवरों की समस्या का समाधान करने की अपील की है वही समाधान न होने पर सोते हुए प्रशासन को जगाने के लिए सैकड़ो लोगों की संख्या के साथ धरने की चेतावनी भी प्रशासन को दी है, प्राप्त जानकारी के अनुसार लखीमपुर खीरी जिले की तहसील पलिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत पटहियन के मझरा पूरन पुरवा निवासी धर्मराज गुप्ता अपने घर में परिवार का पालन पोषण करने वाले इकलौते सदस्य थे मृतक धर्मराज गुप्ता के एक लड़का उम्र करीब दस शाल व एक बेटी उम्र करीब बारह शाल की है इस घटना से घरमे कोहराम मचा हुआ है, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय लखीमपुर खीरी भेजा है।



# निर्देशक राजा ठाकुर लोधी इंटरटेनमेंट यूट्यूब चैनल के बने चहेते डायरेक्टर

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

भोजपुरी सिनेमा जगत के बहुत ही अच्छे लेखक राजा ठाकुर अब भोजपुरी एल्बमों की शूटिंग लखनऊ के खूबसूरत लोकेशन पर कर रहे हैं। फ़िल्म, शॉर्ट फिल्म के बाद अब भोजपुरी के कई गानों का निर्देशन किया है। जोकि लोधी इंटरटेनमेंट व कई अन्य यूट्यूब चैनलों पर रिलीज होंगे। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के राजा ठाकुर राइटिंग के साथ साथ अब निर्देशन भी करते नजर आ रहे हैं। साथ ही राजा ठाकुर इस टीम के साथ वेबसीरीज़ शूट करने की तैयारी में लगे हुए हैं। वही लखनऊ की निशा सिंह, रूफी खान व दिनेश लोधी कैमरे के सामने धमाल मचा रहें हैं। साथ ही कोरियोग्राफी रुतेंद्र सिंह बाबा किए हैं। कैमरे को ड्राइव व एडिटिंग का कार्य आईशॉट स्टूडियो के क्षितिश बाजपई देख रहें हैं। इसके लाइन प्रोड्यूसर व मैनेजमेंट में दुर्गेश नवाब व अनुज रावत है। जिसे प्रोड्यूस सुग्रीव कुमार ने किया है। साथ में रामसागर, राजकुमार मौर्या, रुचि वर्मा, ज्योति वर्मा, माही मिश्रा, संजीनि गुप्ता जैसे कुशल कलाकार काम किए हैं।

# दिव्यांगजनों को निशुल्क सहायक उपकरण वितरित किए गये

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



केंद्रीय गृह राज्यमंत्रीअजय कुमार मिश्रा के प्रयास से भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) कानपुर द्वारा वरिष्ठजनों के लिए ''राष्ट्रीय वयोश्री'' के अन्तर्गत विकासखण्ड लखीमपुर के सभागार में दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरित किया गया।माननीय केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के द्वारा राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अन्तर्गत वरिष्ठजनों के लिए आज हमारे जनपद लखीमपुर में दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हो रहा है। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर हम सेवा पखवाड़ा मना रहे है। यह पखवाड़ा 02 अक्टूबर 2023 तक चलने वाला है। इसी क्रम में हमारे देश में तरह-तरह के बहुत से ऐसे कार्यक्रम किए जा रहे है जिससे हमारे समाज पर ऐसे लोग जो उपधारा से पीछे छूट गए है या कहीं किनारे हुए है ऐसे सभी लोगों को उनका जीवन सहज और सरल तरीके से बन सके उसके लिए उनकी जरूरत एवं उनकी आवश्यकतानुसार हम सारी चीजें तो नहीं दे सकते परन्तु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह स्मरण है कि ऐसे लोगों को कुछ न कुछ मदद कर सके कुछ ऐसी बात कह सके या कुछ ऐसा स्मरण दे सके जिससे उनका जीवन कुछ सरल हो जाए। ऐसी व्यवस्था करने की दृष्टि से यह कार्यक्रम हो रहा है और इस मंत्रालय के अन्तर्गत अलग-अलग वृद्धजन के लिए हम इस कार्यक्रम को करने वाले है। उक्त निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में 123 वांकिंगस्टीक, 25 टेट्रापॉड, 06 वाकिंग स्टीक के साथ, 06 बैशाखी, 43 चेयर स्टूल कमोड के साथ, 70 सिलिकॉन कुशन, 164 एल0एस0 बेल्ट, 01 सर्वाइकल कॉलर, 248 नी ब्रेस, 44 फुटकेयर, 140 बी0टी0ई0 (कान की मशीन), 19 फोल्डिंगव्हील चेयर, 59 व्हील चेयर कमोड के साथ दिव्यांगजनों को वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में सदर विधायक योगेश वर्मा, बी दास, निदेशक (योजना), सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, खण्ड विकास अधिकारी लखीमपुर आलोक वर्मा, धीरज श्रीवास्तव सहायक प्रबंधक, एलिम्को कानपुर, रोहित वर्मा परियोजना अधिकारी, एलिम्को कानपुर, राम नरेश वरिष्ठ सहायक, एलिम्को कानपुर, विमल कुमार सहायक, एलिम्को कानपुर, धीरेंद्र सिंह सहायक, एलिम्को कानपुर, विनीत पाण्डे ऑडियोलॉजिस्ट, एलिम्को कानपुर, सांसद प्रतिनिधि अरविन्द सिंह 'संजय', सांसद प्रतिनिधि जितेन्द्र त्रिपाठी 'जीतू' एड0, सांसद प्रवक्ता अम्बरीष सिंह, सुरेन्द्र कश्यप, अरूण मिश्रा सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर सीएचसी पर पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए गए

जन एक्सप्रेस । सिदाकत मंसूरी



**मोहम्मदी खीरी।** कस्बा में विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर फार्मेसी कॉलेज की टीम ने छात्र-छात्राओं के साथ सी एच सी पर पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए। सोमवार को दोहक के गजराज सिंह करनपाल सिंह यादव कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी के एमडी अभिनव सिंह प्रोफेसर अभिषेक कुमार आशुतोष और मोहम्मद अरशद ने छात्र-छात्राओं के साथ सी एच सी पर पहुंचकर वार्ड में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए। अधीक्षक मयंक मिश्रा , डॉ कुलदीप सिंह और सुशील शुक्ला ने भी छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। इस मौके पर विद्यालय के अचल सिंह ,प्रिया कौर ,आशीष सिंह ,अनुपम तिवारी, विष्णु नारायण समेत बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रही।

# पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती मनाई नगर पंचायत अध्यक्ष ने

जन एक्सप्रेस । अख्तर अली



**निघासन-खीरी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन सम्मान समारोह का आयोजन ऊषा इवेंट गार्डन मे नगर पंचायत अध्यक्ष निघासन बद्री प्रसाद मौर्य द्वारा किया गया।सोमवार को ढखेरवा रोड़ पर स्थित ऊषा इवेंट गार्डन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती अंत्योदय दिवस के रूप में मनाई गई।पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बारे में वक्ताओं ने बाते रखीं। कार्यक्रम को नगर पंचायत अध्यक्ष बद्रीप्रसाद मौर्य,अरविंद सिंह संजय,नगेन्द्र सिंह सेंगर,,कृष्ण कुमार मिश्रा,केपी राना , दयाशंकर मौर्य, सहित अन्य लोगों ने संबोधित करते हुए मौजूद।कार्यकर्ताओं के समक्ष बातें रखीं। भाजपा नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह सही मायने में एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के प्रणेता थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर आधारित पत्रक बांटते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प भी दिलाया गया।इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय पत्रकारों का भी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह, सोनू पान्डेय, नागेंद्र सिंह सेंगर, मोनू दीक्षित,केपी राना, दयाशंकर मौर्य, अशोक तिवारी, विमल तिवारी,महेश गुप्ता, ओमप्रकाश मौर्य, अरविंद श्रीवास्तव, विनोद मौर्य, विपिन मौर्य सहित सभी सभासद व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर पलिया का रहा दबदबा

जन एक्सप्रेस । रिजवान खान

**पलिया कलां खीरी।** दो दिवसीय संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता लखीमपुर में आयोजित की गयी। जिसमें लखीमपुर खीरी जिले के 13 नगरीय विद्यालयों के भैया/बहिनों ने प्रतिभाग किया। श्री तेज महेन्द्रा सरस्वती शिशु /विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज पलिया के 25 भैया/बहिनों ने प्रतिभाग किया जिसमें कुल 35 मेडल प्राप्त कर अपने माता पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन किया । शिशु वर्ग के भैया/बहिनों ने 5 रजत पदक, 8 कांस्य पदक प्राप्त किया। बाल वर्ग के भैया/बहिनों ने 2 रजत 10 कांस्य पदक प्राप्त किया। किशोर वर्ग के भैया आलोक यादव ने 100 मीटर में प्रथम, लम्बी कूद में प्रथम, तथा ऊंची कूद में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# युवक से बदमाशों ने छत्तीस हजार रूपये छीने, हुए फरार

जन एक्सप्रेस । सिंगाही - खीरी

बैंक से रूपये लेकर जा रहे युवक से फरदहिया में बदमाशों ने छत्तीस हजार रूपये छीन लिए। घटना की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घटना की छानबीन में लगी है। जानकारी के अनुसार फरदहिया का रहने वाला संदीप नाग सिंगाही बैंक से रूपये निकालकर साइकिल से वापस घर जा रहा था उसके साथ पत्नी और बच्ची थी। गांव पहुंचने से कुछ पहले ही मोड़ पर तीन युवक जो कि नौरंगाबाद से पीछा करते आ रहे थे। उन्होने ने एकदम हमला कर दिया और असलहे के बल पर संदीप की पत्नी और बच्ची को गन्ने में फेंक दिया और इसके बाद संदीप से बैंक से निकाले गए छत्तीस हजार रूपये छीन कर फरार हो गए। बदमाशों के जाते ही संदीप ने गांव पहुंचकर घटना से गांव के लोगों को अवगत कराया इसके साथ ही सिंगाही पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही एस ओ जितेंद्र बहादुर सिंह दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए और बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। घटना के बाबत पूछे जाने एस ओ ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# सांसद निधि से केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने सड़कों का लोकार्पण किया

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा जी ने अपनी स्थानीय क्षेत्र विकास निधि (सांसद निधि) से निर्मित विभिन्न सड़कों का लोकार्पण किया।केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने विकास खण्ड लखीमपुर के ग्राम देउवापुर में देउवापुर मेन रोड से अशोक अवस्थी के घर तक इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य, ल0 125 मी0 का लोकार्पण किया गया जिसकी लागत धनराशि 15.713 लाख रू0 है एवं विकासखण्ड लखीमपुर के ग्राम सलेमपुर में सी0बी0 सिंह गौड़ स्कूल गेट से लेकर सांसद निधि से निर्मित रोड तक इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य दूरी 90 मी0 का लोकार्पण किया गया जिसकी लागत धनराशि 10.502 लाख रू0 है। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत घर-घर जाकर मिट्टी एकत्रित की। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि अरविन्द सिंह 'संजय', सांसद प्रतिनिधि जितेन्द्र त्रिपाठी 'जीतू' एड0, सांसद प्रवक्ता अम्बरीष सिंह, राहुल चौरसिया, सुरेन्द्र कश्यप, मयंक कश्यप,मधुकर, मनोज सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# बैंड बाजा के साथ विसर्जन यात्रा शुरू

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



**महमूदाबाद।** नगर के वार्ड नई बाजार दक्षिणी व उत्तरी में राम जानकी मंदिर परिसर में बुद्धि के राजा तथा ठठेरी बाजार में में भगवान गणेश की जयंती पर सजे पंडालों में पांच दिनों तक भगवान गणेश की सुबह शाम आरती व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजनों की धूम का अंतिम दिन रहा। भक्तों ने अपने आराध्य की भव्य मूर्तियां नम आंखों से उठाकर विसर्जन यात्रा के लिए सजे वाहनों पर विराजमान कर अगले बरस फिर आना के गगनभेदी नारे लगाते हुए विसर्जन के लिए चंदौली चौका पुल के लिए प्रस्थान किया। सोमवार को विसर्जन के लिए भव्य मूर्तियों को ले जाने के पहले भक्तों ने भगवान गणेश की महाआरती की। इसके पश्चात बैंड बाजा के साथ विसर्जन यात्रा शुरू की। विसर्जन यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुयी मां संकटा देवी मंदिर पहुंचकर चंदौली घाट के लिये रवाना हुयी। विसर्जन की पूर्व संध्या की देर रात तक तीनों पांडालों के आयोजकों ने बीते दिनों आयोजित रंगोली, चित्रकला, भावनृत्य, फैंसीडेऊस जैसी प्रतियोगिताओं का फाइनल राउंड संपन्न कराने के साथ अतिथियों का स्वागत व प्रतियोगिता के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं नहर कॉलोनी स्थित मनोहर लान में चल रहे 10 दिवसीय गणेश पूजन महोत्सव में रविवार को समिति द्वारा भव्य सामूहिक रूद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सायंकाल सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में एक शाम महाकाल के नाम कार्यक्रम में कलाकारों ने अद्भुत कला का प्रदर्शन किया।

## ए डी बेसिक ने किया औचक निरीक्षण



जन एक्सप्रेस/महमूदाबाद/सीतापुर। एडी बेसिक ने सोमवार की सुबह महमूदाबाद के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय समेत करीब आधा दर्जन परिषदीय विद्यालयों का ओचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अध्यापकों को एडी बेसिक ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एडी बेसिक शिक्षा श्याम किशोर तिवारी सोमवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे महमूदाबाद ब्लाक के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कलुवापुर पहुंचे। एडी बेसिक ने यहां व्यवस्थाएं परखीं और विद्यार्थियों ने बातचीत की। कक्षाओं में पठन पाठन की स्थिति भी परखी। इसके बाद एडी बेसिक ने प्राथमिक विद्यालय कलुवापुर, रेलवे स्टेशन के निकट स्थित प्राथमिक विद्यालय प्राचीन, जूनियर हाईस्कूल रामकुंडा, रामलीला जूनियर हाईस्कूल पैंतेपुर, अंजुमन इस्लामिया स्कूल पैंतेपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बीईओ उदय मणि पटेल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस का मानवीय चेहरा आया सामने

जन एक्सप्रेस । अख्तर अली

**निघासन खीरी।** पुलिस का मानवीय चेहरा आया सामने थाना क्षेत्र मझगई के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बौधिया कला मे आग लगने से फटे सिलेन्डर से जले सात घर जिसको संज्ञान मे लेते हुए *थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह* अपने दल बल के साथ गांव मे पहुंचकर लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए गांव पहुंचे लोगों का जाना हाल बच्चों के कपडे व खाद्यान्न सामग्री का वितरण किया वही मझगई थाने मे तैनात *महिला सिपाही कोमल त्यागी* ने भी गाव पहुंच कर सभी छोटे बच्चों व महिलाओं को कपडे व खाद्यान्न सामग्री का वितरण किया इस दौरान पीड़ित महिला सुमिरता रोने लगी तभी महिला सिपाही कोमल भी अपने को संभाल न पायी और दया भाव मे आशू टपकने ही लगे बताते चले कि कोमल त्यागी द्वारा सभी छोटे बडे बच्चों को नये कपडे वितरण किया साथ ही अश्वासन दिया कभी भी हमारे लायक कोई जरूरत पडे तो आप लोग याद करना हम हर सम्भव मदद के लिए तत्पर रहेंगे जिससे महिला सिपाही की जमकर हो रही सराहना।वही थाने तैनात *सिपाही पवन सिंह* व हिमांशु गौतम ने भी सभी बच्चों व महिला पुरुष सभी के लिए कपडे व खाद् सामग्री वितरण किया।

# राजस्व एवं वसूली को लेकर मंडलायुक्त ने की समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस । उरई**



मण्डलायुक्त आदर्श सिंह ने राजस्व अधिकारियों के साथ राजस्व एवं वसूली की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की। उन्होने संबंधित समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार को निर्देशित करते हुये कहा कि धारा-80, धारा-24, धारा-116 में आवेदन प्राप्त होते ही आरसीसीएमएस पोर्टल पर प्राथमिकता के आधार पर दर्ज करे। उसके बाद ही आवेदनों को निस्तारण करना भी सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि धारा-116 जोत विभागजन में नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि धारा-80, धारा-24, धारा-116 में दायरा बढ़ना चाहियें, समस्त उपजिलाधिकारियों से 10 दिन के अन्दर प्रमाण पत्र देगे कि सभी आवेदन आरसीसीएमएस पोर्टल पर दर्ज किये जा रहे हैं। उन्होने कहा कि राजस्व वादों के निस्तारण में समय सीमा निर्धारित की गयी है। समय अवधि के अन्तर्गत राजस्व वादों का निस्तारण करना सुनिश्चित करेगे।

उन्होने कहा कि धारा-34/35 के वादों में दाखिल खारिज समय सीमा के अन्तर्गत नियमानुसार प्राथमिकता पर निस्तारण करना सुनिश्चित करेगे। उन्होने कहा कि ई-डिस्ट्रिक्ट सेवा में जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र आदि आवेदनों को एक सप्ताह के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि आवेदनों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। साथ ही इनके निस्तारण का रेश्यों शत प्रतिशत किया जाये। उन्होने निर्धारित समय सीमा के बाद लम्बित मामलों में संबंधित उपजिलाधिकारियों की जवाबदेही तय की जायेगी।

उन्होने कहा कि किसानों को खतौनी की नकल देने में बिलम्ब न किया जाये, समय सीमा के अन्तर्गत निर्धारित शुल्क लेकर खतौनी उपलब्ध करायी जाये। इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, एडीएम संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट अरूण कुमार मिश्रा, एसडीएम सदर अभिषेक कुमार सहित समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बाइकों की भिड़ंत में चाची भतीजा समेत तीन घायल

**जन एक्सप्रेस/कुठौंद।** थाना क्षेत्र के ग्राम बावली तिराहे पर झाड़ियों के कारण दो बाइकें आपस में टकरा गई। जिसमें दोनों बाइकों पर सवार चाची भतीजा समेत तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों ने उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। मध्य प्रदेश के लहार निवासी सुनीत अपनी चाची कांति देवी को बाइक पर बैठाकर जा रहा था। तभी वह थाना क्षेत्र में ग्राम बावली गांव के बाहर तिराहे पर झाड़ियों के कारण सामने से बाइक पर सवार होकर आ रहे संजय निवासी ग्राम मई रामपुरा की बाइक से भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों बाइकों पर सवार महिला समेत तीनों लोगों गम्भीर रूप से घायल हो गए। हादसा देखकर राहगीरों में हड़कंप मच गया और उन्होंने किसी तरह तीनों लोगों को गम्भीर हालत उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करवाया।

# मंडलायुक्त ने जालौन तहसील का किया निरीक्षण सर्विस बुक अपडेट न मिलने पर लगाई फटकार

**जन एक्सप्रेस । उरई**



मंडलायुक्त आदर्श सिंह ने तहसील जालौन का मुआयना किया। मुआयना के दौरान उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व तहसीलदार न्यायिक के कोर्ट पर चल रहे वादों से सबंधित पत्रावलियों का साथ ही मुकदमे के ऑनलाइन फीडिंग का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कोर्ट में लंबित वाद न रहे प्राथमिकता से लंबित प्रकरण का निस्तारण करें। उन्होंने फाइलों का रखरखाव और वादों के निस्तारण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि अविवादित मामलों का तत्काल निस्तारण किया जाए।अनावश्यक लंबित वादों में उप जिलाधिकारी व तहसीलदार की जवाब देगी तय होगी। उन्होंने भूलेख कक्ष, राजस्व अभिलेखागार, नजारत संग्रह, अनुभाग रजिस्ट्रार कानूनगो आदि पटलों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका, जीपीएफ पासबुक, संपत्ति रजिस्टर, अमलदरामत रजिस्टर के बारे में जानकारी ली। जिसमें अभिलेखों की एंट्री व सर्विस बुक अपडेट न मिलने पर कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने विद्युत देय रेजिस्टर देखा जिसमें राजस्व वसूली को बिना चालान के बैंक में जमा किया गया जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि विद्युत देय की राजस्व वसूली की जाए साथ ही चालान के माध्यम से बैंक में जमा किया जाए। यह प्रथा की पुर्नावृत्ति न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

राजस्व अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान पुरानी पत्रावलियों को समुचित रखरखाव के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, एडीएम संजय कुमार, एसडीएम सुरेश कुमार पाल, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित आदि अधिकारी व मौजूद रहे।

# दशहरा मेले की तैयारियों को लेकर पालिका अध्यक्ष ने बनाई रणनीति

**जन एक्सप्रेस । कालपी**



नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव की मौजूदगी में श्री सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. नरेश मैहर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे आगामी दशहरा पर्व में रावण दहन व मेले के आयोजन की तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया। नगर के मोहल्ला राम चबूतरा स्थित श्री सेवा समिति विद्यालय में जानकारी देते हुए समाजसेवी प्रकाश नारायण द्विवेदी ने बताया के 24 अक्टूबर को दशहरे का पर्व इस बार धूमधाम पूर्वक मनाया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक जय खत्री ने कहां कि प्राचीन परंपराओं के तहत एमएसवी इंटर कॉलेज के ग्राउंड में 24 फीट ऊंचाई का विशाल रावण का पुतले को हाईटेक तरीके से बनाया जाएगा। साथ ही धार्मिक रीति रिवाज से रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।

मेले के प्रांगण में दशहरा मिलन समारोह धूमधाम पूर्वक आयोजित होगा। मेले ग्राउंड में विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक, व्यापारिक, शैक्षणिक, संस्थाओं के पंडालो को लगाया जाएंगे। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने बताया कि दशहरा पर्व के अवसर पर पालिका प्रशासन के द्वारा सफाई एवं रोशनी की समुचित व्यवस्था की जाएगी और जो भी सुविधा होगी वह प्रदान कराई जाएगी। बैठक में शशि पुरवार, पुरुषोत्तम गहोई, सोम द्विवेदी, शशि पुरवार, रविंद्र कुमार पुरवार समेत समाजसेवी तथा आयोजन मंडल के सदस्य मौजूद रहे।

# पालिकाध्यक्ष ने गोशाला का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । कालपी**



नगर पालिका के द्वारा संचलित आलमपुर स्थित गोशाला का पालिकाध्यक्ष ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोशाला में गोवंशो के रखरखाव की स्थिति को देखी तथा अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौवंशो के रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नही किया जाएगा।

नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने नगर के मोहल्ला आलमपुर स्थित गोशाला का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि धूप तथा पानी से बचाने के लिए उचित प्रबंध किए जाए।

उन्होंने गोवंशो की गणना कर अभिलेख से मिलान किया तो गोशाला में 175 गौवंश उपस्थित मिले। उन्होंने गोवंशो के खाने के लिए भूसा, चारे का स्टाक तथा भंडारण का मिलान किया। उन्होंने भूसे की गुणवत्ता को देखा और कहा कि प्रत्येक दिन गोवंश को हरा चारा व भूसा दिया जाए। उन्होंने कहा कि गोशाला में व्यवस्थायें चुस्त दुरुस्त रखी जाएं। इस काम में शिथिलता को बर्दाश्त नही किया जाएगा। लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान उन्होंने गोशाला की नाली को पक्के करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सफाई निरीक्षक सुनील कुमार राजपूत, राजस्व निरीक्षक राम भवन सिंह, लिपिक शिशुपाल सिंह यादव पप्पी, सभासद धर्मेंद्र पाल तथा विनोद अहिरवार के अलावा कर्मचारी तथा सभासद मौजूद रहे।

# गोरखगिरि पर एकात्म मानववाद के प्रणेता की मनाई जयंती

**✱ बुंदेली समाज संयोजक के अन्न त्याग सत्याग्रह का एक वर्ष पूरा**

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



एकात्म मानववाद के प्रणेता एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक पं. दीनदयाल उपाध्याय के 107वें जन्मोत्सव पर आज बुंदेलों ने गोरखगिरि पर्वत के ऊपर आयोजित कार्यक्रम में अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये एवं आजादी के बाद नव भारत के निर्माण में उनके अविस्मरणीय योगदान को याद किया। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने बताया कि क्षेत्र की बदहाल चिकित्सा सेवाएं सुधारने को लेकर चल रहे उनके अन्न त्याग सत्याग्रह को आज पूरा एक वर्ष हो गया। उन्होंने कहा कि मथुरा के नगला चंद्रभान गांव में भगवती प्रसाद व राम प्यारी के घर 25 सितंबर, 1916 को जन्मे पं दीनदयाल उपाध्याय चाहते थे कि जब तक समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल जाती, स्वतंत्रता आंदोलन का लक्ष्य पूरा नहीं होगा। मोदी सरकार ने उनके सपने को साकार करने के लिए दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति, अंत्योदय, कौशल विकास, उन्नत कृषि योजनाएं शुरू की। सरकार ने उनके जन्म स्थान को दीनदयाल धाम व जिस मुगलसराय रेलवे स्टेशन के पास 11फरवरी, 1968 को उनकी हत्या हुई थी, उस स्टेशन का नाम दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन कर दिया। गुजरात के कांडला बंदरगाह का नाम भी बदलकर दीनदयाल बंदरगाह हो गया है। एम्स की मांग को लेकर 8 साल से नंगे पैर चल रहे तारा पाटकर ने बताया कि भले ही आज वे अनशन पर नहीं बैठे हैं लेकिन जब तक क्षेत्र की बदहाल स्वास्थ्य सेवाएं नहीं सुधरती, उनका हठयोग सत्याग्रह जारी रहेगा। कार्यक्रम में दिलीप जैन, अवधेश, प्रेम, सत्येन्द्र गुप्ता, महेन्द्र, प्रवीण, अजय, प्रेम चौरसिया, गया प्रसाद, डा. देवेंद्र, प्रहलाद पुरवार, अजय, नरेन्द्र मिश्र, बुधौलिया जी, देवेंद्र खजांची, सिद्धे, महेन्द्र, विकास,पवन सोनी, उपेंद्र सुल्लेरे व ऋषभ अग्रवाल समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## लक्ष्य के सापेक्ष वसूली न पाये जाने पर विद्युत तथा आबकारी अधिकारी पर डीएम ने जताई नाराजगी

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

जिलाधिकारी मृदुल चैधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कर-करेत्तर से संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन के द्वारा निर्धारित करों के लक्ष्यों की पूर्ति करना सुनिश्चित करें। उन्होंने डिप्टी कमिश्नर वाणिज्यकर को लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली करने तथा रजिस्ट्रेशन बढ़ाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने एआरएम रोडवेज को निर्देशित किया कि कोई भी बस बिना फोग लाइट के न चलायी जाये तथा आबकारी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वह अपने विभाग से संबंधित प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाते हुए गाँवो में अभियान चलाकर परचून की दुकानों में बिकने वाली अवैध शराब की बिक्री बंद कराकर कार्यवाही करें। उन्होंने नगर पालिका, नगर पंचायतों को निर्देशित करते हुए कहा कि दुकानों का अग्रीमेंट कराकर ही किराये पर दें। जिलाधिकारी नें विद्युत् विभाग की वसूली 36 करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष 14 करोड़ होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा की कैम्प लगाकर वसूली शत-प्रतिशत कराएं। इसके अतिरिक्त सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारिओं को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने विभागों की वसूली शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत कराएं।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री रामप्रकाश सहित समस्त उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार तथा संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राजस्व विभाग की भूमिका बहुत अहम होती है: मंडलायुक्त

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



मंडलीय लेखपाल प्रशिक्षण विद्यालय, चरखारी महोबा में राजस्व विभाग में तैनात किये गए चकबंदी विभाग के सहायक चकबंदी अधिकारिओं एवं चकबंदी अधिकारिओं हेतु आरम्भ हो रहे प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन मंडलायुक्त चित्रकूट धाम राजेंद्र प्रताप सिंह नें पुलिस उप महानिरीक्षक डॉ विपिन कुमार मिश्रा, जिलाधिकारी मृदुल चैधरी, पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा गुप्ता की उपस्थिति में फीता काटकर किया। इस अवसर पर मंडलायुक्त ने कहा कि राजस्व विभाग की भूमिका बहुत अहम होती है एवं चकबंदी विभाग ऐसा विभाग होता है जिसमें भूमि के संबंध में बहुत अच्छी जानकारी होती है। उन्होंने कहा कि आप लोग बहुत जिम्मेदारी वाले पद पर हैं अपने कार्य को जिम्मेदारी और पूरी लगन के साथ करें। डीआईजी ने कहा कि तहसील स्तर पर जितने भी प्रकरण आते हैं इन सभी को राजस्व विभाग और पुलिस विभाग के कर्मचारी मिलकर निस्तारित करते है। और कहा कि जनता की समस्याओं का समय से समाधान करें तथा अपने काम को पूरी जिम्मेदारी से करें। जिलाधिकारी ने कहा कि अपनें दायित्वों को समझें और अपने काम को पूरी लगन और निष्ठा से करें तथा ट्रेनिंग में पूरी लगन से सीखे, जिससे आने वाले समय में आपको कोई कार्य करने में दिक्कत का सामना ना करना पड़े। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आपका जो भी निर्णय हो सही निर्णय होना चाहिए सभी लोग मन लगाकर ट्रेनिंग ले और भाई चारे के साथ कार्य करें। आप लोग अपनी बात को एक दूसरे से शेयर जरूर करें आप लोग जो भी कार्य करें पूरी जिम्मेदारी से करें। अपर जिलाधिकारी वित्त, राजस्व रामप्रकाश ने बताया कि ट्रेनिंग सत्र 6 सप्ताह तक चलेगा और उन्होंने कहा कि जो भी कार्य करें पूरी लगन और मेहनत के साथ करें।इस मौके पर एसडीएम चरखारी प्रदीप कुमार, एसडीएम महोबा जितेन्द्र सिंह सहित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड ⏭

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

**जन एक्सप्रेस/भाटपार रानी/देवरिया।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती उपनगर भाटपार रानी के सहाय निवास पर सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाई गई भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रबंधक डॉक्टर अरविंद सहाय कुशवाहा ने सर्वप्रथम पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए माल्यार्पण किया, और एकात्म मानववाद के पुरोधा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन वृत्त प्रकाश डालते हुए सेवानिवृत जिला न्यायाधीश अशोक सिंह कुशवाहा ने बताया कि हमें अपने राष्ट्र के प्रति समर्पित रहते हुए राष्ट्र के विकास में योगदान करते रहना चाहिए, इस अवसर पर सोनू वर्मा संजय जयसवाल संजय जयसवाल मंडल अध्यक्ष राजेंद्र जैसवाल सुरेंद्र चौहान राजेश कुमार गुप्ता सभासद विवेक गुप्ता अनिल सिंह ऋतुराज गुप्ता सिंह ऋतुराज गुप्ता अमरेंद्र मौर्य नागेंद्र कनौजिया सुरेश यादव चंदन वर्मा लाल बाबू यादव दुर्गेश्वरसोनी गुड्डू सहाय कुशवाहा हनुमान जायसवाल हनुमान जायसवाल यदि उपस्थित रहे।

### एफएफपीओ में सीईओ और एकाउंटेंट रखने पर विचार

**जन एक्सप्रेस/बरहज/देवरिया।** मत्स्यजीवी फिश फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर व सदस्यों की एक आवश्यक बैठक विजय कटरा स्थित कार्यालय पर संपन्न हुई, जिसमें सहमति पूर्वक एफएफपीओ में सीईओ और एकाउंटेंट रखने पर विचार किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए चेयरमैन जीतेन्द्र कुमार भारत ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार के मंशा के अनुरूप लोकल फॉर वोकल की तर्ज पर स्थानीय बेरोजगार युवक व युवतियों को अवसर प्रदान किया जायेगा, जिसके तहत कंपनी में सीईओ और एकाउंटेंट की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि बरहज क्षेत्र के ग्रेजुएट युवक/युवतियां एक सप्ताह के अन्दर अपना दस्तावेज कंपनी के कार्यालय में निशुल्क जमा कर सकते है। इस दौरान कंपनी के डायरेक्टर दीनानाथ निषाद, गजानंद मौर्य, सिमिरिखी देवी, बिन्दु देवी, रामकृपाल शुक्ला, जगदीश निषाद, मुकेश पटेल, राजेश जायसवाल, सुरेन्द्र साहनी व सूरज प्रसाद मौजूद रहे।

### विकास भवन में 29 एवं 30 सितंबर को शिविर का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी कृष्ण कांत राय ने जनपद के समस्त दिव्यांगजन को अवगत कराया है कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को कानपुर के विशेषज्ञों द्वारा सीसएसआर योजनान्तर्गत दिव्यांगजन (जिनकी दिव्यांगता 80 प्रतिशत हो) हेतु मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराये जाने हेतु जिला प्रशासन एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के सहयोग से विकास भवन देवरिया के प्रांगण में 29 एवं 30 सितंबर को शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में दिव्यांग लाभार्थियों का चिन्हांकनध्पंजीकरण किया जायेगा। समस्त दिव्यांगजन अपना चिन्हांकन ध् पंजीकरण कराले जिनको मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल प्राप्त न हुआ हो। साथ में दिव्यांग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, यू0डी0आई0कार्ड, आधार कार्ड, 01 फोटो लाना अनिवार्य है।

### प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष हुए विजय सिंह

**जन एक्सप्रेस/भाटपार रानी/देवरिया।** स्थानीय विकासखंड के शिक्षक विजय कुमार सिंह तथा अजय कुमार सिंह के अध्यापक हैं। रविवार को प्राथमिक शिक्षक संघ का चुनाव हुआ। जिसमें प्राथमिक शिक्षक संघ के सभी अध्यापकों ने एकमत से विजय कुमार सिंह को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया तथा उनके छोटे भाई अजय कुमार सिंह को प्राथमिक शिक्षक संघ के सभी अध्यापकों ने मंत्री मनोनीत किया यह खबर सुनते ही प्राथमिक शिक्षक संघ के सभी अध्यापकों का चेहरा खुशी से खिल उठा सभी लोगों ने उन्हें बधाइयां दी तथा रत्नेश सिंह ने भी उन्हें बधाइयां तथा प्राथमिक विद्यालय लाखोंपार अध्यापक व पत्रकार श्रवण विश्वकर्मा ने उन्हें फूल माला पहनकर बहुत-बहुत बधाइयां दी। जिलाध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने प्राथमिक शिक्षक संघ के सभी पदाधिकारी व सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी और कहा कि आप सभी लोगों ने मुझे विश्वास करके जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। मैं आप लोगों के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

### ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, एक मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर ट्रक ने ग्राम कैथैरी के पास बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एट थाना क्षेत्र के ग्राम सतोह निवासी राना 28 वर्ष रविवार की शाम बाइक से उरई एक त्रियोदशी भोज में शामिल होने आया था। जब वह त्रियोदशी भोज में शामिल होने के बाद देर रात घर लौट रहा था। तभी कैथेरी के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक सहित हाईवे पर गिर गया, उसके सिर में अधिक चोंट आने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। मौजूद लोगों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पहचान होने के बाद उसके परिजनों को सूचना दी। घटना की खबर मिलते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि वह तीन भाइयों में सबसे बड़ा था।

### सड़क हादसे में पत्नी की मौत, पति गंभीर

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एट थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन ने ग्राम विलायां मोड़ स्थित पटेल पेट्रोल पंप के समीप बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दंपति में पत्नी की कुचल कर मौत हो गई। जबकि पति को गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। शहर के मुहल्ला पटेल नगर शीतला मंदिर के पास रहने वाले नीलम राक्यवार अपनी 50 वर्षीय पत्नी शांति देवी के साथ बाइक पर सवार होकर उरई से झांसी की ओर जा रहे थे। तभी ग्राम विलायां मोड़ स्थित पटेल पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे की बाइक पर पीछे बैठी महिला उछलकर हाइवे पर गिर पड़ी, भागने के प्रयास में अज्ञात वाहन चालक महिला को रौंदते हुए रफूचक्कर हो गया, और महिला की मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहा पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौजूद लोगों ने पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया और महिला के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा पर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### लाइनमैन का हुआ एक्सीडेंट, इलाज के दौरान मौत


**जन एक्सप्रेस/कुठौंद।** शुक्रवार को मदारीपुर के पास शाम को विद्युत लाइन में फाल्ट हो गया था। जिसको सही करने के लिए जगतपुरा हदरुख विद्युत फीटर पर तैनात लाइनमैन जीतू सही करने के लिए गया हुआ था और फ़ाल्ट को सही कर लौट रहा था। तभी दौंन बिचोली चौराहे के पास वह सड़क हादसे का शिकार हो गया। जिससे उसको गंभीर चोटें आई हुई थी। राहगीरों द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। उसकी हालत को देखते हुए डॉक्टरों से उच्च संस्थान रेफर कर दिया था। इसके बाद उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जीतू पुत्र रामप्रकाश निवासी हदरुख पिछले कई सालों से पावर हाउस पर लाइनमैन था और आस पास के क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को देखता था। परिजनों का कहना है कि हादसा होने के बाद विभाग का कोई कर्मचारी या अधिकारी खबर लेने नहीं आया। जबकि जीतू विभाग का कार्य कर लौट रहा था। तभी यह हादसा हो गया। मौत की खबर सुन हदरुख में गम का माहौल है और परिवार में मातम छाया हुआ है।

### खेत पर काम करते समय अचानक किसान की मौत

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महेवा में खेत पर काम करते समय किसान अचेत हो गया। जिसे परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महेबा निवासी विनोद सिंह 48 वर्ष रोज की तरह रविवार की शाम खेत पर गया था। जहां वह अचेत हो गए। खेत में अचेत अवस्था में किसान को देखकर आसपास खेतों में मौजूद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और उन्होंने मामले की सूचना उसके परिजनों को दी। घटना की खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। वही परिजन मौजूद लोगों की मदद से उसे अचेत अवस्था में सीएचसी ले गए। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार शुरू हो गई, और मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि मृतक के दो बच्चे हैं, और वह खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण कर रहे थे। वही घटना के बाद से मृतक के बच्चों सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# दिसंबर तक पूरा हो जाएगा अयोध्या में रामपथ का निर्माण

## अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर बनने से पहले बन जाएगा रामपथ



**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

सीएम योगी आदित्यनाथ का लक्ष्य अयोध्या को दुनिया की सुंदरतम नगरी बनाना है। इसके अनुरूप जल्द ही अयोध्या का स्वरूप बदला नजर आएगा। सनातन धर्म के केंद्र बिंदु अयोध्या में पर्यटन, संस्कृति व धार्मिक रूप से तेज गति से सुनियोजित विकास किया जा रहा है। हर कार्य प्राथमिकता से कराया जा रहा हैं। 500 वर्षों के इंतजार के बाद जनवरी माह में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। इसके पहले अयोध्या में बन रहे भव्य रामपथ का भी तेजी से निर्माण किया जा रहा है, जिसे दिसंबर तक हर हाल में पूरा कर लिया जाएगा।

अधिशासी अभियंता ध्रुव अग्रवाल ने बताया कि निर्माण का कार्य पूरा होते ही एक अद्भुत सा नजारा रामपथ रोड का देखने को मिलेगा। रामपथ कई रंग-बिरंगी लाइटों से जगमग करता दिखेगा। रोड के अगल-बगल पेड़ पौधे भी लगाए जाएंगे जो लोगों को अयोध्या के त्रेता युग का आभास आभास कराएंगे। उन्होंने बताया कि रामपथ के निर्माण में अंडर ग्राउंड की जितनी भी एक्टिविटीज थी वह लगभग पूरा हो चुकी है। जैसे कि सीवर की लाइन, वॉटर ट्रीटमेंट लाइन, वाटर डिस्ट्रीब्यूशन की लाइन, यह काम लगभग पूरा हो चुका है।

अधिशासी अभियंता ने बताया कि तीन किलोमीटर तक डामर रोड का काम कर लिया गया हैं। सहादतगंज में जीरो से लेकर 700 मीटर तक रोड का काम लगभग पूरा हो चुका हैं। रोड के दोनों तरफ कुल मिलाकर एक किलोमीटर। वहीं नया घाट की तरफ दोनों ओर मिलाकर 550-550 मीटर पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि तीसरा पॉइंट उदया पब्लिक से है, वहां उदया पब्लिक से लेकर के आगे तक लगभग 900 मीटर का काम पूरा कर लिया गया है। रोड के दोनों तरफ मिलाकर एक किलोमीटर। मतलब यह की कुल मिलाकर लगभग तीन किलोमीटर राम पथ बनकर तैयार हो चुका हैं। राम पथ का रोड का निर्माण कार्य पहले फेज वन में नया घाट से लेकर उदया पब्लिक तक व सहादतगंज से पोस्ट ऑफिस तक दीपोत्सव से पहले कंप्लीट हो जाएगा।

### जिला चिकित्सालय में केक काटकर मनाया गया फार्मासिस्ट दिवस

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** जिला चिकित्सालय में सोमवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय में कार्यरत सभी फार्मासिस्ट का सम्मान किया गया। सभी फार्मासिस्ट का फूल माला पहनाकर स्वागत किया तथा फार्मासिस्ट के कार्य की सराहना की । जिला चिकित्सालय में तैनात डॉक्टर व कर्मचारियों ने फार्मासिस्टों को केक खिलाकर शुभकामना दिया। इस अवसर पर फार्मासिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस्तांबुल, तुर्की में एफआईपी काउंसिल ने 25 सितंबर को 2009 में विश्व फार्मासिस्ट दिवस घोषित किया था। तभी से 25 सितंबर विश्व फार्मासिस्ट दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस विश्व के हर कोने में स्वास्थ्य को सुधारने, फार्मेसिस्ट की भूमिका को बढ़ावा देने और उनके सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। इस मौके पर डॉ आशुतोष प्रताप सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में फार्मासिस्ट एक महत्वपूर्ण किरदार निभाता है। स्वास्थ्य विभाग में सुधार करने में फार्मासिस्ट अपना अहम रोल अदा करते हैं। आज हम सभी स्वस्थ हैं तो इसके पीछे फार्मासिस्टों का भी अहम योगदान है। फार्मसिस्ट संजय गुप्ता ने कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य विभाग की रीड की हड्डी है जिनके बगैर स्वास्थ्य सेवाएं चला पाना मुश्किल है इस अवसर पर डॉ आर पी सोनी विजय वर्मा अर्पित श्रीवास्तव अभिषेक निषाद अनुराग मौर्य फरहान अजय कुमार अमित कुमार अंजलि कामना श्रीवास्तव संजना आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रासंगिकता आज और बढ़ गई हैं: सत्यभान सिंह

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** शहीद भगतसिंह स्मृति ट्रस्ट एक बैठक वजीरगंज में सदस्य मालती तिवारी की अध्यक्षता में हुई।बैठक को सम्बोधित करते हुए ट्रस्ट के चेयरमैन सत्यभान सिंह जनवादी ने कहा कि शहीद-ए-आजम भगतसिंह की प्रासंगिकता आज और बढ़ गई है। हम सबको उनके संघर्ष और बलिदान से सीख लेते हुए उनके बताए हुए मैग पर चलने का काम करना चहिये। अनीता यादव ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा शहीदे आजम भगतसिंह का 116वाँ जन्मदिवस दो दिवसीय बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा। 27 सितम्बर को सुबह 10 बजे से नन्द कान्वेंट स्कूल में शहीदे आजम भगतसिंह व आज का भारत विषय पर सेमिनार होगा और उसके बाद 11 बजे से निबन्ध प्रतियोगिता करवाया जाएगा और पुरुस्कार वितरण किया जाएगा। ट्रस्ट की सदस्य अध्यापिका मालती तिवारी ने कहा कि शहीदे आजम भगतसिंह के जन्मदिवस पर 28 सितंबर को सुबह 11 बजे से नगर निगम प्रांगण में शहीदे भगतसिंह पार्क में उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित किया जाएगा और भगतसिंह के जीवन के बारे चर्चा की जायेगी। यह कार्यक्रम में तमाम प्रगतिशील लोगो को आमंत्रित किया जा रहा है।

### दिनदहाड़े खेतों से खुल रहे हैं विद्युत मोटर चोरों को पकड़ने में पुलिस नाकाम

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर-अयोध्या।** बीकापुर कोतवाली अंतर्गत हल्का नंबर दो क्षेत्र में इस समय लगातार दिन में चोरों का आतंक बढ़ गया है। इस दौरान एक महीने के अंदर दर्जनों मोटर दिनदहाड़े खुल गए हैं। पीड़ितों के द्वारा चोरी की घटना की सूचना लगा तार कोतवाली पुलिस को दी जा रही है लेकिन अभी तक किसी भी एक चोरी का खुलासा पुलिस करने में नाकाम साबित हो रही हैं। ग्राम पंचायत जेरुआ निवासी सियाराम मौर्य का विद्युत मोटर दिनदहाड़े चोर चुरा ले गए। पीड़ित ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी लेकिन अभी तक पुलिस चोर को पकड़ने में नाकाम रही। वहीं दूसरी तरफ शनिवार को भावापुर निवासी विजय कुमारी पाण्डेय का मोटर दिनदहाड़े चोर खेत से खोल ले गए। गजडी निवासी जियालाल कोरी के खेत में लगा सीमेंट का पिलर चोर उठा ले गए। जेरुआ निवासी हनुमंत पाण्डेय व ललित कुमार पाण्डेय के नल कूप पर लगे झटका मशीन को चोर खोल कर ले जा रहे थे की किसी की आने की आहट पाकर उक्त मशीन को चोर दूसरे के खेतों में फेंक कर भाग निकले। हल्का नंबर दो में लगातार चोरियां बढ़ती ही जा रही हैं। पुलिस चोरों को पकड़ने में दिलचस्पी नहीं दिखा पा रही है। दशरथपुर ग्राम पंचायत में बीते दिनों दो लोगों का मोटर चोर खोले गए। पीड़ितों ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी थी।

## जिलाधिकारी में निर्माणाधीन मल्टी लेवल पार्किंग का किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

जिलाधिकारी नितीश कुमार द्वारा कलेक्ट्रेट के पास निर्माणाधीन मल्टी लेवल पार्किंग का निरीक्षण किया गया, जिसमें जिलाधिकारी ने कहा कि इसको निर्धारित समय के अन्तर्गत गुणवत्ता बनाए रखते हुये पूरा किया जाए, जिसमें 85 प्रतिशत तक काम पूरा हो चुका है। इसके बनने से लगभग 282 कार की पार्किंग की व्यवस्था के अलावा पार्किंग के बाहर तथा अंदर मोटर साइकिलों के पार्किंग के व्यापक व्यवस्था होगी। जिलाधिकारी ने पार्किंग स्थल पर रेलिंग, टाय्लेट, सीढ़ियों के पास रेलिंग तथा पानी को बाहर निकलने के लिए आवश्यक निकास बनाने का निर्देश दिया। मल्टीलेबल पार्किंग पर बैठने के लिए कुर्सी तथा डिजाइन के अनुसार टाइल्स, साफ सफाई आदि की बेहतर व्यवस्था करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि यह पार्किंग स्थल बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान पर है इसमें सरकारी विभागों के साथ साथ अधिवक्तागणों, विशिष्ट व्यक्तियों के पार्किंग की व्यवस्था होगी जो आम लोगों के लिए भी सुविधादायक होगी। इसको बेहतर ढंग से बनाने हेतु सम्बंधित अभियन्ता एवं कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया। मौके पर कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि अभियंतागण उपस्थित रहे।

### दबंग ने किया सड़क पर कब्जा, ग्रामीणों ने की समाधान दिवस पर शिकायत

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** दबंग की दबंगई से ग्रामवासी परेशान आने जाने के रास्ते पर दबंग ने किया कब्जा कोर्ट के आदेशों का भी पालन नहीं कर पा रही प्रशासन मामला थाना महाराजगंज के अंतर्गत ग्राम सभा बकुआपुर में ग्रामीणों के आने जाने के मार्ग को दबंग ने कब्जा कर लिया है जिसकी शिकायत ग्राम वासियों ने समाधान दिवस में भी किया है। आपको बताते चले की मामला ग्राम सभा बकुआपुर गाटा संख्या 529 पर स्थित चकरोट पर मुख्य मार्ग से केदार नाथ चौहान आदि के घर तक पूर्व के वर्षों में मिट्टी पटाकर खड़जा लगवाया गया था परन्तु बाद में रामकरन पुत्र भुल्लुर यादव के द्वारा खड़ंजा उखड़वाकर फेंक दिया गया जिस पर माननीय उच्च न्यायालय के आदेश 28 सितंबर 2012 में क्षतिग्रस्त खडंजे को पुन- लगाने का आदेश पारित किया गया। 28 सितंबर 2012 के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी से सम्बन्धित नायब, तहसीलदार एवं लेखपाल कानूनगों के मौजूदगी के आदेश तथा खंड विकास अधिकारी के आदेश में खड़ंजा लगवाने के लिए आदेशित किया गया है तथा ग्राम पंचायत अधिकारी के कहने पर स्थल पर ईट गिरा दिया गया है।

## राष्ट्र को प्रगति पथ पर गतिमान करने की सोच पंडित दीनदयान उपाध्याय की थी: लल्लू सिंह

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**



एकात्म मानववाद का सिद्धान्त को समाज के समक्ष प्रस्तुत करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती भाजपा ने महानगर व जिले के सभी बूथों पर मनाई। सिविल लाईन स्थित उनकी प्रतिमा पर सांसद लल्लू सिंह के नेतृत्व में माल्यापर्ण करके उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गयी।सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि एकात्म मानववाद व अंत्योदय के विचारों से राष्ट्र को प्रगतिपथ पर गतिमान करने का सोच पंडित दीनदयान उपाध्याय की थी। उन्ही के पथचिन्हों पर चलते हुए केन्द्र व प्रदेश सरकार अंतिम व्यक्ति के उत्थान की परिकल्पना को सार्थक कर रही है। निःशुल्क आवास, शौचालय गैस व विद्युत कनेक्शन ने गरीबों की जीवनशैली में परिवर्तन किया है।विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि सरकार सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए सबका विश्वास हासिल करने की लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रही है।महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा दीनदयाल जी के डबल इंजन सरकार पूरी प्रतिबद्धता और ईमानदारी के साथ पंडित उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को राष्ट्रोदय में बदलने का कार्य कर रही है। पहली बार बिना किसी भेदभाव के बिना हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि अंत्योदय की परिकल्पना करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय ज्योतिपुंज थे। उन्होंने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के कल्याण को राजनीतिक चिंतन का एजेंडा बनाया था। उनके इस चिंतन का असर आज दिखता है। आज एकात्म मानववाद की ताकत दुनिया देख रही है। इस अवसर पर अवधेश पांडे बादल, आलोक द्विवेदी, रवि सोनकर, शैलेंद्र कोरी, राम कुमार सिंह राजू, अखंड प्रताप सिंह डिंपल, आकाश मणि त्रिपाठी, जेपी श्रीवास्तव, संग्राम सिन्हा अंशुमान मित्रा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एमएलके पीजी कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्थापना दिवस

## राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन



**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दिनभर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक तथा स्वयंसेविकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे ने दीप प्रज्वलित कर किया।

जानकारी के अनुसार 24 सितंबर को एमएलके पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे सभी संकायों से 219 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो जेपी पांडे ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए पंचम सेमेस्टर के छात्र अम्बुज भार्गव को मिला तथा पोस्टर प्रतियोगिता में अभय शुक्ला व स्लोगन में हर्षित धर द्विवेदी ने प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ आलोक शुक्ला ने सभी को बधाई देते हुए भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता एवं समाज के उत्थान में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमे प्रथम स्थान बीए तृतीय सेमेस्टर के छात्र अम्बरीश द्विवेदी को मिला। कार्यक्रमाधिकारी डॉ रमेश शुक्ला ने सभी का स्वागत किया। अंत में मुख्य कार्यक्रमाधिकारी डॉ आलोक शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में कार्यक्रमाधिकारी डॉ जितेंद्र भट्ट, डॉ अनामिका सिंह सहित सैकड़ों प्रतिभागी मौजूद रहे।

### गत समाधान दिवस में अनुपस्थित रहना तीन अधिकारियों को पड़ा महंगा, डीएम ने किया जवाब तलब

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** जन समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाना शासन की प्राथमिकताओं में सम्मिलित है। इसके लिए शनिवार संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित होता है। पिछले समाधान दिवस में तीन अधिकारियों को समाधान दिवस में आना भारी पड़ गया है जिला अधिकारी अरविंद सिंह ने तीन अधिकारियों से जवाब तलब किया है। माह के तृतीय शनिवार 16 सितम्बर को तहसील तुलसीपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, प्रान्तीय खण्ड, बलरामपुर, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, बलरामपुर, सहायक अभियंत्रण, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग, तुलसीपुर बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहें, जिससे इन विभागो के सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों पर अपेक्षित कार्यवाही/समीक्षा नहीं हो सकी। जिलाधिकारी द्वारा उक्त अधिकारियों की लापरवाही/शिथिलता को देखते हुये 16.09.2023 (एक दिवस) का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकते हुये तीन दिवस के अन्दर तहसील तुलसीपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थिति पर स्पष्टीकरण तलब किया है। उनके द्वारा सन्तोषजनक जबाव न देने पर सम्बन्धित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## नंद बाबा दुग्ध मिशन की बैठक डीएम की अध्यक्षता में आयोजित

* ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को योजना की विस्तृत जानकारी देने के निर्देश

**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**



स्वदेशी गायों की नस्ल सुधार एवं दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि हेतु जिलाधिकारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में **नन्द बाबा दुग्ध मिशन** के क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण एग्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में उप दुग्धशाला विकास अधिकारी, बलरामपुर ने बताया कि जनपद में ÷नन्द बाबा दुग्ध मिशन÷ के अन्तर्गत दो योजनाएं मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना एवं प्रारम्भिक दुग्ध सहकारी समितियों के गठन की योजना संचालित है।

बैठक मे जिलाधिकारी ने ÷नन्द बाबा दुग्ध मिशन÷ के अन्तर्गत स्वदेशी गायों में नस्ल सुधार एवं दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि हेतु सरकार द्वारा चलायी जा रही ÷मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन÷ के क्रियान्वयन एवं प्रचार-प्रसार के संदर्भ में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि विभागीय अधिकारीगण एवं कर्मचारी ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना के सम्बन्ध में पशुपालकों को विस्तार से जानकारी देते हुए उन्हें योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित करें। बैठक में उप दुग्धशाला विकास अधिकारी ने बताया की योजना के उद्देश्य स्वरूप, प्रोत्साहन, आवेदन प्रक्रिया आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि योजना का उद्देश्य जनपद में उच्च गुणवत्ता एवं उत्पादकता वाली स्वदेशी नश्ल की गायों के पालने की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ पशुपालकों को गायों की नश्ल सुधार, उनकी बेहतर देखभाल, गुणवत्ता पोषण एवं स्वास्थ्य प्रतिरक्षा के लिए प्रेरित करना एवं बलरामपुर में दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि करके पशुपालकों की आय में वृद्धि करना है।

यह योजना स्वदेशी नस्ल की गाय यथा गिर, साहीवाल, हरियाणा, गंगातीरी एवं थारपारकर प्रजातियों पर लागू होगी। एक गाय की उच्च उत्पादकता हेतु उसके जीवनकाल में केवल एक बार इस योजना के अन्तर्गत प्रोत्साहन का लाभ पशुपालक को दिया जायेगा। यह योजना गायों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय ब्यांत के लिए ही लागू होगी। प्रगतिशील पशुपालक का अधिकतम 02 गायों के लिए केवल एक बार इस योजना का लाभ देय होगा। प्रगतिशील पशुपालकों को प्रोत्साहित करने हेतु पशुपालकों को चयनित कर रू0 10,000.00 से रू015000

प्रति गाय की दर से नगद पुरस्कार तथा प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जायेगा। साहीवाल गाय, गिर गाय एवं थारपारकर गाय हेतु 08 से 12 किग्रा0 तक रू0 10,000.00 एवं 12 किग्रा0 से अधिक रू0 15000.00 एवं हरियाणा, गाय हेतु 07 से 10 किग्रा0 तक रू0 10,000.00 एवं 10 किग्रा0 से अधिक रू0 15000.00 तथा गंगातीरी गाय हेतु 07 से 08 किग्रा0 तक रू0 10,000.00, एवं 08 किग्रा0 से अधिक रू0 15000.00 रू0 प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। आवेदन तिथि 18 सितबंर से अन्तिम तिथि 17 अक्टूबर तक किया जा सकता है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य , जिला विकास अधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, उप दुग्ध विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

### नवोदय विद्यालय में कक्षा 09 व 11 में रिक्त सीटों पर मिलेगा प्रवेश

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर में शिक्षण सत्र 2024-25 में कक्षा 09 व 11 में रिक्त स्थानों को भरने हेतु पात्र इच्छुक छात्र-छात्राएं निर्धारित वेबसाइट पर नि:शुल्क आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि आनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित हैं। श्री पांडेय ने बताया कि आनलाइन आवेदन करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर सर्वेश कुमार के मो.न. 8299892286, राजा राम सिंह यादव के मो.न. 9415659778 अथवा सिपाही लाल के मो.न. 7905588930 पर सम्पर्क कर सकते हैं। प्रधानाचार्य श्री पाण्डेय ने बताया कि कक्षा 09 में प्रवेश हेतु जिले के ऐसे मूल निवासी छात्र-छात्राएं जो शिक्षण सत्र 2023-24 में किसी सरकारी विद्यालय/मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 08 में अध्ययनरत हैं वेबसाइट https://cbseitms.nic.in2023/nvsix पर आवेदन कर सकते हैं। छात्र-छात्राओं की जन्म तिथि 01 मई 2009 से 31 जुलाई 2011 तक होनी चाहिए। इसी प्रकार कक्षा 11 में प्रवेश हेतु जिले के ऐसे मूल निवासी छात्र-छात्राएं जो शिक्षण सत्र 2023-24 में किसी सरकारी विद्यालय/मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 10 में अध्ययनरत हैं। https://cbseitms.nic.in2023 /nvsixi_11 पर आवेदन कर सकते हैं। छात्र-छात्राओं की जन्म तिथि 01 जून 2007 से 31 जुलाई 2009 तक होनी चाहिए।

## थाना क्षेत्र में घूम रहा जिला बदर अपराधी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। बहराइच**




राम गांव पुलिस ने थाना क्षेत्र में लोक छुपकर घूम रहे जिला बदर अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे मुकदमा पंजीकृत कर जेल लगाना कर दिया। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध पर अंकुश और अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के अंतर्गत रामगढ़ पुलिस ने एक साथ अपराधी को गिरफ्तार कर लिया पुलिस के मुताबिक इसके खिलाफ कई अपराधी मामले थाने पर दर्ज हैं।

थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा ने बताया कि मतीन पुत्र बहादुर उर्फ अकबर अली निवासी लौकना थाना रामगांव के खिलाफ थाने पर गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद पुलिस ने मतीन के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई थी और जिलाधिकारी न्यायालय पर वाद पेश किया था। जिलाधिकारी ने सुनवाई के बाद मतीन को 6 महीने के लिए जिले से बाहर रहने का आदेश जारी किया था। जिससे कि थाना क्षेत्र में किसी प्रकार की अपराधी घटना न घटने पाए और लोग सुकून से रह सकें। थाना अध्यक्ष ने बताया कि मुखबिर की ओर से सूचना मिली थी कि मतीन लुक छुपकर थाना क्षेत्र में घूम रहा है। इस सूचना पर उपनिरीक्षक अजेश कुमार, बैजनाथ यादव, हेड कांस्टेबल जयसिंह और मारकण्डेय तिवारी की टीम गठित कर गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया गया। पुलिस टीम ने मशीन को गिरफ्तार कर लिया। थाने लाकर उसके खिलाफ गुंडा एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया।

## 6 माह से छोटे शिशुओं के पोषण पर विशेषज्ञों ने दी अपनी राय

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में ''कुपोषण का प्रकार, कारण एवं 06 माह से छोटे शिशु के लिए पोषण सेवाए'' विषय पर वर्चुअली आयोजित ''पोषण पाठशाला'' को राज्यमंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, उत्तर प्रदेश प्रतिमा शुक्ला ने जनपद श्रावस्ती से जुड़ते हुए सम्बोधित किया। जबकि प्रमुख सचिव अनामिका सिंह एवं निदेशक शरजीत कौर ब्रोका के निर्देशन में पोषण पाठशाला का आयोजन हुआ। जबकि वरिष्ठ बाल विशेषज्ञ डॉ. रावत ने 'कुपोषण के प्रकार, दुष्प्रभाव, कारण एवं बचाव' विषय पर तथा पोषण अधिकारी यूनिसेफ रवीश शर्मा द्वारा 06 माह से छोटे शिशुओं के लिए पोषण सेवाएं विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि जिला सूचना विज्ञान केन्द्र वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, बाल विकास परियोजना अधिकारी पयागपुर, शिवपुर हुजूरपुर, चित्तौरा तथा सम्बन्धित परियोजनाओं की मुख्य सेविकाओं सहित लाभार्थी मौजूद रहे। वर्चुअल माध्यम से आयोजित हुई पोषण पाठशाला में जिले की आशा, आशा संगिनी, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व मिनी कार्यकत्रियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

## मनाया गया एनएसएस का स्थापना दिवस




**जन एक्सप्रेस। बहराइच**

शहर के महिला पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की श्रृंखला में रविवार को गोष्ठी एवं सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ अमृता मिश्रा ने नवप्रवेशी स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देशयों से परिचित कराते हुए उन्हें उत्साह के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्राओं का चतुर्दिक विकास होता है। ऐसे में छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमों में पूरी निष्ठा के साथ प्रतिभाग करना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ रीमा शुक्ला,डॉ प्रियंका श्रीवास्तव एवं कु.आकांक्षा पटेल ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए उनमे नई ऊर्जा का संचार किया।इसी क्रम में सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतीक्षा मिश्रा, राधिका मौर्या, स्वाति, अनामिका, ज़ेबा, महक आदि छात्रओं ने गीत एवं चेतना,आयशा, शारिबा, सलोनी, मानसी गुप्ता आदि छात्राओं ने नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में समस्त प्रवक्तागण उपस्थित रहे।

# सहकारी समितियों का हिस्सा बन किसान सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं : संजय सिंह गंगवार

* राज्यमंत्री ने ललौरीखेड़ा में सदस्यता अभियान के किसानों को बाटे प्रमाणपत्र
* जयंती पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय का किया भावपूर्ण स्मरण

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उधोग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज सोमवार को ललौरीखेड़ा ब्लाक स्थित सहकारी समिति प्रागणं में आयोजित सदस्यता महा अभियान कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होनें सहकारी क्षेत्र की समितियों का हिस्सा बनकर किसानों से सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने का आव्हान किया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री श्री गंगवार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जंयती के उपलक्ष्य में उनके चित्र पर पूष्प अर्पित कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया। राज्यमंत्री श्री गंगवार सहकारिता विभाग द्वारा चलाये जा रहे बी-पैक्स सदस्यता महा अभियान के अन्तर्गत आज ललौरीखेड़ा ब्लाक की साधन सहकारी समिति के प्रागण में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि भाग लेने पहुचे जहा उन्होनें किसानों से सहकारिता क्षेत्र के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होनें कहा की सहकारी समितियो के सदस्य बनकर क्षेत्र के किसान समितियों से खाद,बीज आदि विभिन्न सुविधाओं का लाभ उठा सकते है वही फसली ऋण की सुविधा भी प्राप्त कर सकते है। उन्होनें कहा की सरकार सहकारिता क्षेत्र के माध्यम से किसानों की आय को बढ़ाने का प्रयास कर रही है इस लिए प्रत्येक किसान को सहकारी समिति का हिस्सा बनना चाहिए। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री गंगवार ने सहकारी समिति के हिस्सा बने सदस्यों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये। कार्यक्रम में सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने बताया की सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य से अधिक महा सदस्यता अभियान के दौरान किसानों को सदस्यता ग्रहण कराई गई है। कार्यक्रम में ललौरीखेड़ा ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, जिला सहकारी बैंक उपाध्यक्ष पूरन लाल गंगवार, चौधरी दिग्विजय सिंह, ग्राम प्रधान राम किशन, समिति अध्यक्ष गिरधारी लाल, ग्राम प्रधान शरद, ग्राम प्रधान राजपाल, जिला सहायक निबंधक सहकारी समितिया, जिला सहकारी बैंक के महाप्रबन्धक सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्राम प्रधान, बी0डी0सी0 सदस्य और सहकारिता विभाग एवं प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें।

# डीएम की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी (डी0सी0डी0सी0) की बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में एक सितम्बर से 30 सितम्बर तक सदस्यता महा अभियान चलाया जा रहा है। जनपद को 21280 सदस्य बनाये जान का लक्ष्य प्राप्त हुआ था जिसमें में आज तक 41532 सदस्यों से मु0 10328439 रू0 धनराशि सदस्यता शुल्क के रूप में जमा की जा चुकी है। सदस्यता अभियान की प्रगति में जनपद प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। अन्य जनपदों की प्रगति को देखते हुये जनपद के सम्बन्धित ग्राम प्रधानों से न्यूनतम 25 सदस्य बनवाये जाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी को समस्त ग्राम प्रधानों से प्रति ग्राम सभा 25 सदस्य सहकारी समिति में बनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिससे सदस्यों को सहकारिता विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। साथ ही सदस्य संयोजक द्वारा अवगत अवगत कराया गया कि जनपद जनपद में स्थित 76 सहकारी समिति (बी-पैक्स) में से 54 सहकारी सिमतियां राजस्व अभिलेखो में दर्ज है अवशेष समितियों की जमीन को राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराने की कार्यवाही की जानही है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये कि अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) एवं सम्बन्धित उप जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर अवशेष समितियों को दर्ज कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये। जनपद में स्थित 76 सहकारी के सापेक्ष 58 सहकारी समितियों पर बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कराया जा चुका है अवशेष 18 सहकारी समितियों के बाउण्ड्रीवाल का निर्माण मिशन कायाकल्प योजना के अन्तर्गत कराने के निर्देश दिये गये, जिससे सहकारी समितियों की भूमि को अतिक्रमण आदि से बचाया जा सके। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), डीडीएम नाबार्ड, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, मत्स्य अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहें।

## फास्ट फॉरवर्ड

### ग्राम प्रधान ने करीब बीस लाख रुपए के कटवाए हरे पेड़


प्रतीकात्मक फोटो

जन एक्सप्रेस/जौनपुर। प्रदेश सरकार जहां एक तरफ जलवायु नियंत्रण रखने हेतु अनेक प्रकार की योजनाओं के तहत गांव गली कूचो में वृक्षारोपण का कार्यक्रम चला रही है वहीं एक ग्राम सभा में ग्राम समाज की जमीन से लगभग चार सौ हरे भरे पेड़ों की कटाई से मिले धन का बंदरबांट ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिव के मिली भगत से किया गया। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिला वन अधिकारी से की है। मिली जानकारी के अनुसार भैसहारामपुर (प्रेम का पूरा) गांव में सात एकड़ ग्राम समाज की जमीन पर लगभग बीस वर्षों से लगे शीशम, चिलबिल के साथ अन्य प्रकार के वृक्षों को ग्राम प्रधान विनोद कुमार पांडेय एवं ग्राम सचिव अरुण पटेल की मिली भगत से लगभग चार सौ हरे पेड़ों को कटवा कर बेचते हुए सरकारी धन का बंदरबांट किया है। जिसकी शिकायत गांव के ही रहने वाले अरुण कुमार दुबे पुत्र स्व0 इंद्रचंद्र दुबे, मुकेश कुमार दुबे पुत्र माता प्रसाद दुबे, राजेश प्रसाद दुबे पुत्र माता प्रसाद दुबे, अनिल कुमार दुबे पुत्र जगदंबा प्रसाद दुबे, अरविंद कुमार दुबे पुत्र स्व0 उदय राज दुबे आदि लोगों ने वन विभाग अधिकारी जौनपुर को प्रार्थना पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है तथा सरकारी धन के हुए बंदर बाट को ग्राम सभा के विकास मे खर्च करने की मांग की है। इस संबंध में पूछे जाने पर वन विभाग रेंजर अमृता सिंह ने बताया कि इस प्रकार की कोई जानकारी हमे नही है यदि ऐसा हुआ है तो जांच की जाएगी।

### पखवाड़ा बाद भी नहीं बदला गया जला फीडर

जन एक्सप्रेस/जौनपुर। विद्युत उपकेंद्र में संचालित चार फीडरों में रसूलपुर फीडर पखवाड़ा पूर्व जल गया था। पंद्रह दिन बीत जाने के बाद भी नया फीडर नहीं लगाया गया। जिसके चलते उपभोक्ताओं को बिजली को लेकर तमाम फजीहतें झेलनी पड़ रही है। फीडर चालू कराने को लेकर हाल ही में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने उपकेंद्र पर धरना प्रदर्शन भी किया था। बावजूद इसके जिम्मेदारों के द्वारा उसे ठीक नहीं कराया गया। उपकेंद्र का रसूलपुर फीडर बीते 10 सितंबर को अचानक जल गया था।दो दिनों तक इससे सेवित दर्जनों गांवों में आपूर्ति पूरी तरह बंद रही। बाद में उपभोक्ताओं के विरोध करने पर अन्य तीन फीडरो से अलग अलग समय में बिजली काट दो चार घंटे के लिए रसूलपुर फीडर में सप्लाई की जाने लगी। उपभोक्ताओं को जिम्मेदारों के द्वारा अब बन जायेगा,तब बनेगा जैसा कोरा आश्वासन मिलता रहा। पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी फीडर संचालित नहीं हो सका। जिसके चलते किसान,ब्यापारी,छात्र सभी परेशान हैं। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत विधायक रमेश सिंह से भी किया। तब पर भी आपूर्ति सही नहीं हो सकी। उमस भरी गर्मी के साथ किसानों की तैयार धान की फसल की सिंचाई अब बहुत जरूरी है। जो बाधित चल रही है। इस संबंध में जेई से संपर्क का प्रयास किया गया तो मोबाइल पर घंटी बजती रही। लेकिन फोन नहीं उठाए।

### ऑफिसर बनकर 25 हजार रुपये लोन कराने के नाम पर ऐंठे

जन एक्सप्रेस/बीसलपुर। फील्ड आफीसर बनकर धोखाधड़ी से 14 लाख रुपये का ऋण खादी ग्राम उद्योग योजना के अन्तर्गत लेने पर 25 फीसदी सब्सिडी व ब्जाय 9 प्रतिशत बार्षिक दर पर लेने का प्रलोभन देकर 25 हजार नकद लेकर फाइल तैयार करने को कहा। बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव बरखेड़ा यासीन निवासी तौलेराम गंगवार ने एक युवक पर धोखाधड़ी सहित कई धराओं में मुकदमा दर्ज करवाया है। दर्ज मुकदमें में कहा गया कि जनपद शाहजहांपुर के कस्वा जलालाबाद के मोहल्ला प्रताप नगर निवासी अनुज मिश्रा पुत्र रमेश मिश्रा ने अपने आप को उसके बेटे को बैंक में फील्ड आफीसर बताया था। अनुज मिश्रा ने उसके पुत्र से 14 लाख रुपये का ऋण खादी ग्रामोद्योग योजना के अन्तर्गत लेने पर 25 फीसदी सब्सिडी व ब्याज 9 प्रतिशत बार्षिक दर पर देने का प्रलोभन देकर उसके पुत्र से 25 हजार नकद लेकर फाइल तैयार करने को कहा। 3 दिन अनुज मिश्रा ने पुत्रबधू जाबित्री देवी के नाम से फाइल तैयार करके हस्ताक्षर करवाने आया और कहा कि आपको फाइल में और खर्च करना होगा। मामले में कार्यवाही किये जाने की मांग की हैं।

### आयुष्मान कार्ड निशुल्क बनवाएं

पीलीभीत। वर्तमान में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत पात्र गृहस्थी राशनकार्डधारक जिनके राशनकार्ड में 06 अथवा 06 से अधिक सदस्य सम्मिलित है। वह अपनी सम्बन्धित उचित दर दुकान पर जाकर अपना आयुष्मान कार्ड नि:शुल्क बनवा सकते हैं।





# पं0 दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर नगर पीलीभीत में विचार गोष्ठी आयोजित की गई

* मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्ग विजय सिंह शाक्य रहे अध्यक्षता विकास श्रीवास्तव ने की

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**सैकड़ों कार्यकर्ता रहे उपस्थित**

इस विचार गोष्ठी में जिला महामंत्री लेखराज भारती,जिला उपाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य,सुषमा कुमारी, जिला मंत्री मंगली प्रसाद वर्मा, संजीव मोहन अग्रवाल, भारतेन्दु,जिला मीडिया प्रभारी स्वतंत्र देवल, शिव नारायण शर्मा ,दीपू कश्यप,नितिन सक्सेना,इंद्रेश चौहान,नरेंद्र तिवारी,अंब्रिश शर्मा,सुनील मिश्रा,जीतू सूर्या, जे पी सिंह,रजनीश पांडे,परगट सिंह,अंकुर अग्रवाल,नीरज श्रीवास्तव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष चेतन शर्मा, विकास बाल्मीकि ,अकलीम मलिक सभासद शिवम,रत्ना शुक्ला,विपिन त्यागी,राजू फोजी,सुरेश, राकेश मौर्य सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सोमवार को पं दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने गुरुवर्तन में बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय जनसंघ के द्वितीय राष्ट्रीय अध्यक्ष बने और अपने अंत्योदय विचार के साथ राजनीति को एक नई दिशा दी। पं दीन दयाल उपाध्याय सदैव अपनी शिक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करते थे,अपनी शिक्षा प्राप्त करने के बाद उन्होंने भारत माता की सेवा करने हेतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े और उसके बाद भारतीय राजनीति को बदलने का कार्य किया। उनका एक ही स्वप्न था कि भारत में रहने वाले गरीब, असहाय, वंचित,शोषित, आदिवासी एवं वनवासी उनका उद्धार किस प्रकार हो,ऐसी चिंता के साथ वह राष्ट्रहित में कार्य करते रहे। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने एक वक्तव्य में कहा कि अगर मेरे दीनदयाल उपाध्याय जैसा मुझे एक और महामंत्री मिल जाए तो मैं अपने भारत की राजनीति को बदलकर रख दूंगा। ऐसे पं दीन दयाल उपाध्याय जी के जीवन से हर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को प्रेरणा लेकर संगठन के कार्यों में लगकर माननीय प्रधानमंत्री जी को मजबूत करना है। जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने कहा कि पं दीन दयाल उपाध्याय ही राष्ट्रहित और देशवासियों के विषय में विचार करते रहते थे, उनके विचारों को आज भी हम अपने हृदय में उनका स्थान एक महापुरुष के रूप में देखते हैं,आज उनके द्वारा लगाया गया पौंधा वृटवृक्ष के रूप में दिखाई दे रहा है,आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरकर आई है, निश्चित रूप से आज हम उनको नमन करते हुए उनको उनकी जयंती पर शत् शत् नमन करते हैं। अंत में इस विचार गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे नगर अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव ने आये हुए सभी अतिथि, जिला पदाधिकारी, मण्डल पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए विचार गोष्ठी के समापन की घोषणा की।

# सर्प दंश से विवाहिता की मौत, स्वजनों में मचा चीत्कार

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**हजारा/पूरनपुर।** रात में चारपाई पर सो रही विवाहिता को जहरीले सांप ने काट लिया।सर्प दंश से विवाहिता की मौत हो गई है।विवाहिता की मौत से दो मासूम बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया है ,तो वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचायत नामा भर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

इंडो नेपाल बॉर्डर क्षेत्र के गांव बमनपुरी भागीरथ का मजरा कंबोज नगर निवासी कमलजीत सिंह की पत्नी स्वरूप कौर(25) सोमवार रात घर में चारपाई पर सो रही थी।इसी दौरान चारपाई पर चढ़कर एक जहरीले सांप ने विवाहिता के हाथ में काट लिया ।महिला को सर्प के द्वारा डस लेने का आभास होते ही हाथ झटक दिया तो सांप दूर जाकर गिरा। सांप के डस लेने से घर में हड़कंप मच गया विवाहिता के परिजन उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया कलां जिला लखीमपुर खीरी ले गए जहां इलाज के दौरान विवाहित की मौत हो गई।इधर विवाहिता के मौत से उसके 3 वर्षीय पुत्र वंशदीप सिंह व डेढ़ वर्षीय पुत्र अंशदीप सिंह के सिर से मां का साया उठ जाने से दोनों अबोध बालक गुमसुम हो गए हैं तो वही विवाहिता के मौत से परिजनों में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। परिजनों ने सांप के डस लेने के बाद विवाहिता को डॉक्टर के अलावा झाड़ फूंक करने वालों के पास भी गए मगर कोई फायदा नहीं हुआ और उसकी मृत्यु हो गई है।परिजनों ने हजारा पुलिस को सूचना देकर घटना की जानकारी दी जिस पर हजारा थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय पीलीभीत भेजा है।उधर बमनपुरी भागीरथ की प्रधान कुलविंदर कौर के पति पूर्व प्रधान गुरदेव सिंह ने सांप के द्वारा डसने से विवाहिता की हुई मौत की सूचना संबंधित लेखपाल एवं तहसील प्रशासन को दिया है।

# हजारा पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**हजारा/पूरनपुर।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देशानुसार अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना हजारा थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस लगातार अपराधियों पर कार्रवाई कर रही है। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक ने वांछित चल रहे वारंटियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजने के लिए निर्देशित किया है।

थाना हजारा थानाध्यक्ष परमेन्दर कुमार के निर्देशन में थाना हजारा पुलिस के विशेष अभियान के दौरान पुलिस के हत्थे दो वारंटी चढ़ गए।इन वारंटियों के खिलाफ अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किये थे।पुलिस इनकी तलाश सरगर्मी से कर रही थी जिन्हें हजारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया है।जिसमें गुंडा एक्ट अधिनियम के तहत फरार चल रहा वारंटी दर्शन सिंह पुत्र टहल सिंह तथा वन अधिनियम के तहत वारंटी सुरेंद्र सिंह पुत्र दर्शन सिंह निवासी गण टिल्ला नंबर चार थाना हजारा जनपद पीलीभीत को गिरफ्तार किया गया है।थाना हजारा थानाध्यक्ष परमेन्दर कुमार ने बताया है कि सोमवार को पुलिस ने विशेष अभियान के तहत दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ अदालत ने वारंट जारी किये थे।यह दोनों वारंटी पिता - पुत्र काफी समय से फरार चल रहे थे।पकड़े गए दोनों वारंटियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक रविंद्र पाल सिंह, उप निरीक्षक तेजवीर सिंह, उप निरीक्षक राकेश कुमार कांस्टेबल यशबीर सिंह,बंटी कुमार, अश्विनी कुमार, श्रीप्रकाश तथा महिला कांस्टेबल शिवानी मौजूद रहे।

## डीएम ने उकनी पावर हाउस सब स्टेशन का कार्य तत्काल पूर्ण कराने का दिया निर्देश

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।सीडा उद्यमियों द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि उकनी पावर हाउस सब स्टेशन का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है जिस पर अधिशासी अभियंता विद्युत माध्यमिक कार्य खंड वाराणसी द्वारा अवगत कराया गया कि मेसर्स एच आई एल सीडा द्वारा सहमति लेकर अगले सप्ताह तक कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा जिस पर अध्यक्ष द्वारा अधिशासी अभियंता विद्युत माध्यमिक कार्य खंड वाराणसी को एक सप्ताह में उक्त कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। सीडा उद्यमियों ने सीडा में आवास विकास द्वारा ह्यूम पाइप कार्य व रोड मरम्मत कार्य अभी भी पूर्ण नहीं हुआ जिस पर अधिशासी अभियंता आवास विकास द्वारा अवगत कराया गया कि कार्य पूर्ण हो गया है।

# लोकसभा चुनाव में जिले से प्रत्याशी जिताने के लिए कोई भी कुर्बानी देनी पड़े: दिव्या गंगवार

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**बीसलपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव व बहेड़ी के विधायक अताउर्रहमान का यहां पहुंचने पर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। अताउर्रहमान रहमान ने अपने संबोधन में कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है। इसकी तैयारी पार्टी के कार्यकर्ताओं को जोरशोर से करनी होगी। इस बार जनता ने इंडिया गठबंधन को वोट देने का मन बना लिया है। भारतीय जनता पार्टी ने देश को लूटने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में गुंडागर्दी व महंगाई चरम पर है। इस बार देश के लोगों ने इंडिया गठबंधन को वोट देने का सोच रखा है। उन्होंने कहा कि जोन, सेक्टर, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को मेहनत से कार्य करना होगा। समीक्षा मीटिंग में समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव दिव्या पी गंगवार ने कहा आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ता अभी से जुट जायें क्योंकि चुनाव जिले से जिताना है। इसके लिए चाहे कोई भी कुर्बानी देनी पड़े। क्योंकि सपा मुखिया अखिलेश यादव लोकसभा का चुनाव केन्द्र में दम खम के साथ चुनाव लड़ायेंगे। इस बार समाजवादी की सरकार बननी तय है। क्योंकि कार्यकर्ता अभी से मेहनत करने में जुट गये हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, चौधरी प्रदीप पटेल, शैलेश शर्मा, रूपलाल महातिया, हरपाल लोधी, यासीन अंसारी, अभिषेक गंगवार, राम प्रताप गंगवार, सालिकराम गंगवार, अरबिन्द गंगवार, बीडी प्रजापति, गुरनाम सिंह, मुक्तदिर हयात खान, रजनीश मौर्य, मुनेंद्र सिंह, शिवेंद्र मौर्य सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 'सही प्रबंधन नीतियों से लंपी स्किन बीमारी का हो सकता है रोकथाम'

* जीवाणु नाशक केमिकल जैसे चूना, फेनोयल, 0.1 प्रतिशत लाल दवाई इत्यादि का छिड़काव करना चाहिए

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



पशुओं मे होने वाली लंपी स्किन बीमारी के बारे मे पशुपालकों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होने बताया की पशुओं मे लंपी स्किन बीमारी वायरस के कारण पनपने वाला रोग है जो अन्य पशुओं को भी संक्रमित कर सकता है। पशुओं मे यह मुख्यतः गाय को संक्रमित करते हुए देखा जा रहा है। डॉ सिंह बताते हैं कि संक्रमित जानवरो से मक्खी, मच्छर, एवं अन्य कीट दूसरे जानवरो को भी यह बीमारी फैला सकते हैं। इसके अतिरिक्त, संक्रमित जानवरों के सीधे संपर्क मे आने से स्वस्थ जानवरो भी इस बीमारी कि चपेट मे आ सकता है। बताया जा रहा है कि इस बीमारी का फैलाव भारत के 15 राज्यों मे हो चुका है। इस बीमारी मे पशुओं को बचाने हेतु लक्षण आधारित इलाज ही एकमात्र उपाय है। इस बीमारी मे शरीर पर गाँठों का बनना, बुखार आना, वजन मे गिरावट, नेत्रों से पानी गिरना, दूध कम देना और भूख का कम लगना जैसे मुख्य लक्षणों को देखा जा सकता है। आपको बता दें कि संक्रमित पशु को कम से कम चार हफ्तों के लिए अन्य पशुओं से अलग कर देना चाहिए और लक्षणों के आधार पर चिकित्सकीय सहायता से इलाज करवाना चाहिए। साथ ही साथ संक्रमित पशु के चारे- पानी के बर्तनो को अलग रखना चाहिए। संक्रमित पशु के बाड़े के चारो ओर जीवाणु नाशक केमिकल जैसे चूना, फेनोयल, 0.1 प्रतिशत लाल दवाई इत्यादि का छिड़काव करना चाहिए। मक्खी, मच्छर, एवं अन्य कीटों से बचाव हेतु संक्रमित जानवर को मच्छरदानी मे रखा जा सकता है जिससे और जानवरों मे यह बीमारी फैलने का ख़तरा न रहे। गौरतलब है कि लंपी स्किन बीमारी के फैलाव को रोकने के लिए सरकार ने लंपी-प्रोवैक आई एन डी नाम से नई वैक्सीन लॉच कि है। यह वैक्सीन पशुपालन विभाग द्वारा मुफ्त मे लगाई जा रही है।

# शोकसंवेदना में पहुचीं केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




जिले के मलाई गांव निवासी अपना दल के राष्ट्रीय महासचिव माता बदल तिवारी के आवास पर सोमवार को केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने पहुँचकर उनकी दिवंगत भाभी बरमदेई के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। वह करीब 15 मिनट वहां रही इसके बाद मिर्जापुर के लिए निकल गयी।इस बीच वह पत्रकारों से बचती रही।उन्होंने कुछ भी बोलने से परहेज किया। उनकी भाभी का विमारी के बाद 14 सितम्बर को निधन हो गया। निधन की सूचना पर सोमवार को 11 वें दिन अनुप्रिया पटेल पहुँचकर शोक संवेदना व्यक्त किया और श्रद्धांजलि दी। पत्रकारों द्वारा महिला आरक्षण के सवाल पर कुछ न बोलने की बात कहीं और बिना कुछ बोले चली गई। उनके साथ सांसद बीपी सरोज, विधायक आरके पटेल, पूर्व विधायक दिनेश चौधरी, लीना तिवारी, चेयरमन विनोद जायसवाल, जिलाध्यक्ष रामविलास पाल, राकेश शुक्ला, गंगा सिंह, राजकुमार सिंह, दिनेश पांडेय,सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। सुरक्षा का पोख्ता इन्तजाम किया गया मड़ियाहूं क्षेत्राधिकार चोब सिंह बरसठी प्रभारी निरीक्षक गोविंद रामपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार राय देव मिश्रा नेवड़िहा प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार मिश्रा सहित भारी संख्या में पुलिस फोर्स उपस्थिति रही

## केडीए: जोन एक के पटकापुर, नौघड़ा, काहूकोठी, बिरहाना रोड क्षेत्र में मानक विहीन

# अवैध निर्माणों की भरमार

✻ जेई और सर्वेयर की कृपा से पड़ रहे अवैध अतिरिक्त तल

जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर





**कानपुर नगर।** कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन एक स्थित पटकापुर,नौघड़ा, काहूकोठी, बिरहाना रोड क्षेत्र में मानक विहिन अवैध निर्माण की बाढ़ सी आ गई है। इस क्षेत्र में अवर अभियंता और सर्वेयर से साथ गांठ करके निर्माणकर्ताओं ने अतिरिक्त तल भी डाल रखे हैं। सबसे खास बात यह है कि प्राधिकरण के उच्च अधिकारियों द्वारा जहां कुछ क्षेत्रों में अवर अभियंता और सर्वेयरों को महज कुछ चक ही क्षेत्र देखने के लिए बांटी गई हैं तो वहीं दूसरी और इन क्षेत्रों में सिर्फ एक अवर अभियंता सर्वेयर को 45 चक देखने का जिम्मा मिला है। आपको बताते चलें कि वर्तमान में जिलाधिकारी कानपुर नगर का पद देखने के साथ-साथ अतिरिक्त कार्यभार के रूप में के.डी.ए.उपाध्यक्ष का पद ग्रहण कर कार्यभार देखने वाले विशाख जी के सख्त आदेशों के बाबजूद प्राधिकरण के जोन एक स्थित पटकापुर,नौघड़ा, काहूकोठी, बिरहाना रोड क्षेत्र देखने वाले अवर अभियंता और सर्वेयर ने मानक विहीन अवैध निर्माण करने वालों को खुली छूट दे रखी है। कई तो ऐसे निर्माण हैं जिनमें अतिरिक्त तल भी पड़ चुका है। साथ ही साथ खुल के मानक विहिन इमारतें तानी जा रही हैं।

## फार्मेसी के छात्रों एवं शिक्षकों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया आयोजन




जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**नवाबगंज।** विश्व फार्मेसी दिवस के अवसर पर क्षेत्र में स्थित सरस्वती कालेज ऑफ फार्मेसी के छात्रों एवं शिक्षकों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, छात्रों ने पोस्टर प्रजेटेंशन, रंगोली डिजाइनिंग, डांसिंग, सिंगिंग आदि कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। इस वर्ष के फार्मेसी दिवस का विषयवस्तु फार्मेसी से स्वास्थ्य तंत्र को मजबूती देने से संबधित रहा है जिस पर संस्थान के निदेशक डा0 सौरभ कंवर ने विस्तृत व्याखान दिया। उन्होनें बताया कि फार्मासिस्ट का चिकित्सा क्षेत्र में योगदान अतुलनीय है फार्मासिस्ट चिकित्सा सुविधाओं के अभिन्न अंग है एवं विशेषकर ग्रामीणांचल में अनुभवी फार्मासिस्ट लोगों के प्राथमिक उपचार में महती भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में गुलाब सिंह, विनोद सिंह, प्रभाकर सिंह, रजनीश सिंह, अखिलेश मौर्या, डा0 राजू गौतम, गौतम यादव, दीपाली तिवारी, कमलेश कुमार, सत्यप्रकाश, अंजलि वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### विवाहिता ने पति समेत ससुरालीजनों पर दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** दहेज में चार पहिया की मांग पूरी न होने पर ससुराली जनों की प्रताड़ना से परेशान विवाहिता ने पुरवा कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के त्रिपुरारपुर गांव निवासिनी लक्ष्मी देवी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि उसकी शादी क्षेत्र के ही गांव महरामऊ निवासी जितेंद्र कुमार से जून 2022 में हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन दहेज में चार पहिया वाहन की मांग कर उसे प्रताड़ित कर रहे थे। बीती 24 सितंबर को उसका पति जितेंद्र, ससुर भीम प्रसाद, सास छेदाना, ननद शिवदेवी, देवर भावेश व उमेश दहेज की मांग पूरी न होने पर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उस मारपीट कर घर से भगा दिया। जिसके बाद वह मायके आ गई। कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्जकर जांच की जा रही है।

### करंट की चपेट में आकर छात्रा की मौत

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** माखी थाना क्षेत्र के जालिमखेड़ा गांव में मवेशियों को चारा डालने जा रही छात्रा के हाथ में रहा लोहे का तसला बिजली के कटे तार में छूने से वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। माखी थाना क्षेत्र के मजरा जालिमखेड़ा निवासी पायल (21) पुत्री दिनेश कुमार बीए की छात्रा थी। रविवार शाम वह चारा मशीन में चारा काटकर मवेशियों को डालने जा रही थी। इस दौरान उसके हाथ में रहा लोहे के तसला चारा मशीन के पास लगे बिजली के मीटर के पास कटे तार में छू गया। जिससे वह करंट की चपेट में आकर झुलस गई। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। बेटी की मौत से मां संजू के साथ दो बहनें प्रीती और अनुराधा और भाई सांवल बेहाल हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। थानाध्यक्ष वीर बहादुर ने बताया कि करंट की चपेट में आने से युवती की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

### जिला बदर अपराधी को किया गिरफ्तार भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कनिकामऊ निवासी एक युवक पर जिला बदर की कार्यवाही हुई थी। इसके बावजूद वह घर पर रह रहा था। मुखबिर की सूचना पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। जिसके बाद उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही की गई। कनिकामऊ निवासी रामस्वरूप का पुत्र मनोज उर्फ बउवा पर कई आपराधिक केस दर्ज हैं। जिसे देखते हुये डीएम के निर्देश पर पर उसे छह माह के लिये जिला बदर किया गया था। इसके बावजूद वह चोरी छिपे अपने घर पर रह रहा था। कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे घर से गिरफ्तार किया और उसे पकड़ कर कोतवाली लाई। जहां उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही कर कोर्ट भेजा जायेगा।

### गणेश महोत्सव में जनता ने धनुष भंग का उठाया आनंद

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** श्रीगणेश नवयुवक सेवा समिति के तत्वावधान में हो रहे 27वें गणेश महोत्सव का आयोजन किया गया। जहां राम, लक्ष्मण और परशुराम की भूमिका सराहनीय रही। पूरी रात लोगों ने धनुष भंग का आनंद उठाया। इसी तरह श्री सिद्धि विनायक गणपति मंडल साकेतपुरी में विराजे गंगाघाट के राजा की सुबह के समय महाआरती की गई। इसके साथ ही प्रसाद बांटा गया। वहीं शाम को बच्चों की डांस प्रतियोगिता कराई गई। पूरे नगर में जगह-जगह गणेश महोत्सव की धूम मची रही। जिसमें भक्त खूब झूमे। वहीं फतेहखेड़ा झील में लोगों का आना जारी रहा। जहां लोग गणपति बप्पा मोरया की जयकारे करते हुए मूर्ति विसर्जन कर वापस चले गये। इसके साथ ही नगर, उन्नाव व कानपुर के लोग फत्ते खेड़ा झील में मूर्तियां विसर्जन करने के लिए सुबह से देर शाम तक आते रहे। गणपति बप्पा मोरया के जायकारें लगाते हुए युवक और युवतियां भक्ति गीतों में थिरकते हुए बप्पा को विदाई दी। इसके अलावा चंपापुरवा में शिव पार्क, बाबा मंदिर, गणेश मंदिर, बिंदा नगर, राम नगर, श्री नगर, गांधी नगर, आजाद नगर, सरैयां समेत नगर में विभिन्न स्थानों सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### चार जुआरी हार जीत की बाजी लगाते गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** एसपी द्वारा चलाये जा रहे अभियान को लेकर सोमवार को पश्चिमी चौकी इंचार्ज गया प्रसाद रमन, का0 संजय दयाल, युगेश प्रजापति, राहुल कुमार संदिग्धों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे, तभी मुखबिर की सूचना पर गांधी चौक के बगल आसू अवस्थी की रिक्शा कम्पनी के पास छापेमारी की। जहां पुलिस को देख जुआ खेल रहे युवक भागने लगे। जिस पर पुलिस ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया और उनके पास से ताश के पत्ते, 2 हजार 5 सौ 40 रूपये मालफड़ व 9 सौ 40 रूपये जामा तलाशी में बरामद किये। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम मिश्रा कॉलोनी निवासी रिहान, राम, पीयूष व धीरू बताया। पुलिस ने चारों पर कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है।

### भीषण जाम देख मौजूद पुलिस कर्मियों ने खुलवाया जाम

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** सोमवार सुबह करीब पौने दस बजे नवीन पुल पर संकरे मार्ग के कारण जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में फोरलेन तक वाहनों की कतारें लग गई। इसी बीच कानपुर की ओर से एक के बाद एक ई बसें आ गई। जिससे जाम और पेंचीदा हो गया। भीषण जाम देख मौजूद पुलिस कर्मियों ने काफी मशक्कत की और आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद जाम हट सका। इस दौरान करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। वहीं बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग के पास गुरूवार को आरओबी का कार्य होने के कारण दिन में कई बार रूक रूक कर जाम लगा। जिससे वाहन सवारों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। वहीं शाम के समय भी नवीन पुल और बैराज मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। इसके अलावा शाम को नवीनपुल पर भी जाम लगा जिसका कारण कानपुर की तरफ से गोला घाट पर प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए लगातार जुलूस निकलना रहा। कैंट पुल के पास जाम लगने से नवीनपुल से गुजरने वाला यातायात बाधित हुआ वहीं सरैयां क्रासिंग पर पूरे दिन रूक रूक कर जाम लगता रहा।

## एक्सप्रेस वे पर हुए अलग अलग दो हादसों में तीन घायल

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

एक्सप्रेस वे पर हुए दो सड़क हादसों में चालक व क्लीनर समेत तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने घायलों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां एक को केजीएमयू लखनऊ तो दूसरे को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

**पहली घटना:** राजस्थान के जनपद अलवर के थाना गाजी के मेजोड़ गांव निवासी हीरालाल मीना राजस्थान से ट्रेलर में नमक लादकर हैदरगढ़ जा रहा था। बीती देर रात औरास थाना क्षेत्र दिपवल गांव के पास एक्सप्रेस वे पर आगे जा रहे वाहन से जा भिड़ा। हादसे के बाद चालक केबिन में फंस गया। सूचना पर पहुंची यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने हाइड्रा व क्रेन की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद केबिन में फंसे चालक को निकाल कर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां से उसे केजीएमयू रेफर कर दिया गया।

**दूसरी घटना:** बेहटा मुजावर क्षेत्र के कन्हईखेड़ा गांव के पास सोमवार भोर पहर ओवरटेक करने के दौरान ट्रक दूसरे वाहन से टकरा गया। हादसे में सुल्तानपुर जिला के थाना गोसाईंगंज के कोहरिया गांव निवासी ट्रक चालक रामसिंगार प्रजापति के पैर क्षतिग्रस्त हो गए। साथ रहे क्लीनर दिलीप कुमार को मामूली चोटे आयी। वह आलू लादने के लिए कन्नौज जा रहे थें। यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने घायल चालक को बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती कराया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## सिक्योरिटी गार्ड से बंदूक लूटने वाले दो शातिर गिरफ्तार

✻ दो माह पूर्व ड्यूटी जा रहे गार्ड से बंदूक लूट कर फरार हुए थे बदमाश

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



अचलगंज थाना क्षेत्र में तकरीबन दो माह पूर्व सिक्योरिटी गार्ड से बंदूक लूटने वाले दो शातिरों को स्वाट, सर्विलांस व थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने आखिरकार धर दबोचा। पुलिस ने उनके पास से लूटी हुई एक नाली लाइसेन्सी बन्दूक 12 बोर, लूट की घटना में प्रयुक्त बाइक और दो मोबाइल भी बरामद किए हैं। पुलिस लाइन सभागार में अनावरण करते हुए एएसपी शशि शेखर सिंह ने बताया कि 28 जुलाई की शाम जगरूप यादव पुत्र स्व. देवीशंकर निवासी ग्राम नयाखेडा पोस्ट शेषपुर नरी, कोतवाली सदर रोज की तरह कैलको कम्पनी में सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी करने साइकिल से जा रहा था। उसके पास उसकी लाइसेन्सी बन्दूक थी। जब वह अचलगंज थाना क्षेत्र के बंथर इन्डस्ट्रील एरिया में अल्लादास फैक्ट्री के निकट पहुंचा तो बाइक सवार दो बदमाशों ने उसके कंधे पर टंगी बंदूक छीन ली और फरार हो गये। अचलगंज पुलिस उसकी तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लुटेरों की तलाश में लगी थी। काफी दिनों तक कोई खुलासा न होने पर एसपी ने स्वाट व सर्विलांस टीमों को भी लगाया था। रविवार को एसओ प्रशान्त द्विवेदी व स्वाट प्रभारी देवी प्रसाद तिवारी और उनकी टीम ने यूपीएसआईडीसी बन्थर मार्ग नंबर 2 पर पावर हाऊस के पास बाइक सवार संदिग्धों मनीष पुत्र स्व. जागेश्वर निवासी खंजीखेड़ा कोतवाली सदर व विनय कुमार पुत्र श्री प्रकाश निवासी ग्राम लोचनखेडा कोतवाली सदर को रोका तो वे भागने लगे। पुलिस टीम ने तेजी दिखाते हुए उन्हें दबोच लिया। तलाशी में मनीष के पास 430 रुपए, एक मोबाइल और विनय कुमार के पास से 508 रुपए व एक मोबाइल बरामद हुआ। भागने का कारण पूछने पर उन्होंने सच्चाई उगल दी और बताया कि उन्होंने 28 जुलाई की शाम बाइक से साइकिल सवार एक युवक से 12 बोर एक नाली बन्दूक लूटी थी। जिसे मनीष कुमार के घर में कमरे में रखे भूसे के अन्दर छिपा दिया है। लुटेरों की निशादेही पर ग्राम खंजीखेडा भूसे के अन्दर से एक लूटी गई बन्दूक कर ली है। दोनों पर चोरी की संपत्ति रखने की धारा बढ़ते हुए न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े महिला से नगदी व जेवर लूटे

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

✻ साहस दिखाते हुए महिला एक बदमाश को दबोचा

✻ ग्रामीणों के दौड़ने पर दो लूटे भाग निकले

✻ ग्रामीणों ने लुटेरे को पुलिस को सौंपा, चल रही पूछताछ

✻ अचलगंज के पुरवा रोड पर सुब्बाखेड़ा गांव के पास हुई घटना



दो माह पूर्व हुई लूट का खुलासा पुलिस कर ही रही थी कि बेखौफ लुटेरों एक और वारदात को अंजाम दे डाला। अचलगंज थाना क्षेत्र के पुरवा रोड पर पैदल जा रही महिला से बाइक सवार तीन लुटेरों ने दिनदहाड़े जेवर व नगदी लूट लिए। महिला ने दिलेरी दिखाते हुए एक को पकड़ लिया ग्रामीणों के दौड़ने पर दो शातिर बाइक लेकर भाग निकलने में सफल रहें। ग्रमीणों ने पकड़े गए लुटेरे को पुलिस के हवाले कर दिया है। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के फत्तेपुर की रहने वाली सरोजनी पत्नी विजय प्रताप अपने मायके सुब्बाखेड़ा अपने बीमार भतीजे को देखने के लिए जा रही थी। अभी वह अचलगंज से पैदल सुब्बाखेड़ा को ओर बढ़ी थी कि गांव से थोड़ी दूर पहले पुरवा रोड पर पीछे से एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने उसे रोक लिया और और मंगलसूत्र, पायल, एक हजार रुपये और बैग जिसमे साड़ी आदि थे छीन लिया। लुटेरे महिला के कानों से झुमकी नोचने का प्रयास करने लगे। इतने में महिला ने एक लुटेरे के गले मे पड़े गमछे से उसे मजबूती से पकड़ लिया। महिला के चीखने की आवाज सुनकर आस पास के ग्रामीण दौड़ पड़े जिन्हें देख दो लुटेरे बाइक समेत भाग खड़े हुए। ग्रामीणों ने पकड़े गए लुटेरे को पुलिस को सौंप दिया। थाने में मौजूद एसआई ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि पकड़े गए युवक से पूछतांछ की जार ही है। जल्द ही उसके साथियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

## कच्ची दीवार ढही, मलबे में दबकर वृद्धा की मौत

✻ औरास के टिकरा सामद गांव में सोमवार सुबह हुई घटना

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

औरास थाना क्षेत्र के टिकरासामद गांव में सोमवार सुबह कच्ची दीवार अचानक भरभराकर वृद्धा पर गिर गई। ग्रामीणों ने आनन फानन मलबा हटाकर उन्हें बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। औरास के टिकरासामद गांव निवासी कमला चौरसिया (70) गांव में बने घर में अकेले रहती थी। पति मोती चौरसिया की कई साल पहले मौत हो गई थी। तीन बेटों में मैकू, सुनील और मुलकू लखनऊ में बने मकान में रहते हैं। सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे घर के अंदर आंगन में बर्तन साफ कर रही थी। तभी घर के अंदर की कच्ची दीवार भरभराकर उस पर गिर गई। इससे वृद्धा उसी मलबे में दब गई। दीवार गिरने की आवाज सुन पड़ोसी दौड़े और आनन फानन उसे बाहर निकाला। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों की सूचना पर मृतक के बेटे और पुलिस पहुंची जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसओ वीके मिश्रा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## गुलाल की होली में डूबी गणपति बप्पा की भक्ति, मोरया....की गूंज

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



गणेश उत्सव पर अब शहर पूरी तरह भक्ति में डूब चुका है जय गणेश जय गणेश जय गणेश देवा के स्वर चारों ओर गूंज रहे हैं भक्तों की टोलियां गणपति मोरया कहते हुए अबीर गुलाल में रंगी दिख रही हैं। ठाकुर दलीप सिंह जी की प्रेरणा से सेवा बस्तियों में निशुल्क शिक्षा एवं सिलाई, ब्यूटीशियन (पर उपकारी सेवा समिति) दादा नगर पुल कानपुर के बच्चों द्वारा गणेश पूजन व आरती के बाद उपस्थित हजारों भक्तों ने भजनों का आनंद लिया।

### श्रीकृष्ण राधा की लीला का भी मंचन

भगवान कृष्ण की लीलाओं पर भी पर उपकारी सेवा समिति बच्चों द्वारा सराहनीय सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया बच्चों ने उपस्थित भारी जन समूह को बार बार ताली बजाने को मजबूर कर दिया भक्त लीलाओं का आनंद उठा रहे थे । इस मौके पर मुख्य अध्यापिका रजविंदर कौर मंच का संचालन कर रही थी उन्होंने उपस्थित सभी सहयोगियों व अपने स्टाफ का धन्यवाद दिया इस मौके पर बैंक ऑफ इंडिया के बैंक मैनेजर अनुराग साहू , पीएनबी के नितेश शुक्ला गौ सेवक दीपक आर्य ,प्रचारक योगेश ,गुंजन शर्मा, ओम प्रकाश पाण्डेय आदि ने उपस्थित हो बच्चों का हौसला बढ़ाया सभी कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को इनाम भी वितरित किए गए।

## पंडित दीनदयाल जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं उन्हें किया नमन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के दीनदयाल सभागार में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें दिल्ली विश्वविद्यालय से आये हिन्दी विभाग के आचार्य प्रो. अवनिजेश अवस्थी ने कहा कि पंडित दीनदयाल राजनीतिक शुचिता के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि अपने चरित्र का मार्जन किये बिना राजनैतिक दलों को दोष देना उचित नहीं है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक ने दीनदयाल जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं उन्हें नमन किया। उन्होने बताया कि दीनदयाल जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने दीन दयाल शोध केन्द्र के द्वारा छोटे- छोटे गाँवों से जुड़ कर संस्कार एवं संस्कृति से सम्बन्धित कार्यक्रम कराने का परामर्श दिया। कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन में प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने पं. दीन दयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद दर्शन के बारे में बताया। कार्यक्रम का प्रारम्भ वैदिक मङ्गलाचरण से किया गया जिसका पाठ कर्मकाण्ड एवं ज्योतिर्विज्ञान के छात्रों ने किया।इस अवसर पर जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग द्वारा उनके जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया। दीनदयाल शोध केंद्र के सहायक निदेशक डॉक्टर विशाल शर्मा द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम मे डॉ.दुर्गेश सिंह, डॉ.योगेंद्र पांडेय, डॉ.ओमशंकर गुप्ता, डॉ. दिवाकर अवस्थी, डॉ विकास यादव सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक एवं छात्र मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य केन्द्र में गर्भवती महिला के इलाज में लापरवाही से नवजात की मौत के आरोप

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव/नवाबगंज।** विकासखण्ड क्षेत्र के रायपुर खैलामऊ निवासी पीड़ित ने कस्बा स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में नर्सो द्वारा इलाज में लापरवाही बरतने की शिकायत जनसुनवाई पोर्टल समेत स्वास्थ्य मंत्रालय में की है। जिसमें रात के समय महिला चिकित्सक की अनुपस्थिति समेत नर्सों द्वारा बाहर से सैकड़ों रुपये की दवा मंगाने व पैसे न देने पर इलाज में लापरवाही की बात कही गई है। आरोप है कि इलाज में लापरवाही बरतने के कारण उसकी बच्ची की मौत हो गई। जानकारी अनुसार विकास खण्ड नवाबगंज के रायपुर खैलामऊ गांव निवासी पिंटू पुत्र रामसहाय शर्मा ने पत्नी रंगोली को प्रसव पीड़ा होने पर उसे 21 सितम्बर की देर रात स्वास्थ्य केन्द्र नवाबगंज में भर्ती कराया था। आरोप है कि भर्ती कराने के बाद उससे 15 सौ की दवाइयां बाहर से मंगाई गई और बेहतर इलाज के लिये रूपये की मांग की गयी। जब पत्नी की हालत बिगड़ने लगी तो पिन्टू ने महिला चिकित्सक से सम्पर्क करने का प्रयास किया तो पता चला कि वह नहीं आयी है। महिला चिकित्सक रात में अपनी जिम्मेदारी नर्सों को देकर चली जाती हैं। इस दौरान आरोप है कि नसों ने अभद्रता करते हुए उसे व उसकी पत्नी को स्वास्थ्य केन्द्र से जबरन निकाल दिया और पुलिस बुलाकर मुकदमा लिखाने की धमकी देकर एक कागज में हस्ताक्षर करा लिये। हालत बिगड़ने पर उसने पत्नी को मजबूरन प्राईवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्रसव के दौरान बच्चे की मौत हो गयी। पीड़ित पिन्टू ने जनसुनवाई पोर्टल व स्वास्थ्य मंत्रालय को शिकायत कर जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग की है।

# मोदी यानी हर गारंटी पूरी होने की गारंटी

## पीएम मोदी ने भोपाल में कहा, कांग्रेस का ठेका अब अर्बन नक्सलियों के पास है

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली/भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भोपाल में कहा, 'मोदी यानी हर गारंटी पूरी होने की गारंटी है। जब मोदी गारंटी देता है, तो वो जमीन पर उतरती है। घर-घर पहुंचती है।' कांग्रेस पर बड़ा हमला करते हुए पीएम ने कहा, 'कांग्रेस को अब कांग्रेस के नेता नहीं चला रहे। अब कांग्रेस एक कंपनी बन गई है। नारों से लेकर नीतियों तक हर चीज आउटसोर्स कर रही है। ये ठेका अब कुछ अर्बन नक्सलियों के पास है। कांग्रेस में अब अर्बन नक्सलियों की चल रही है।' पीएम ने जंबूरी मैदान में भाजपा के कार्यकर्ता महाकुंभ को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस ने अपनी सारी इच्छाशक्ति खो दी है। कांग्रेस के जमीन से जुड़े नेता चुपचाप मुंह पर ताला लगाकर बैठ गए हैं। कांग्रेस पहले बर्बाद हुई, बैंक करप्ट हुई, अब अपना ठेका दूसरे लोगों को दे दिया है। ये ग्राउंड पर कांग्रेस का हर कार्यकर्ता महसूस कर रहा है। कांग्रेस जमीन पर लगातार खोखली हो रही है।' पीएम ने आग्रह करते हुए कहा, '2 अक्टूबर को बापू की जयंती है। इससे पहले 1 अक्टूबर को स्वच्छता से जुड़ा कार्यक्रम पूरे देश में होने वाला है। मेरा आग्रह है कि आप सभी इस स्वच्छता के कार्यक्रम में जुड़िए। त्योहारों में हमें 'वोकल फॉर लोकल' याद रखना है। खादी के कपड़े खरीदने हैं। जो गिफ्ट खरीदें, वो लोकल हो, भारत में बना हो, यह बात हमें कभी भी भूलनी नहीं है।



### महिला आरक्षण विधेयक की बात की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में हाल ही में संसद से पारित हुए नारी शक्ति वंदन विधेयक की बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश की बहनों को याद दिलाने आया हूं...। मोदी ने आपको जो गारंटी दी थी वो पूरी हो गई है। कुछ समय पहले संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू कर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया है। मोदी है तो हर गारंटी पूरी होने की गारंटी है...। पीएम ने आगे यह भी कहा कि कांग्रेस और उसके इंडिया गठबंधन ने नारीशक्ति वंदन अधिनियम बिल का समर्थन खट्टे मन से किया है। ये वही लोग हैं जिन्होंने 30 सालों तक इस बिल को पारित नहीं होने दिया। अब जब मजबूरी में उंगली उठानी पड़ी तो कह रहे हैं, ये क्यों नहीं है, वो क्यों नहीं है? उन्हें इस बिल का समर्थन इसलिए करना पड़ा क्योंकि मेरी माताएं-बहनें जाग गई हैं।

### मध्य प्रदेश के मन में क्या है..

पीएम ने अपने सम्बोधन की शुरुआत में मध्यप्रदेश से भाजपा के वर्षों से चले आ रहे जुड़ाव पर बात की। उन्होंने कहा, मेरे परिवारजनों, मध्य प्रदेश को देश का दिल कहा जाता है। भाजपा के साथ देश के इस दिल का जुड़ाव कुछ विशेष ही रहा है। जनसंघ के जमाने से आजतक भाजपा को एमपी के लोगों ने हमेशा भरपूर आशीर्वाद दिया है।

### 'कांग्रेस जंग लगा हुआ लोहा है'

पीएम ने भाषण में कहा कि कांग्रेस के पास भविष्य की सोच ही नहीं बची है। कांग्रेस जंग लगा हुआ वह लोहा है जो बारिश में रखे-रखे खत्म हो जाता है। आप देखेंगे कि कांग्रेस विकसित भारत से जुड़े हर प्रोजेक्ट की आलोचना करती है। कांग्रेस ने डिजिटल इंडिया का विरोध किया, आज भारत के यूपीआई से पूरी दुनिया मंत्रमुग्ध है, लेकिन कांग्रेस को ये भी पसंद नहीं है।

### परिवारवाद पर हमला

प्रधानमंत्री अक्सर अपने भाषणों में कांग्रेस में परिवारवाद का आरोप लगते हैं। आज भी पीएम ने इसके जरिए देश की सबसे पुरानी पार्टी पर हमला बोला। उन्होंने कहा, भारत में गौरवपूर्ण काम पहले भी हो सकते थे, लेकिन कांग्रेस ने हमेशा एक परिवार के गौरव के लिए काम किया। कांग्रेस ने प्रजातंत्र को परिवारतंत्र बना दिया था। कांग्रेस की राजनीति अभाव और गरीबी में फलती-फूलती है। कांग्रेस ने जानबूझ कर देश को गरीब रखा। रोटी, कपड़ा और मकान में ही उलझाए रखा।

### कांग्रेस की गारंटी पर तंज

कांग्रेस के चुनावी गारंटी वाले अभियान पर पीएम ने जमकर प्रहार किया। अपने भाषण में पीएम ने कहा कि जब मोदी गारंटी देता है, जब भाजपा गारंटी देती है, तो वो गारंटी जमीन पर उतरती है, घर-घर पहुंचती है। मोदी यानी हर गारंटी पूरी होने की गारंटी...। पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने 50 साल पहले गरीबी हटाओ का नारा दिया था, क्या कांग्रेस ने अपना वादा पूरा किया?

### किसान का खेत फोटो सेशन का मैदान बन गया है

प्रधानमंत्री ने बिना नाम लिए कांग्रेस नेता राहुल पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज भी उसी पुराने ढर्रे और मानसिकता पर चल रही है। चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए इनके नेताओं के लिए गरीबों का जीवन मायने नहीं रखता, इनके लिए गरीब का जीवन एडवेंचर टूरिज्म है, गरीब की बस्ती पिकनिक मानने की लोकेशन है, किसान का खेत फोटो सेशन का मैदान बन गया है।

### कांग्रेस की पुरानी सरकारों के जरिए पार्टी पर हमला

अपने भाषण में पीएम ने कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों पर बात की। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार को लगभग 20 साल पूरे हो गए हैं, यानी जो युवा इस बार के चुनाव में पहली बार वोट डालेंगे, उन्होंने भाजपा की सरकार को ही देखा है। ये युवा सौभाग्यशाली हैं कि इन्होंने एमपी में कांग्रेस का वो बुरा शासन, वो बुराइयां नहीं देखी हैं। एमपी में कांग्रेस के शासन की पहचान थी कुनीति, कुशासन और करोड़ों का करप्शन। आजादी के बाद मध्य प्रदेश में लंबे समय तक कांग्रेस का ही शासन रहा लेकिन कांग्रेस ने साधन संपन्न मध्य प्रदेश को बीमारू बना दिया। पीएम ने कहा, यहां के युवाओं ने कांग्रेस के जमाने की खराब कानून व्यवस्था, खस्ताहाल सड़कें, अंधेरे में जीने को मजबूर गांव और गरीब नहीं देखा। अपने हर कार्यकाल में भाजपा ने मध्य प्रदेश को नई ऊंचाई पर ले जाने का कार्य किया है, यहां के युवाओं ने भाजपा का सुशासन ही देखा है। आने वाला चुनाव बहुत अहम है, हमें ध्यान रखना है कि विकास का जो रास्ता एमपी के लोगों ने बनाया है, वह विकास की गाड़ी सड़क से उतरे नहीं। हम अपने आसपास देख रहे हैं, जब इन्हें राजस्थान में मौका मिला तो कैसे ये बर्बादी लाए, महाराष्ट्र में गठबंधन में शामिल होकर लूट को ही अपना नंबर एक काम बना दिया।

### सनातन विरोधी बयानों का भी जिक्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में हाल ही में उदयनिधि स्टालिन समेत कई विपक्षी नेताओं द्वारा सनातन पर दिए गए विवादित बयानों का मुद्दा उठाया। प्रधानमंत्री ने कहा, घमंडिया गठबंधन सनातन को खत्म करना चाहता है। कांग्रेस के जमीन से जुड़े नेता मुंह पर ताला लगाकर बैठ गए हैं। कांग्रेस पहले बर्बाद हुई, बैंकरप्ट हुई और अपना ठेका दूसरों को दे दिया है। कांग्रेस को अब इसके नेता नहीं चला रहे। कांग्रेस अब कंपनी बन गई है। कांग्रेस का ठेका अर्बन नक्सलियों के पास है। कांग्रेस अब अर्बन नक्सलियों से चल रही है। इसलिए कांग्रेस जमीन पर भी खोखली हो रही है।

### इंडिया गठबंधन पर प्रहार

अपने भाषण के दौरान पीएम ने कई बार कांग्रेस के साथ पूरे इंडिया गठजोड़ को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा, मौका मिलते ही घमंडिया गठबंधन के लोग माताएं-बहनों को धोखा देने का तय करने बैठे हैं। घमंडिया साथी वही हैं जिन्होंने महिला आरक्षण बिल के पास न होने देने के लिए हर मर्यादा खो दी। ये नया खेल खेलेंगे। ये नारी शक्ति को बांटने की कोशिश करेंगे। नारी शक्ति एक न हो इसलिए अफवाहें फैलाएंगे। हर माता, बहन-बेटी को सतर्क और एकजुट रहना होगा। ये वही लोग हैं, जिन्होंने देश की पहली आदिवासी राष्ट्रपति मुर्मू को राष्ट्रपति बनने से रोकने का प्रयास किया।

### 'कांग्रेस नए भव्य संसद भवन का भी विरोध कर रही है'

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में नए संसद भवन का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा, भाजपा आज आधुनिक सड़कें, चौड़े हाई-वे और एक्सप्रेस-वे बना रही है, लेकिन कांग्रेस इसकी आलोचना करती है। भाजपा आज वंदे भारत जैसी आधुनिक ट्रेन, स्टेशनों का कायाकल्प कर रही है, भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन की प्रशंसा हर कोई कर रहा है, लेकिन कांग्रेस को ये भी नहीं पच रहा है। भाजपा ने नया भव्य संसद भवन बनाया, जिसकी पूरे देश में प्रशंसा हो रही है लेकिन कांग्रेस इसका भी विरोध कर रही है। भारत कुछ भी नया करे, कोई भी उपलब्धि हासिल करे, कांग्रेस को कुछ भी पसंद नहीं आता।

# राहुल गांधी ने लॉन्च की 'आवास न्याय योजना'

## जाति जनगणना को बताया हिंदुस्तान का एक्सरे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी तीसरी बार छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। राहुल गांधी बिलासपुर के परसदा में आवास न्याय सम्मेलन में शामिल हुए। दरअसल प्रदेश में कुछ ही दिनों में विधानसभा के चुनाव होने वाले है जिसकों लेकर दोनों प्रमुख दल भाजपा और कांग्रेस ने मतदाताओं को लुभाने के लिए कमर कस ली है। राहुल गांधी के दौरे को भी इसी कड़ी से जोड़कर देखा जा रहा है।

### केंद्र सरकार नहीं पेश कर रही कास्ट डेटा: राहुल

सांसद राहुल गांधी ने कहा कि एक नया मुद्दा उठ गया है नरेंद्र मोदी जहां भी जाते हैं ओबीसी वर्ग की बात करते हैं। कांग्रेस पार्टी के पास हर जाति के लोगों का डाटा है। केंद्र सरकार के पास भी है, लेकिन नरेंद्र मोदी वह डाटा देश को नहीं दिखाना चाहते। मैं सेंसेक्स पर भाषण दिया जैसे कास्ट सेंस की बात करता था। कैमरा दूसरी तरफ मोड़ दिया जाता था। मैंने एक आंकड़ा निकाला। हिंदुस्तान की सरकार को एमपी नहीं चलाते हैं, हिंदुस्तान की सरकार को सेक्रेटरी और कैबिनेट सेक्रेटरी चलते हैं। कोई भी योजना बनती है जो 90 सेक्रेटरी है हिंदुस्तान के सरकार के, हर मिनिस्ट्री में वह योजना को डिजाइन करते हैं कि कितना पैसा कहां पर जाएगा वह डिसाइड करते हैं। चुनाव के समय हमने आपसे छत्तीसगढ़ की नींव को मजबूत करने वाले वायदे किए थे। किसानो का कर्जा माफ, बिजली बिल हाफ और 2500 रुपए प्रति क्विंटल धान की खरीदी का वायदा हमने किया था, हमने यह वायदा पूरा किया। भूमिहीन मजदूरों को 7000 हजार रुपए प्रतिमाह हमने देना शुरू किया। स्वास्थ्य के लिए 70 लाख परिवारों को हमने पांच लाख रुपए तक इलाज की सुविधा दी। 42 हजार भर्तियां की। युवाओं को प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता 2500 रुपए दे रहे हैं।



### देश में दो रिमोट कंट्रोल की राजनीति

राहुल गांधी ने बीजेपी और पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि दूसरी तरफ भी रिमोट कंट्रोल है। बीजेपी रिमोट कंट्रोल को चोरी-छिपे दबाती है। हमने कैमरा के सामने में रिमोट कंट्रोल दबाया। पीएम नरेंद्र मोदी चोरी चुपके कंट्रोल दबाते हैं, जैसे रिमोट दबता है एक तरफ अदानी को मुंबई का एयरपोर्ट मिल जाता है। जब दोबारा दबाते हैं अदाणी को रेलवे का कांट्रैक्ट मिल जाता है। फिर दबाते हैं इंफ्रास्ट्रक्चर मिल जाता है, तो देश में दो रिमोट कंट्रोल चल रहा है। यह एक मेरा जो सबके सामने चलता है, हम इसे दबाते हैं तो किसानों के खाते में पैसा चला जाता है। 2500 क्विंटल धान में मिलता है। अंग्रेजी स्कूल खुलते हैं, लेकिन बीजेपी दबाती है तब पब्लिक सेक्टर प्राइवेट हो जाता है। आपका जल, जंगल, जमीन उनके छुपे बटन से अडानी के हवाले हो जाता है।

### आने वाले सालों में भी आपके खातों पैसे आएंगे: राहुल

राहुल गांधी ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज जैसे ही मैं यहां आया मेरे हाथ में रिमोट कंट्रोल दिया गया, कहा गया आप बटन दबाइए और मेरे बटन दबाते ही एक दो सेकंड में हजारों करोड़ रुपए गरीब और जरूरतमंद हितग्राहियों के बैंक खातों में आ गए। छत्तीसगढ़ की सरकार आज गरीबों के आवास बनवाने के लिए पैसे दे रही है। आज 12 सौ करोड़ रुपए रिमोट कंट्रोल से आपके खाते में आए हैं, आने वाले सालों में भी आपके खाते में इसी तरह पैसे आएंगे।

### सीएम बघेल ने कार्यक्रम को किया संबोधित

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने सम्बोधन में कहा आवास न्याय योजना सम्मेलन में आए हितग्राही साथियों को बहुत-बहुत बधाई। आवास योजना किस सरकार ने कब शुरू की 1985 में जब राजीव प्रधानमंत्री थे तब शुरू हुई, इस योजना का नाम उस समय इंदिरा आवास योजना था। आज यह प्रधानमंत्री आवास योजना है। सीएम ने कहा कि जनगणना नहीं हुई है, आर्थिक सर्वेक्षण नहीं हुआ। आज जिन्हें योजना का लाभ मिल रहा है वह 2011 के जनगणना के आधार पर मिल रहा है। आज राहुल जी ने एक बटन दबाया और 7 लाख लोगों के खाते में पैसे पहुंच गए हैं।

### 'सरकार गरीबों और वंचितों को लेकर गंभीर'

सांसद दीपक बैज ने कहा कि आज सांसद राहुल गांधी के हाथों प्रदेश के हितग्राहियों को आवास की राशि ट्रांसफर हुआ। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए कार्य किया है। आज यह सिद्ध हो गया कि सरकार गरीबों और वंचितों के आवास को लेकर कितनी गंभीर है। छत्तीसगढ़ सरकार ने हर गरीब के खाते में पैसे डालने का काम किया है। बस्तर से सरगुजा तक हर वर्ग के लोगों के लिए काम हो रहा है।

राजनीति: संजय राउत का एआईएमआईएम प्रमुख पर पलटवार

# राहुल नहीं, पीएम को चैलेंज करें ओवैसी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) सांसद संजय राउत ने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि ओवैसी साहब को राहुल गांधी को नहीं मोदी जी को चैलेंज करना चाहिए कि वे हैदराबाद में आकर चुनाव लड़ें। अब राहुल गांधी का कद इतना बढ़ गया है कि वे देश में कहीं भी चुनाव लड़ेंगे तो जीत जाएंगे। चुनाव जीतने के लिए भाजपा का जो रवैया है वह सही नहीं है, संविधान, कानून, नियम की धज्जियां उड़ा कर ये संसद चलाते हैं।

### ओवैसी ने दी थी चुनौती

इससे पहले असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को आगामी लोकसभा चुनाव में वायनाड से नहीं, बल्कि हैदराबाद से चुनाव लड़ने की चुनौती दी थी। एआईएमआईएम प्रमुख अपने संसदीय क्षेत्र हैदराबाद में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

### बाबरी मस्जिद का भी किया जिक्र

इस मौके पर ओवैसी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के अयोध्या में बाबरी मस्जिद को देश की सबसे पुरानी पार्टी के शासन में ध्वस्त किया गया था। उन्होंने कहा, मैं आपके नेता (राहुल गांधी) को चुनौती दे रहा हूं कि वह वायनाड से नहीं, बल्कि हैदराबाद से चुनाव लड़ें। आप बड़े-बड़े बयान देते रहते हैं, मैदान में आते हैं और मेरे खिलाफ लड़ते हैं। कांग्रेस के लोग बहुत कुछ कहेंगे, लेकिन मैं तैयार हूं।

### सियासी लड़ाई किसलिए?

उन्होंने आगे कहा कि बाबरी मस्जिद और सचिवालय की मस्जिद को कांग्रेस के शासन में ध्वस्त कर दिया गया था। गौरतलब है कि तेलंगाना में कांग्रेस और एआईएमआईएम के बीच टकराव चल रहा है, क्योंकि दोनों पार्टियां इस साल के अंत में होने वाले राज्य के आगामी विधानसभा चुनावों में शीर्ष पर पहुंचने के लिए जोर आजमाइश कर रही हैं।

# एनडीए में जाने के सवाल पर नीतीश बोले, फालतू बात, मेरी दिलचस्पी नहीं

## सुशील मोदी ने कहा, नाक भी रगड़ लें तो एंट्री नहीं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार क्या फिर से एनडीए में जाएंगे? पटना में सोमवार को मीडिया के सवाल पर नीतीश ने कहा- ये सब फालतू बात है। इसमें मेरी कोई दिलचस्पी नहीं है। मेरा सिर्फ एक ही लक्ष्य है, विपक्ष को एकजुट करना। नीतीश कुमार सोमवार को पटना में जनसंघ (वर्तमान में भाजपा) के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती में शामिल होने पहुंचे। नीतीश कुमार ने इस कार्यक्रम के लिए हरियाणा में विपक्ष के महाजुटान से दूरी बना ली। नीतीश की एनडीए में वापसी के सवाल पर बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और भाजपा सांसद सुशील मोदी ने कहा- नीतीश कुमार एक राजनीतिक बोझ बन गए हैं और अब वे नाक भी रगड़ लेंगे तो उनकी एंट्री एनडीए में नहीं होने जा रही है। इंडियन नेशनल लोकदल ने कैथल में हरियाणा के पूर्व सीएम चौधरी देवीलाल की जयंती के कार्यक्रम में नीतीश समेत विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं को आमंत्रित किया था। इसमें नीतीश कुमार नहीं गए और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती में शामिल होने पहुंचे।



### नीतीश के जाने के बाद भाजपा के नेता आए

पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि देने के बाद नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम वहां से निकल गए। उनके जाने के बाद भाजपा नेता कार्यक्रम में पहुंचे हैं। प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, राजयसभा सांसद सुशील मोदी, पूर्व मंत्री नन्द किशोर यादव, और संगठन प्रभारी नागेंद्र श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

### 'पंडित जी को कोई भी श्रद्धांजलि अर्पित कर सकता है'

नीतीश कुमार ने स्वर्गीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। दीनदयाल उपाध्याय की जयंती कार्यक्रम में पहुंचने पर उन्होंने कहा कि इसमें कोई बड़ी बात नहीं है। कोई भी जाकर श्रद्धांजलि अर्पित कर सकता है। जो दीनदयाल जी के विचारों से सहमत है, और नहीं आते हैं तो वह समझे कि क्यों नहीं आते हैं। तेजस्वी यादव की ओर इशारा करते हुए कहा कि इन्हें कहीं बाहर जाना था इसलिए बैठक बुलाई गई है।

### अधीर रंजन ने ममता के विदेश दौरे पर तंज कसा, वे स्पेन जा सकती हैं, पर लोगों का दर्द नहीं समझ सकती हैं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने स्पेन के दौरे पर गईं राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि ममता स्पेन जा सकती हैं, लेकिन लोगों का दर्द नहीं समझ सकती हैं। राज्य में डेंगू फैल रहा है। हमने पहले ही ममता सरकार को आगाह किया था कि अगस्त-सितंबर में राज्य में डेंगू के मामले बढ़ते हैं, लेकिन उन्होंने कोई कदम नहीं उठाया। अधीर रंजन ने ये बातें मुर्शिदाबाद में मीडिया से कहीं। अधीर ने ममता पर स्पेन के लग्जरी होटल में ठहरने पर भी हमला बोला। उन्होंने बहा कि हमने सुना है मुख्यमंत्री सैलरी नहीं लेती हैं। वे अपनी किताबों और पेंटिंग्स की बिक्री से अपना खर्चा उठाती हैं। तब वो मैड्रिड में 3 लाख रुपए प्रतिदिन कीमत वाले होटल में कैसे रुकी हैं?

# जोशीमठ के बाद उत्तराखंड के एक और शहर पर खतरा

## धंस रहा नैनीताल, 10 हजार घर खतरे की जद में, 250 को खाली करा रहे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नैनीताल

खूबसूरत पहाड़ी शहर नैनीताल की जमीन धंसने लगी है। शनिवार को यहां आल्मा पहाड़ी दरकने से 4 घर जमींदोज हो गए। इस घटना के बाद नैनीताल प्रशासन हरकत में आया। रविवार को उसने आल्मा पहाड़ी पर बने 250 घरों को खाली करवाना शुरू कर दिया। नैनीताल विकास प्राधिकरण ने इन घरों पर लाल निशान भी लगा दिए हैं। इन घरों को तीन दिन में खाली करने का अल्टीमेटम दिया है। आल्मा सबसे संवेदनशील पहाड़ी है। यहां बसे 10 हजार परिवारों पर खतरा बढ़ रहा है। भूगर्भ वैज्ञानिक प्रो. सीसी पंत के मुताबीक, नैनीताल की भौगोलिक संरचना अन्य पहाड़ी शहरों से अलग हैं। इसके बीचों-बीच से गुजरने वाले नैनीताल फॉल्ट के साथ ही कुरिया फॉल्ट, पाइंस फाल्ट, एसडेल फाल्ट, सीपी हॉलो फाल्ट समेत अन्य छोट-छोटे फाल्ट्स शहर को बेहद संवेदनशील बनाते हैं। इन फॉल्ट में भौगोलिक हलचल बढ़ रही है, जिससे पहाड़ियां कमजोर हो रही हैं। भविष्य में यहां जोशीमठ से भी बड़ी आपदा का खतरा है। अंग्रेजी शासन के समय सन 1880 में इसी पहाड़ी में भारी भूस्खलन हुआ था, जिसमें 151 लोग मारे गए थे। इसमें 43 अंग्रेज अधिकारी व बाकी स्थानीय लोग शामिल थे। हादसे के बाद से अंग्रेजों ने पहाड़ी पर निर्माण बैन कर दिया था। आज इसी पहाड़ी पर करीब 10 हजार की आबादी बस चुकी है।



### 33 साल से इस पहाड़ी पर अवैध निर्माण

नैनीताल जिला विकास प्राधिकरण का कहना है कि पहाड़ी पर 1989 से 2022 तक बहुत ज्यादा अवैध निर्माण हुए। विभाग के अधिकारी पंकज उपाध्याय ने कहा कि अब हम सख्ती कर रहे हैं। जो लोग घर खाली नहीं करेंगे, वहां ताले डाल दिए जाएंगे।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा था, हिमालय पर ज्यादा लोड

अगस्त में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कहा है कि हिमालय क्षेत्र में जनसंख्या का दबाव बढ़ गया है। इसलिए इसकी क्षमता के अध्ययन के लिए विशेषज्ञ समिति बनाएं। पिछले महीने हिमाचल में बारिश से शिमला, कुल्लू में भारी भूस्खलन हुआ था। अध्ययन में कहा गया था कि 1875 में शिमला को सिर्फ 16 हजार लोगों के हिसाब से डिजाइन किया गया था। आज 1.70 लाख लोग रह रहे हैं।



# भाजपा अध्यक्ष नड्डा से मिले रमेश बिधूड़ी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने पार्टी हेड क्वॉर्टर में मिले। पार्टी ने उन्हें शो कॉज नोटिस जारी करके 15 में जवाब देने कहा था। जिसके बाद बिधूड़ी ने नड्डा से मिलने का समय मांगा था। सूत्रों के हवाले से न्यूज एजेंसी ने बताया कि संसद में किए गए अभद्र व्यवहार पर अपनी बात रखी। स्पेशल सेशन के दौरान लोकसभा में 21 सितंबर को बीएसपी सांसद दानिश अली पर बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी ने अभद्र टिप्पणी की थी। जिसके बाद से यह विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। विपक्ष भी बिधूड़ी पर कार्रवाई की मांग कर रहा है। इधर, बीएसपी सांसद दानिश अली का कहना है कि भाजपा उनकी लिंचिंग कराना चाहती है। ये लोगों को उकसाकर मेरी हत्या करवाना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के नेता झूठ फैला रहे हैं कि मैंने प्रधानमंत्री के बारे में अपशब्द कहे हैं। दरअसल, भाजपा की तरफ से दानिश अली पर आरोप लगाए जा रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)